YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

❑ वर्ष-14 ❑ अंक-232 ❑ बुधवार, 24 सितम्बर 2025 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के दिखाये हुए स्वच्छता के रास्ते पर आइये हम आगे बढ़ें और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर 25 सितंबर को सुबह आठ बजे हम सब मिलकर स्वच्छता के लिए श्रमदान दें।
नरेन्द्र मोदी



नवाचार के माध्यम से भारत बनेगा समृद्ध : प्रधान 11
विधानसभा चुनाव से पहले नीतीश ने युवाओं के लिए खोला खजाना 12

## संक्षेप

### आजम 23 महीने बाद जेल से रिहा

**सीतापुर।** समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री आजम खान की 23 महीने के बाद मंगलवार को जिला कारागार से रिहाई हो गयी। रामपुर न्यायालय में उनके जुर्माना राशि ढाई हजार एवं 3000 के दो कागज सीतापुर जेल ईमेल से आने थे जिनके आने के बाद उन्हे रिहा कर दिया गया। आजम को लाने के लिये उनके दो पुत्र अदीब एवं अब्दुल्लाह आजम सीतापुर आ गये थे। इस बीच जेल परिसर के अंदर सपा समर्थकों को धारा 163 बीएस पुरानी धारा 144 के अंतर्गत एडिशनल एसपी आलोक सिंह ने अनाउंसमेंट करके धीरे-धीरे जेल परिसर को खाली कर लिया गया था। लहरपुर से सपा विधायक अनिल वर्मा .पूर्व विधायक महमूदाबाद नरेंद्र सिंह वर्मा, जिला अध्यक्ष सपा छत्रपाल यादव आदि अपने समर्थकों के साथ वहां से जेल परिसर से हटकर दूर चले गये थे। जेल परिसर में महिला पुलिसकर्मी एवं पुलिस बल की तैनाती की गई थी।

### अपना दल (एस) ने नौ जिलों में नियुक्त किये जिलाध्यक्ष

**लखनऊ।** अपना दल ( सोनेलाल) अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल की स्वीकृति पर जिलों में संगठन को धार देने के लिए मंगलवार को प्रदेश के नौ जिलों में नए जिलाध्यक्ष नियुक्त किये गए हैं। इन नवनियुक्त जिलाध्यक्षों को प्रदेश में होने वाले पंचायत चुनाव से लेकर 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए संगठन को मजबूत करने के निर्देश दिए गए हैं अपना दल (सोनेलाल) के प्रदेश अध्यक्ष आरपी गौतम ने बताया कि जिन नौ नए जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की गई है, उनमें आजमगढ़ के लिए हरिहर प्रधान, मऊ के लिए सुजीत पटेल को जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह झांसी महानगर के लिए विजय बरार, लखनऊ महानगर के लिए एडवोकेट सच्चिदानन्द, अमेठी के लिए भोला प्रसाद वर्मा, गाजियाबाद के लिए ओम प्रकाश तोमर, हापुड़ के लिए आदेश त्यागी, उन्नाव के लिए एडवोकेट अमरेश वर्मा, कानपुर ग्रामीण के लिए बिपनेश उर्फ डब्बन कटियार की नियुक्ति की गई है।

### भारत बना दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम: शाह

**गांधीनगर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात के गांधीनगर में 'स्टार्टअप कॉन्क्लेव-2025' का मंगलवार को उद्घाटन करते हुए कहा कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम और डिजिटल इकोसिस्टम बन गया है। श्री शाह ने कहा, यह सम्मेलन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'माइंड टू मार्केट' के विचार को साकार करने का मंच साबित होगा। उनके मार्गदर्शन में, भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम और डिजिटल इकोसिस्टम बन गया है, जिसमें पिछले दशक में स्टार्टअप की संख्या में 380 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर दर्ज की गयी है।

# स्वदेशी से ही साकार होगी आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना : सीएम योगी

## दीपावली से पहले एक सप्ताह का लगे स्वदेशी मेला : मुख्यमंत्री

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



❑ जिन लोगों ने वाद के आधार पर बांटा, वे आज भी समाज को बांट और काट रहे हैं : योगी आदित्यनाथ

❑ 2047 में विकसित होगा भारत, स्वदेशी व आत्मनिर्भर संकल्प अभियान के माध्यम से बढ़ेगा इसका रास्ता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी ने भारत पर इस्लाम के पहले हमले का जिक्र कर कहा कि सन 1100 तक भारत में हिंदुओं की आबादी 60 करोड़ थी लेकिन आजादी के समय 1947 तक यह घटकर सिर्फ 30 करोड़ रह गई। 800-900 वर्ष में हमारी आबादी घटी और खेती के उत्पादन को भी कम कर दिया गया। सिर्फ आक्रांताओं ने ही नहीं मारा, बल्कि भूख, बीमारी, यातनाओं से भी मरे।

मुख्यमंत्री योगी ने मंगलवार को आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी संकल्प विषयक प्रदेश स्तरीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। विदेशी दासता की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि देश पर अत्याचार व शोषण किया गया। भारत में 300 वर्ष पहले आधी आबादी खेती और आधी से अधिक आबादी कारखाने, लघु व कुटीर उद्योगों पर निर्भर थी। यह भारत का उत्पादन दुनिया के बाजार में छा जाता था। दुनिया का व्यापारी यहां से लेकर जाता था। भारत के पास सब कुछ था, लेकिन जिन लोगों ने जाति, क्षेत्र, भाषा समेत अनेक वादों के आधार पर बांटा। वे आज भी उसी विदेशी मानसिकता से समाज को बांट और काट रहे हैं। ऐसे लोग स्वदेशी अभियान में भी अंगुली उठाएंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपदों में स्वदेशी मेले लगाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इसमें एमएसएमई विभाग सहयोग करेगा। दीपावली के पहले हर जनपद में 10 से 18 के बीच एक सप्ताह तक ओडीओपी व स्थानीय उत्पादों का मेला लगे। यह कार्यक्रम बहुत अच्छा हो सकता है। इससे स्थानीय उद्यमियों व व्यापारियों को बहुत लाभ होता है और लोग विदेशी उत्पाद खरीदने से भी बचते हैं।

उन्होंने कहा कि 2017 से पहले चीन का झालर बाजार में छा जाता था। अब लोग मिट्टी के दीप जला रहे हैं। 2017 में दीपोत्सव के आयोजन में 51 हजार दीप अयोध्या मंडल में नहीं मिल पाए थे। इसे पूरे प्रदेश से जुटाना पड़ा था। गत वर्ष जितने दीप प्रज्ज्वलित कराए गए थे, यह सभी अयोध्या में बने थे। इस बार भी दीपोत्सव में रिकॉर्डतोड़ दीप प्रज्ज्वलित होंगे और यह मिट्टी व गाय के गोबर से बनेंगे। स्थानीय लोगों को तैयार करना होगा। हर घर में दीप जले, दीप भी भारत का स्वदेशी मॉडल है।


योगी ने सीपी जोशी के वक्तव्य की चर्चा की और कहा कि दो हजार वर्ष पहले दुनिया की अर्थव्यवस्था में भारत का योगदान 40 फीसदी था। आज से 300 वर्ष पहले दुनिया की अर्थव्यवस्था में भारत का योगदान 25 फीसदी था। औद्योगिकीकरण से होने वाले उत्पादन में भारत का योगदान नंबर एक (अकेले 25 फीसदी) था। वृहत्तर भारत मतलब आज का भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश। 300 वर्ष तक भारत दुनिया की नंबर एक की आर्थिक ताकत और नंबर एक का उत्पादक राष्ट्र था और कृषि में भारत का कोई सानी नहीं था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भौगोलिक दृष्टि से भारत दुनिया में सातवें नंबर पर है। बृहत्तर भारत से पहले रूस, चीन, अमेरिका, कनाडा, ब्राजील, ऑस्ट्रेलिया है। भारत, पाकिस्तान व बांग्लादेश के पास कुल भूभाग साढ़े 42 करोड़ हेक्टेयर का भौगोलिक ● शेष पेज 11 पर

### स्वदेशी व आत्मनिर्भर का सबसे अच्छा मॉडल है यूपीआईटीएस

योगी ने कहा कि 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में यूपीआईटीएस का आयोजन होगा। 25 को इसके तीसरे चरण का शुभारंभ सुबह 9:30 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। यह स्वदेशी और आत्मनिर्भर का सबसे अच्छा मॉडल है। यूपी के अंदर बने उत्पाद को केवल शोकेस ही नहीं किया जाएगा, बल्कि उसे बड़ा मंच भी मिलेगा। 500 विदेशी समेत पूरे देश से व्यापारी भी खरीदारी करने आ रहे हैं। दिल्ली, नोएडा, ग्रेनो, यमुना अथॉरिटी समेत आसपास के सभी होटल फुल हो चुके हैं। पिछले साल चार दिन में 2200 करोड़ की बिक्री हुई थी। इस सफलतम आयोजन से यूपी के कारीगरों, उद्यमियों व हस्तशिल्पियों को प्लेटफॉर्म मिलता है। सभी से अनुरोध किया कि एक दिन आईटीएस का अवलोकन करें। यहां यूपी की ताकत का अहसास होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वदेशी आत्मनिर्भर भारत के अभियान का हिस्सा बनने वाला है। यह विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने और उसकी आधारशिला को सुदृढ़ करने का अभियान है।

# मेक इन इंडिया के साथ मेक फॉर वर्ल्ड पर कर रहे काम : राजनाथ



एजेंसी

❑ रक्षामंत्री ने मोरक्को में टाटा के अत्याधुनिक रक्षा विनिर्माण केन्द्र का उद्घाटन किया

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मोरक्को के रक्षा मंत्री अब्देलतीफ लौदी ने बुधवार को मोरक्को के बेरेचिड में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) के अत्याधुनिक रक्षा विनिर्माण केन्द्र का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। श्री सिंह ने इस अवसर को दोनों देशों के बीच बढ रही रणनीतिक साझेदारी में एक ऐतिहासिक क्षण बताया। बीस हजार वर्ग मीटर में फैले इस केन्द्र में स्वदेशी व्हील्ड आर्मर्ड प्लेटफॉर्म (डब्ल्यू एचएपी) का उत्पादन किया जायेगा जिसे टीएएसएल और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा संयुक्त रूप से डिज़ाइन किया गया है।

यह एक आधुनिक मॉड्यूलर लड़ाकू प्लेटफॉर्म है जो उन्नत गतिशीलता, सुरक्षा और अलग-अलग तरह के मिशन के अनुकूल है। इसकी विशेषताएं जैसे स्केलेबल बैलिस्टिक और माइन प्रोटेक्शन के साथ टिकाऊ मोनोकॉक पतवार, स्वतंत्र सस्पेंशन, सेंट्रल टायर इन्फ्लेशन सिस्टम और उच्च-शक्ति इंजन बेहतरीन ऑफ-रोड प्रदर्शन सुनिश्चित करते हैं। इसके विन्यास में पैदल सेना लड़ाकू वाहन, बख्तरबंद कार्मिक वाहक, टोही, कमांड पोस्ट, मोर्टार वाहक और यहां तक कि एम्बुलेंस के प्रकार भी शामिल हैं। मानवयुक्त और मानवरहित रिमोट हथियार स्टेशनों और एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल क्षमता के विकल्प इसकी बहुमुखी प्रतिभा को और बढ़ाते हैं। मोरक्को सरकार के साथ अनुबंध के तहत टीएएसएल रॉयल मोरक्कन आर्मी को ये वाहन देगा जिसकी शुरुआती डिलीवरी अगले महीने शुरू होने वाली है। यह केन्द्र निर्धारित समय से तीन महीने पहले चालू हो गया है और इसमें उत्पादन पहले ही शुरू हो चुका है। यह मोरक्को का सबसे बड़ा रक्षा विनिर्माण केन्द्र है जो अफ्रीका में किसी भारतीय निजी कंपनी द्वारा स्थापित पहला ऐसा संयंत्र है। श्री सिंह ने इस अवसर पर कहा कि भारत का आत्मनिर्भरता का दृष्टिकोण केवल अपनी ● शेष पेज 11 पर

# रक्षा औद्योगिक गलियारे में आया 33,896. करोड़ का निवेश

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

❑ कानपुर, झांसी और लखनऊ बने रक्षा निवेश के गढ़ 62 इकाइयों को जमीन आवंटित

लखनऊ। उत्तर प्रदेश रक्षा औधोगिक गलियारे में 33896 करोड़ रुपये का निवेश आया है। लखनऊ, कानपुर और झांसी रक्षा निवेश के गढ़ बने हैं। यह गलियारा उत्तर प्रदेश के छह नोड्स कानपुर, झांसी, लखनऊ, अलीगढ़, आगरा और चित्रकूट में फैला हुआ है। यह लगातार रक्षा क्षेत्र में निवेश आकर्षित कर रहा है और प्रदेश को न केवल राष्ट्रीय, बल्कि वैश्विक रक्षा विनिर्माण के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित कर रहा है। यूपीडा की नवीनतम प्रगति रिपोर्ट के अनुसार, यूपीडीआईसी के छह नोड्स में रक्षा क्षेत्र की नौ प्रमुख इकाइयों ने अपना संचालन और उत्पादन शुरू कर दिया है, जो रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम है।

यूपीडीआईसी के विभिन्न नोड्स में अब तक 33,896 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इनमें से लगभग 62 कंपनियों को भूमि आवंटित की जा चुकी है, जिनमें से अधिकांश में निर्माण कार्य शुरू हो गया है। इसके अतिरिक्त, लगभग 10 कंपनियों के लिए पट्टा (लीज डीड) की प्रक्रिया प्रगति पर है। कानपुर में 1,2803 करोड़, झांसी में 11,276 करोड़, लखनऊ 4,850 करोड़, अलीगढ़ 3,872 करोड़, चित्रकूट 530 करोड़ और आगरा में 407 करोड़ रुपये का निवेश आया है। अदानी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने कानपुर में 1,500 करोड़ की लागत से बने गोला-बारूद निर्माण संयंत्र में संचालन शुरू कर दिया है, जो अब तक का सबसे बड़ा निवेश है। यह अत्याधुनिक इकाई गोला-बारूद उत्पादन में राष्ट्रीय मानकों को नई ऊंचाई देने के लिए तैयार है। अलीगढ़ में, अमिटेक इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने 330 करोड़ के निवेश के साथ उन्नत इलेक्ट्रॉनिक वॉरफ़ेयर सिस्टम और सैटेलाइट तकनीक ● शेष पेज 11 पर

# मोहनलाल को दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड



एजेंसी

❑ शाहरुख खान विक्रांत मैसी को बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड, रानी मुखर्जी को बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राजधानी में मंगलवार को आयोजित एक समारोह में 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से मलयालय सिनेमा के अप्रतिम कलाकार मोहनलाल को अति प्रतिष्ठित दादा साहेब फाल्के अवार्ड से सम्मानित किया।

इस अवसर पर अभिनेता शाहरुख खान को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता, रानी मुखर्जी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री को भी राष्ट्रीय पुरस्कार दिया गया। शाहरुख खान ने इस अवार्ड का साझा विक्रांत मैसी के साथ किया। शाहरुख को यह पुरस्कार उनकी फिल्म जवान के लिए तो मैसी को 12वीं फ़ेल के लिए दिया गया। रानी मुखर्जी को मिसेज चैटर्जी वर्सेज नॉर्वे फिल्म के सर्वश्रेष्ठ आंका गया।

समारोह में सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म का पुरस्कार कटहल - ए जैकफ्रूट मिस्ट्री को मिला। यह फिल्म कटहल के चोरी होने और उसकी बरामदगी के बहाने व्यंग्य भरे स्वर में समाज की पड़ताल करती है, जबकि सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार 12वीं फ़ेल को दिया गया। इस फिल्म में गांव के एक सीधे- साधे और बेहद गरीब छात्र के कड़ी मेहनत के बाद भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी के लिए चुने जाने की वास्तविक घटना को फिल्माया गया है। यह सच्ची घटना पर आधारित फिल्म है।

**71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार की संक्षिप्त सूची** : दादा ● शेष पेज 11 पर

### सिनेमा का लोकप्रिय होने के साथ-साथ लोकहित में होना और भी अच्छी बात: मुर्मु

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि लोकप्रिय फिल्में बनाना सही है लेकिन लोकप्रिय होने के साथ-साथ फिल्में यदि लोकहित में भी हों तो यह और भी बेहतर होगा। श्रीमती मुर्मु ने मंगलवार को यहां विज्ञान भवन में 71 वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्रदान किये। उन्होंने मलयालम फिल्मों के जाने-माने अभिनेता, निर्देशक तथा निर्माता मोहनला को प्रतिष्ठित दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया। इस अवसर ● शेष पेज 11 पर

# उप्र लोकायुक्त के खिलाफ एसएलपी दायर

लखनऊ । आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व आईपीएस अधिकारी रहे अमिताभ ठाकुर ने यूपी के लोकायुक्त रिटायर जस्टिस संजय मिश्रा और एक उप लोकायुक्त के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में एसएलपी दायर की है।

यह एसएलपी निर्धारित अवधि से अधिक अवधि तक अपने पद पर बने रहने के संबंध में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के लखनऊ बेंच द्वारा याचिका खारिज करने के बाद दायर की गई है। याचिका में अमिताभ ठाकुर ने कहा है कि जिस समय इन लोकायुक्त और उपयोग आयुक्त की नियुक्ति की गई थी। उस समय उत्तर प्रदेश लोकायुक्त तथा उप लोकायुक्त एक्ट की धारा 5 के अनुसार लोकायुक्त तथा उप लोकायुक्त का कार्यकाल 8 वर्ष का था। जबकि यूपी के लोकायुक्त जस्टिस संजय मिश्रा पिछले 9.5 वर्षों से इस पद पर हैं और उप लोकायुक्त शंभू सिंह यादव भी नौ वर्ष से पद पर हैं। लोकायुक्त की नियुक्ति 31 जनवरी 2016 को हुई थी। गौरतलब है कि अमिताभ ठाकुर ने इन्हें उत्तर प्रदेश लोकायुक्त एक्ट के विपरीत बताते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर किया था, जिसे हाई कोर्ट ने खारिज ● शेष पेज 11 पर

# आयुष्मान भारत योजना स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांति लेकर आई : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वास्थ्य क्षेत्र की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत के सात वर्ष पूरे होने पर इसे स्वास्थ्य क्षेत्र में एक क्रांति बताते हुए कहा है कि इसने लाखों नागरिकों के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच को नए सिरे से परिभाषित किया है।

श्री मोदी ने नागरिकों के विचारों के आदान-प्रदान से संबंधित सरकारी पोर्टल 'माईगोवइंडिया' पर एक पोस्ट के जवाब में मंगलवार को कहा, आज आयुष्मान भारत के सात वर्ष पूरे हो रहे हैं। यह एक ऐसी पहल थी जिसने भविष्य की आवश्यकताओं का आकलन किया और लोगों के लिए उच्च-गुणवत्ता वाली और किफ़ायती स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया। इसके कारण भारत सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा में क्रांति का साक्षी बन रहा है। इस योजना ने लाभार्थियों के लिए वित्तीय सुरक्षा और सम्मान



सुनिश्चित किया है। भारत ने दिखाया है कि कैसे इसका विस्तार, करुणा और तकनीक मानव सशक्तिकरण को और आगे बढ़ा सकते हैं। प्रधानमंत्री ने वर्ष 2018 में 'आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन-आरोग्य योजना' की शुरुआत की थी। इस योजना का उद्देश्य प्रति परिवार प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मुहैया कराना है। यह योजना विशेष रूप से ग्रामीण और गरीब आबादी को ● शेष पेज 11 पर

# कुछ हाईकोर्ट के जजों को केस टालने की आदत : सुप्रीम कोर्ट

## यह प्रवृत्ति खतरनाक, छवि के लिए नुकसानदायक भी, जज सिस्टम बनाएं, फाइलों का ढेर न लगे

एजेंसी

नई दिल्ली। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने कहा- हम हाईकोर्ट के जजों के लिए स्कूल प्रिंसिपल की तरह बर्ताव नहीं करना चाहते, लेकिन यह जरूरी है कि हर जज के पास खुद का एक मैनेजमेंट सिस्टम हो, ताकि उनकी डेस्क पर फाइलों का ढेर न लगे।

बेंच ने कहा कि कुछ जज दिन-रात मेहनत करते हैं और केसों का बेहतरीन निपटारा कर रहे हैं, लेकिन कुछ जज ऐसे भी हैं जो किसी कारणवश काम नहीं कर पा रहे हैं। कारण अच्छे हों या बुरे, हम नहीं जानते, लेकिन यह स्थिति चिंताजनक है।

सुप्रीम कोर्ट के एक पुराने फैसले में कहा गया है कि अगर कोई कोर्ट सिर्फ फैसले का ऑपरेटिव पार्ट सुनाता है, तो उसे 5 दिन के भीतर उसका कारण भी बताना होगा। जब तक सुप्रीम कोर्ट इस समय सीमा में बदलाव नहीं करता, हाईकोर्ट को इसका पालन करना होगा।

सुप्रीम कोर्ट बोला-मानहानि अपराध की श्रेणी से बाहर की जाए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अब समय आ गया है कि मानहानि को



अपराध की श्रेणी से बाहर किया जाए। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच पूर्व जेएनयू प्रोफ़ेसर अमिता सिंह की ओर से 2016 में एक मीडिया संस्थान के खिलाफ दाखिल मानहानि मामले की सुनवाई कर रही थी। मीडिया संस्थान की रिपोर्ट में दावा किया गया था कि प्रोफ़ेसर अमिता सिंह ने एक डॉजियर (दस्तावेज) तैयार किया था, जिसमें जेएनयू को अश्लील गतिविधियों और आतंकवाद का अड्डा बताया गया। अमिता सिंह का आरोप है कि रिपोर्टर और संपादक ने बिना सत्यता जांचे यह खबर प्रकाशित की, जिससे उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा। सुनवाई के दौरान जस्टिस सुंदरेश के आदेश पर वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कोर्ट से सहमति जताते हुए कहा कि राहुल गांधी का मामला भी इसी तरह विचाराधीन है नीलामी नोटिस के बाद गिरवी रखी संपत्ति नहीं छुड़ा सकते सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अगर किसी संपत्ति की नीलामी का नोटिस छप चुका है, तो उधारकर्ता उस संपत्ति को वापस नहीं ले सकता। कोर्ट ने बताया कि बैंक या वित्तीय संस्था द्वारा नीलामी प्रमाणपत्र जारी होने के बाद खरीदार के अधिकार अटल हो जाते हैं। यह फैसला सरफ़ेसी एक्ट की धारा 13(8) के तहत दिया गया है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर. महादेवन की बेंच ने कहा कि 2016 में इस धारा में हुए संशोधन उन मामलों पर भी लागू होगा, जहां कर्ज पहले लिया गया था, लेकिन भुगतान 1 सितंबर 2016 के बाद डिफॉल्ट हुआ। इसका मतलब है कि अगर उधारकर्ता ने समय पर भुगतान नहीं किया और नीलामी नोटिस प्रकाशित हो गया, तो वह संपत्ति पर अपना अधिकार खो देगा।

### चेक बाउंस मामलों के निपटान में तेजी लाने संबंधी कदमों के बारे में बताएं राज्य: न्यायालय

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को चेक बाउंस मामलों के निपटान में तेजी लाने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का मंगलवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने परक्राम्य लिखत (एनआई) अधिनियम, 1881 की धारा 138 के तहत मामलों की शीघ्र सुनवाई से संबंधित एक मामले की सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। अधिनियम की धारा 138 खाते में धनराशि की कमी आदि के कारण चेक का भुगतान नहीं होने से संबंधित है। न्याय मित्र के रूप में न्यायालय की सहायता कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने उच्चतम न्यायालय के मई 2022 के आदेश का हवाला दिया, जिसमें एक प्रायोगिक अध्ययन के रूप में, इन मामलों के शीघ्र निपटान के लिए पांच राज्यों में सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारियों की सेवाएं लेते हुए 25 विशेष अदालतों के गठन का निर्देश दिया गया था। लूथरा ने कहा, 'हमें देखना होगा कि प्रायोगिक परियोजना जारी है या नहीं। लूथरा ने कहा कि उन्होंने इस मामले में एक आवेदन दायर किया है। उन्होंने कहा, 'हम एक स्थिति रिपोर्ट चाहते हैं जिसमें रिक्तियों व नियुक्तियों से संबंधित डेटा के निपटान के लिए उठाए गए कदमों का विवरण हो। पीठ ने सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और उच्च न्यायालयों के रजिस्ट्रार जनरल को छह सप्ताह में आवश्यक स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। अदालत ने मामले को छह सप्ताह बाद सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया।

# सीडीओ की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

**पिंडरा में कार्यरत ब्लॉक एकाउंट मैनेजर को लगातार कार्य में शिथिलता एवं आदेशों का अनुपालन न करने के कारण नियमानुसार कार्रवाई कर कार्य मुक्त करने का निर्देश दिया**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत ब्लॉक पिंडरा में कार्यरत ब्लॉक एकाउंट मैनेजर को लगातार कार्य में शिथिलता एवं आदेशों का अनुपालन न करने के कारण नियमानुसार कार्रवाई कर कार्य मुक्त करने का निर्देश दिया।

इसी प्रकार विकास खंड बड़ागांव, काशी विद्यापीठ व चिरईगांव के प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों का प्रसव पूर्व जांच एवं अन्य कार्यक्रमों में कम उपलब्धियों को लेकर वेतन अवरूद्ध किया गया। बैठक में सीडीओ ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत चयनित कर्मियों को लंबे समय तक अनुपस्थित रहने पर उनके विरुद्ध कार्रवाई कराने का निर्देश दिया। नियमित टीकाकरण के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण को लेकर चिन्हित प्रतिरोधी परिवारों को प्रोत्साहित कर टीकाकरण करायें जाने को लेकर रणनीति बनाने का निर्देश दिया इसमें कोटेदारों का सहयोग लेने का सुझाव दिया। सीडीओ ने जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत प्रसव के उपरांत प्रसूताओं को देय धनराशि के भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण कर रखने का निर्देश दिया। जैसे ही भुगतान की प्रक्रिया प्रारम्भ हो तत्काल लाभार्थियों के खाते में धनराशि स्थानांतरित हो जाए।उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में संचालित स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवसों का शत प्रतिशत पर्यवेक्षण किया जाय। इसके साथ ही बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। बैठक में जिला स्तरीय चिकित्सालयों में बायोमैट्रिक उपस्थिति को अनिवार्य करने का निर्देश दिया गया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक पूर्ण तैयारी के साथ कराने का निर्देश दिया। बैठक में सीएमओ डॉ संदीप चौधरी ने समस्त संचालित कार्यक्रमों की उपलब्धियों के संबंध में जानकारी दी।इस मौके पर समस्त राजकीय चिकित्सालय के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक, एसीएमओ, डिप्टी सीएमओ, जिला कार्यक्रम अधिकारी, डीपीएम,डीएमओ , जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी समेत डब्ल्यूएचओ के प्रतिनिधि, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी व अन्य विभागीय अधिकारी एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

## डॉ. अभिषेक सिंह के नेतृत्व में शंकरगढ़ सीएचसी में आयोजित हुआ मेगा स्वास्थ्य शिविर

प्रयागराज। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ की तस्वीर बदलने वाले अधीक्षक डॉ. अभिषेक सिंह के नेतृत्व में स्वस्थ नारीऽसशक्त परिवार अभियान के तहत मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि शंकरगढ़ नगर पंचायत की चेयरमैन पार्वती कोटार्य ने फीता काटकर किया।शिविर में गर्भवती महिलाओं की जांच, एनसीडी स्क्रीनिंग, होम्योपैथिक और दंत ओपीडी, सामान्य ओपीडी सहित निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श की सुविधा दी गई। गोद भराई और अन्न प्राशन कार्यक्रम में महिलाओं को पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई, जबकि परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत योग्य दंपतियों को शगुन किट वितरित की गई।लाभार्थियों को टीकाकरण, सर्पदंश व चूहों से बचाव के उपाय तथा आभा व आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई।शिविर में डॉ. रीता सिंह, डॉ. अजय केशरवानी, डॉ. विनोद सिंह, फार्मासिस्ट अरविंद सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही। कार्यक्रम का संचालन संजय कुमार प्रजापति, बीसीपीएम ने किया।

## महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों की दी गयी जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। पुलिस कमिश्नर जोगेंद्र कुमार के आदेश पर जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति अभियान का आयोजन किया गया। अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को उनके संवैधानिक और कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना, उनके सुरक्षा उपायों की जानकारी देना और उन्हें अपराध से सुरक्षित रहने के लिए प्रेरित करना था।अभियान के दौरान पुलिस टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबर, पुलिस शिकायत प्रक्रियाएं, घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, ऑनलाइन सुरक्षा और अन्य संबंधित कानूनों के बारे में जानकारी दी। साथ ही महिलाओं को आत्मरक्षा के उपाय, निर्भीक होकर शिकायत दर्ज कराने और अपने अधिकारों के लिए खड़े होने की प्रेरणा भी दी गई।कार्यक्रम के तहत अलग-अलग थाना क्षेत्रों में विद्यालय, कॉलेज, सार्वजनिक स्थान और ग्रामीण इलाकों में जागरूकता शिविर लगाए गए। पुलिस टीम ने पंपलेट, ब्रोशर और सूचना पत्रक वितरित कर महिलाओं/बालिकाओं को उनके अधिकारों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। अभियान में एसीपी, थाना प्रभारी और महिला पुलिसकर्मी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।इस अभियान से स्थानीय महिलाओं में अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ी और उन्हें विश्वास दिलाया गया कि कोई भी उत्पीड़न या हिंसा की स्थिति होने पर पुलिस उनके साथ खड़ी रहेगी। मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित, आत्मनिर्भर और समाज में समान अधिकारों के प्रति सशक्त बनाना है।

## उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रयागराज में करेंगी महिला जनसुनवाई

'**प्रयागराज** । उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की माननीय सदस्य श्रीमती गीता विश्वकर्मा दिनांक 25 सितम्बर 2025 (गुरुवार) को पूर्वाह्न 11:00 बजे से सर्किट हाउस, प्रयागराज में महिला जनसुनवाई करेंगी। इस दौरान महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर अब तक की गई कार्यवाही की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की जाएगी तथा पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को सुना जाएगा।इसके पूर्व, माननीय सदस्य 24 सितम्बर 2025 को कौड़ीहार ब्लॉक में मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित पोषण पंचायत कार्यक्रम में भी सम्मिलित होंगी।

## फाफामऊ पुल पर आवागमन शुरू

**प्रयागराज** । जिले के फाफामऊ पुल पर लंबे समय से मरम्मत कार्य चलने के कारण वाहनों का आवागमन बंद था। अब प्रशासन ने घोषणा की है कि 25 सितम्बर से पुल पर हल्के वाहन चलना शुरू हो जाएंगे। इससे आमजन को काफी राहत मिलेगी। हालांकि भारी वाहनों को अभी और इंतजार करना होगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि 30 सितम्बर से ही ट्रक और बस जैसे बड़े वाहन पुल पर चल सकेंगे। पुल की मजबूती और सुरक्षा परीक्षण अभी जारी है। अधिकारियों का कहना है कि धीरे-धीरे आवाजाही सामान्य होगी और यातायात का दबाव कम होगा।

## पुलिस आयुक्त ने की जनसुनवाई

**प्रयागराज**। पुलिस आयुक्त जोगेंद्र कुमार ने प्रयागराज पुलिस कार्यालय में सोमवार को जनसुनवाई की। इस दौरान बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। आयुक्त ने धैर्यपूर्वक सभी शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान पुलिस की प्राथमिकता है। किसी भी शिकायत को अनदेखा या लंबित न रखा जाए। फरियादियों ने भी जनसुनवाई में अपनी बात खुलकर रखी। पुलिस आयुक्त ने अधिकारियों को जनता से संवेदनशील व्यवहार करने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्क रहने को कहा।

## पुलिस उपायुक्त की जनसुनवाई

**प्रयागराज** । पुलिस उपायुक्त नगर मनीष कुमार शाडिल्य ने मंगलवार को पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की। जनसुनवाई में कई फरियादी अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे। उपायुक्त ने सभी मामलों को गंभीरता से सुना और संबंधित थानों व अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी पीड़ित को न्याय से वंचित नहीं होना चाहिए और सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण समय सीमा के भीतर होना चाहिए। उपायुक्त ने पुलिस कर्मियों को आम जनता से संवाद बढ़ाने, पारदर्शिता रखने और निष्पक्ष कार्रवाई करने की भी हिदायत दी।

## कई लेखपालों का हुआ स्थानांतरण

**प्रयागराज**। गंगापार क्षेत्र की सोरांव तहसील में राजस्व विभाग में बड़ा फ़ेरबदल हुआ है। प्रशासन ने एक आदेश जारी कर 51 लेखपालों का स्थानांतरण कर दिया है। अचानक हुए इस बदलाव से तहसील के कामकाज में हलचल बढ़ गई है। सूत्रों के अनुसार स्थानांतरण सूची में कई वरिष्ठ और अनुभव लेखपाल भी शामिल हैं। स्थानांतरण के बाद नई तैनाती पर जल्द ही अधिकारियों को कार्यभार सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। माना जा रहा है कि यह कदम राजस्व कार्यों को बेहतर करने और लंबित मामलों का निस्तारण तेजी से करने के उद्देश्य से उठाया गया है।

## खेत में युवक की हत्या, परिजन का दो लोगों पर संदेह

**प्रयागराज** । जिले के गंगानगर थाना क्षेत्र के फूलपुर इलाके में ग्रामीणों ने एक खेत में युवक का शव पाया। सुबह- खेत में शव देख ग्रामीण सहम गए और सूचना पुलिस को दी। एसीपी फूलपुर विवेक यादव मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक के परिजन आरोप लगा रहे हैं कि दो लोग युवक को घर से बुलाकर ले गए और हत्या की। पुलिस ने घटना की गंभीरता को देखते हुए छानबीन शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में युवक की पहचान और हत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है, दोषियों की जल्द गिरफ्तारी का प्रयास जारी है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने 2 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है ।

## चोरी के सदमे में विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

**प्रयागराज**। सराय ममरेज थाना क्षेत्र के बघेड़ी गांव में चोरी की घटना के दो दिन बाद विवाहिता ने सदमे में आकर आत्महत्या कर ली। मृतका आरती (23) की शादी वर्ष 2023 में विजय कुमार से हुई थी। 20 सितंबर की रात चोर घर में घुसकर सात लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवर उठा ले गए थे। घटना के बाद से ही आरती मानसिक सदमे में थी। सोमवार सुबह उसने कमरे का दरवाजा बंद कर फांसी लगा ली। बता दे की पुलिस ने महिला की चोरी का मुकदमा नहीं लिखा था लेकिन जब उसने फांसी लगा लिया तब पुलिस ने चोरी का मुकदमा भी दर्ज कर दिया है सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने समय से रिपोर्ट दर्ज नहीं की, जिसके चलते आरती का सदमा और गहरा हो गया। पोस्टमार्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार लाहौराघाट पर किया गया। इस घटना से क्षेत्र में शोक की लहर है।

## पुस्तक विक्रेताओं को डाकघर में भी किताबें बिक्री का अवसर: कर्नल विनोद

वाराणसी । लखनऊ विश्वविद्यालय में 20 से 28 सितंबर तक आयोजित गोमती पुस्तक महोत्सव में डाक विभाग के वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल (पीएमजी)कर्नल विनोद कुमार ने भी भागीदारी की। महोत्सव में भाग लेने के बाद पीएमजी कर्नल विनोद ने मंगलवार को बताया कि डाक विभाग के बड़े नेटवर्क का इस्तेमाल पुस्तक प्रकाशक पुस्तकों की बिक्री के लिए कर सकते हैं। इससे पुस्तकों को पाठकों तक आसानी से पहुँचा सकते हैं।उन्होंने बताया कि इंडिया पोस्ट की रिटेल पोस्ट सेवा के तहत विभाग के साथ एक अनुबंध करने के बाद चिन्हित डाक घरों के शोकेस का उपयोग करके प्रकाशक अपनी पुस्तकों को जनता के बीच बिक्री के लिए उपलब्ध करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय के शिवाजी मैदान में इस नौ दिवसीय गोमती पुस्तक महोत्सव-2025 में 225 से ज्यादा स्टॉल्स लगाए गए हैं। यहां आईएएस व वरिष्ठ लेखक पार्थ सारथी सेन शर्मा की किताबें युवाओं को भा रही है। मेले में आए मनोविज्ञान के छात्र मोहम्मद फैज ने 'लव इन लखनऊ और आर्यन कुशवाहा ने 'हम हैं राही प्यार के जैसी पुस्तकें खरीदकर वरिष्ठ लेखक के प्रति अपना प्यार जाहिर किया। 28 सितंबर तक चलने वाले इस महोत्सव में लोगों को फ्री एंट्री है और इसके साथ ही प्रिंट रेट से 10 प्रतिशत छूट पर किताबें मिलेंगी।उन्होंने बताया कि नौ दिनों तक चलने वाले इस पुस्तक महोत्सव में आगंतुक समूह चर्चाओं, लेखक संवाद, काव्य पाठ, मुशायरा, पुस्तक विमोचन, स्टोरीटेलिंग सेशन और सांस्कृतिक संध्याओं का आनंद ले सकेंगे। इस दौरान विशेष वक्ताओं आईआईटी लखनऊ के निदेशक डॉ. अरुण मोहन शेरी, वरिष्ठ लेखक गुलाब कोठारी, रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के चांसलर एवं लेखक संतोष चौबे, लेखक-कवि-अभिनेता अखिलेंद्र मिश्रा समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## ऑपरेशन कनविक्शन, माण्डा के सात अभियुक्तों को आजीवन कारावास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज के यमुनानगर जोन अंतर्गत थाना माण्डा में दर्ज हत्या के एक मुकदमे में न्यायालय ने सात अभियुक्तों को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई है। मामला दिनांक 05 अक्टूबर 2015 का है, जब उमाशंकर, विजय शंकर, रमेश बिन्द, पारसनाथ बिन्द, परसुराम, छोटेलाल बिन्द और विक्रम-थद्यद्य निवासी हेमपुर, थाना माण्डा-के विरुद्ध धारा 147/ 148/149/ 504/ 34/ 302 भा.द.वि. में मुकदमा दर्ज किया गया था। अभियोजन द्वारा प्रभावी पैरवी और समयबद्ध कार्रवाई के फलस्वरूप, विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) कक्ष संख्या-01 प्रयागराज की अदालत ने मंगलवार को फैसला सुनाया।अदालत ने सातों अभियुक्तों को धारा 302/34 भा.दं.वि. में आजीवन कारावास व 10-10 हजार रुपये अर्थदंड, धारा 504 में 2-2 वर्ष कारावास व 2-2 हजार रुपये अर्थदंड, धारा 147 में 2-2 वर्ष कारावास व 1-1 हजार रुपये अर्थदंड तथा धारा 148/149 में 3-3 वर्ष कारावास व 3-3 हजार रुपये अर्थदंड की सजा दी। उल्लेखनीय है कि अभियुक्तों ने पुराने मुकदमे को वापस लेने के लिए वादी के भाई पर दबाव बनाया था। विरोध करने पर उन्होंने गाली-गलौज कर गोली मारकर हत्या कर दी थी।

### शारदीय नवरात्रि पर महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस ने किया जागरूकता कार्यक्रम

प्रयागराज। शारदीय नवरात्रि पर्व पर कानून व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के लिए एसीपी बारा कुंजलता के नेतृत्व में पुलिस बल ने शंकरगढ़ शहर में सावित्री नर्सिंग होम कॉलेज में छात्र-छात्राओं को जागरूक किया।कार्यक्रम के दौरान मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं और बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी दी गई तथा पंपलेट वितरित कर उन्हें निर्भीक होकर इन सेवाओं का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।थाना प्रभारी यशपाल सिंह ने आम नागरिकों से नवरात्रि पर्व को भाईचारे और सद्भाव के साथ मनाने की अपील की।

## वाराणसी मंडल रेल प्रबंधक ने फीता काट कर वीडियो वॉल के प्रावधान का किया शुभारम्भ

**मंडल रेल प्रबंधक जैन ने अपने संबोधन में बताया की इस वीडियो वॉल के लग जाने से प्रोजेक्टर बेस्ड डिस्पले से होने वाली असुविधा समाप्त हो गई**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। वाराणसी मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के प्रेम चन्द सभागार कक्ष में वीडियो वॉल के प्रावधान का शुभारम्भ आज 23 सितम्बर,2025 को मंडल रेल प्रबन्धक,वाराणसी श्री आशीष जैन द्वारा फीता काटकर किया गया । इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक(आप) श्री आर.के.सिंह, अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा) श्री अजय सिंह,मुख्य परियोजना प्रबंधक (गतिशक्ति) श्री कौशलेश सिंह एवं वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार श्री रजत प्रिय समेत सभी शाखाधिकारी उपस्थित थे ।

इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री जैन ने अपने संबोधन में बताया की इस वीडियो वॉल के लग जाने से प्रोजेक्टर बेस्ड डिस्पले से होने वाली असुविधा समाप्त हो गई है और हम ज्यादा अच्छे डिसप्ले सिस्टम के माध्यम से रेलवे प्रोजेक्ट से सम्बंधित वर्क प्लान,डाईग्राम,नक्से और प्रेजेंटेशन को अच्छी दृश्यता के साथ देख पाएंगे साथ ही वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से होने वाली विभिन्न बैठकों बेहतर दृश्यता के साथ भाग ले पाएंगे ।इसके पूर्व वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर श्री रजत प्रिय ने बताया की भारतेंदु मीटिंग हाल में लगाई गई 14 ड्ड 9.5 फुट डाईमेंशन की 2.5द्दद्ध पीक्सल की वीडियो वॉल पहले से लगे प्रोजेक्टर बेस्ड डिसप्ले के स्थान पर लगाया गया है । इस वीडियो वॉल में दृश्यता सुधार के साथ सभी रंग स्पष्ट रूप से तथा अक्षरों के फॉण्ट बड़े और चमकदार दिखाई देंगे जिससे वीडियो कांफ्रेंसिंग में अपग्रेटेड सुविधा मिलेगी ।

## दुर्गा पूजा पण्डालों एवं अन्य कार्यक्रम स्थलों की सुरक्षा मानकों से नहीं होगा कोई समझौता: मनीष कुमार वर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। नवरात्रि के मौके पर दुर्गा पूजा पण्डालों एवं अन्य कार्यक्रमों स्थलों की सुरक्षा को लेकर मंगलवार को जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये।जिलाधिकारी ने कैम्प कार्यालय में हुई बैठक में सप्लाई को सुचारू रूप से बनाये रखने एवं विद्युत विभाग से सम्बंधित शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने एवं त्योहारों के दृष्टिगत सभी आवश्यक व्यवस्थायें चुस्त-दुरूस्त करने को कहा। विद्युत विभाग आमजन से सीधा जुड़ा हुआ है और लोगों की विभाग से बेहतर सुविधाओं को उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षाएं भी बहुत हैं, इसलिए विद्युत विभाग के अधिकारियों को जनशिकायतों के प्रति संवेदनशील रहकर कार्य करने की आवश्यकता है।

उन्होंने गलत विद्युत बिलिंग की शिकायतों पर प्रभावी कार्यवाही करने तथा इसपर रोक लगाये जाने के लिए मैकेनिज्म डेवलप करने का निर्देश दिया। बिल की रीडिंग करने वाले संविदा कर्मियों एवं लाइनमैन के कार्यों पर कड़ी नजर रखने एवं बिलिंग सिस्टम को पारदर्शी बनाये जाने के निर्देश दिए है। सभी अधिकारियों को जनशिकायतों के प्रति रिस्पांसिब रहने एवं जनशिकायतों हेतु आने वाले सभी फोन कॉल्स को अटेण्ड करने के लिए कहा है। उन्होंने ढीले विद्युत तारों एवं केबल तारों को व्यवस्थित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। उन्होंने दुर्गा पूजा पण्डालों एवं अन्य कार्यक्रम स्थलों पर विद्युत सुरक्षा के मानकों का अनुपालन कराते हुए विद्युत सुरक्षा सम्बंधी सर्टिफिकेट लिए जाने के लिए कहा है।बैठक में मुख्य अभियंता राजेश कुमार के द्वारा बताया कि 24 एवं 25 सितम्बर को जनपद के समस्त खण्डीय कार्यालय विद्युत वितरण खण्ड पर विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित समाधान किए जाने के लिए विद्युत सेवा पर्व आयोजित किया गया है, इसमें विद्युत उपभोक्ताओं का त्रुटिपूर्ण बिजली बिलों का सुधार, नये विद्युत संयोजन हेतु आवेदन, खराब मीटर बदलने का कार्य, टैरिफ बदलवाने का कार्य करने के साथ 1912 पर शिकायतों का पंजीकरण, रूफटॉफ सोलर योजना की जानकारी एवं स्मार्ट मीटर के बारे में जानकारी प्रदान की जायेगी।इस अवसर पर मुख्य अभियंता राजेश कुमार व अशोक कुमार, अधीक्षण अभियंता भरत सिंह एवं लोकेश सिंह एवं समस्त अधिशासी अभियंता उपस्थित रहे।

## वीरकाजी गांव में बदमाशों ने उड़ाए 18 लाख के गहने, घर में दहशत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। फूलपुर क्षेत्र के वीरकाजी गांव में रविवार रात बदमाशों ने एक ही रात कई घरों में धावा बोला। सबसे बड़ी वारदात ट्रांसपोर्ट कंपनी के एरिया मैनेजर सैयद मो. शाहिद के घर हुई, जहां उनकी पत्नी आफरीन फातिमा और दो बेटियों को चाकू की नोक पर बंधक बनाया गया। बदमाशों ने जान से मारने की धमकी देते हुए करीब 16 तोला सोना, कुछ चांदी के आभूषण और नगदी छह हजार रुपये लूट लिए। लूट का कुल मूल्य लगभग 18 लाख रुपये है। ग्रामीणों ने बताया कि चोरी वाली रात गांव के ऊपर ड्रोन भी उड़ते देखे गए, जिससे डर और दहशत का माहौल बन गया।उसी रात बदमाशों ने गांव के अन्य तीन घरों में चोरी की कोशिश की, लेकिन परिजनों की सतर्कता से वे असफल रहे। इसके अलावा महुलिया चौराहे पर राकेश कुमार के मिनी बैंक सेंटर में शटर तोड़कर तीन लैपटॉप, तीन प्रिंटर, 1.40 लाख रुपये नगद और सीसीटीवी डीवीआर समेत साढ़े तीन लाख रुपये का सामान उड़ाया। पुलिस ने फिलहाल सिर्फ सबसे बड़ी घटना की पुष्टि की है और अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### एक व्यक्ति की पिटाई से हुई मौत

प्रयागराज । जिले के करछना थाना क्षेत्र के ग्राम भटेरवा में मंगलवार को एक व्यक्ति की पिटाई से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि विवाद के चलते कुछ लोगों ने उस पर हमला कर दिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई और बाद में उसने दम तोड़ दिया। घटना से गांव में सनसनी फैल गई और लोग आक्रोशित हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। सहायक पुलिस आयुक्त करछना अरुण कुमार त्रिपाठी ने मामले में की गई कार्यवाही की जानकारी दी। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और आरोपियों की तलाश जारी है।

## पार्टी अभियानों में महिला मोर्चा की है महत्वपूर्ण भूमिका: महानगर अध्यक्ष

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रयागराज । भारतीय जनता पार्टी के संगठन में महिला मोर्चा की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। वर्तमान में चल रहे सेवा पखवाड़ा के तहत महिला मोर्चा को भी कार्यक्रम की जिम्मेदारी दी गई है। यह बात मंगलवार को सिविल लाइंस स्थित पार्टी कार्यालय में महिला मोर्चा की बैठक को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कही।उन्होंने कहा कि 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर महिला मोर्चा द्वारा डफरिन अस्पताल में स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। इसके बाद आगामी कार्यक्रम के तहत महानगर के सभी 15 मंडलों में महिला मोर्चा द्वारा फल वितरण व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जायेगा। इलाहाबादऽझांसी स्नातक एमएलसी चुनाव 2026 को लेकर मतदाताओं को जोड़ने की जिम्मेदारी भी महिला मोर्चा को दी गई है जिसके तहत प्रत्येक मंडल से 25ऽ25 मतदाता जोड़ने का लक्ष्य दिया गया है।इस अवसर पर महिला मोर्चा महानगर अध्यक्ष शिखा रस्तोगी, दुर्गेश नंदिनी, वंदना शर्मा, चंद्रा अहलूवालिया, रेखा यादव, सीमा श्रीवास्तव, प्रिया कैथवास, स्वारिका भरद्वाज, काजल पटेल, सोनी गुप्ता, आभा भारती, कंचनलता कुशवाहा, शिखा खन्ना सहित महिला मोर्चा महानगर की कार्यकत्रियां एवं मोर्चा की मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहीं।

## एसटीएफ ने तीन हथियार तस्करों को किया गिरफ्तार, 10 पिस्टल बरामद



वाराणसी । उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने मंगलवार को सारनाथ के फरीदपुर अंडरपास के पास से तीन हथियार तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 10 अवैध पिस्टल और 15 मैगजीन बरामद किये।गिरफ्तार तस्करों की पहचान गाजीपुर निवासी प्रशांत राय, मुकुंद प्रधान और बिहार के बक्सर निवासी राहुल ठाकुर के रूप में हुई है। एसटीएफ के अनुसार, सूचना मिली थी कि हथियार तस्कर प्रशांत राय बड़ी मात्रा में अवैध हथियार लेकर वाराणसी में अन्य तस्करों से मिलने वाला है। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए एसटीएफ टीम ने तीनों शातिर तस्करों को धर दबोचा।जांच में पता चला कि अभियुक्त प्रशांत राय एक शातिर और आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है। उसने अपने दोस्तों के साथ मिलकर पहले मारपीट की घटनाओं को अंजाम दिया था। इसी दौरान उसकी मुलाकात हथियार तस्कर सुभाष पासी से हुई। बाद में उसका संपर्क मध्य प्रदेश के खंडवा निवासी कुख्यात हथियार तस्कर विष्णु सरदार से हुआ। धीरे-धीरे उसने कई अन्य लोगों को अपने साथ जोड़ा और हथियार तस्करी के काले धंधे में शामिल हो गया।

# जीएसटी रिफॉर्म पर जागरूकता अभियान

## हलवासिया मार्केट में व्यापारी संवाद कार्यक्रम का सफल आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के तत्वाधान में जीएसटी रिफॉर्म जागरूकता अभियान के अंतर्गत हलवासिया मार्केट, हजरतगंज में मंगलवार को ''व्यापारी संवाद कार्यक्रम'' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और व्यापारियों व ग्राहकों से सीधा संवाद किया। यह कार्यक्रम जीएसटी सुधारों के प्रति जागरूकता फैलाने और इनके लाभों को व्यापक रूप से पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास साबित हुआ। ̀डॉ. दिनेश शर्मा का पैदल दौरा: प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता के साथ डॉ. शर्मा ने हलवासिया मार्केट में पैदल घूमकर दुकान-दर-दुकान जाकर व्यापारियों और ग्राहकों से जीएसटी सुधारों पर प्रतिक्रिया ली। उन्होंने सभी को गुलाब के फूल भेंट किए और दुकानों पर विशेष स्टीकर लगाए, जिनमें निम्नलिखित संदेश थे:''हम सबने ये ठाना है, भारत को आत्मनिर्भर बनाना है'' ''हर घर स्वदेशी - घर घर स्वदेशी'' ''कम जीएसटी का लाभ उठाओ - स्वदेशी उत्पाद घर लाओ'' ''घटी जीएसटी, मिला उपहार धन्यवाद मोदी सरकार'' यह दौरा न केवल जागरूकता बढ़ाने वाला था, बल्कि व्यापारियों को प्रोत्साहित करने वाला भी सिद्ध हुआ।



डॉ. दिनेश शर्मा ने संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. शर्मा ने कहा कि व्यापारी देश की अर्थव्यवस्था की मुख्य धुरी हैं और इनकी भूमिका आर्थिक मजबूती में सर्वोपरि है। उन्होंने जीएसटी रिफॉर्म के तहत दो-स्तरीय स्लैब (5% और 18%) लागू होने के लाभों पर प्रकाश डाला। इन सुधारों से रसोई और रोजमर्रा की वस्तुएं सस्ती होंगी, जिससे हर परिवार को लगभग 13% की बचत होगी। इससे लोगों की क्रय क्षमता बढ़ेगी और व्यापार-उद्योग पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। डॉ. शर्मा ने व्यापारियों से अपील की कि जीएसटी का लाभ ग्राहकों तक अवश्य पहुंचाएं और स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता दें।ये सुधार 22 सितंबर 2025 से प्रभावी हो चुके हैं, जो जीएसटी 2.0 के रूप में जाने जाते हैं। जीएसटी काउंसिल की 56वीं बैठक (3 सितंबर 2025) में अनुमोदित इस परिवर्तन से बहुसंख्यक वस्तुएं 5% और 18% स्लैब में आ गई हैं, जबकि विलासिता और पाप वस्तुओं पर 40% की दर लागू है।

# वरूण विहार योजना में बनेगा लॉजिस्टिक पार्क, किसानों को मिला मुआवजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। आगरा एक्सप्रेस-वे पर प्रस्तावित लखनऊ विकास प्राधिकरण की महत्वाकांक्षी वरूण विहार योजना में 300 एकड़ क्षेत्रफल में अत्याधुनिक लॉजिस्टिक पार्क और ट्रांसपोर्ट नगर विकसित किया जाएगा। योजना के तहत करीब 800 एकड़ में ग्रीन बेल्ट, पार्क व अंतरराष्ट्रीय स्तर का गोल्फ कोर्स भी बनाया जाएगा। एलडीए ने किसानों से भूमि क्रय की प्रक्रिया शुरू कर दी है।



मंगलवार को एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने पारिजात सभागार में दोना गांव के किसानों को मुआवजे की डिमांड ड्राफ्ट सौंपे। इस अवसर पर सचिव विवेक श्रीवास्तव, अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा, सीपी त्रिपाठी, एसडीएम विराग करवरिया, तहसीलदार कुमकुम मिश्रा, नायब तहसीलदार प्रवेश कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उपाध्यक्ष ने बताया कि लगभग 6,580 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित होने वाली वरूण विहार योजना में 25 सेक्टर नियोजित किए जाएंगे। योजना में 15 हजार से अधिक भूखण्ड सृजित होंगे, जिससे बड़ी आबादी को आवासीय सुविधा मिलेगी। साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा, उद्योग और लॉजिस्टिक क्षेत्र में नए अवसर उपलब्ध होंगे। उन्होंने बताया कि योजना में ग्रिड पैटर्न की सड़कें, भूमिगत केबल लाइन और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही 800 एकड़ क्षेत्रफल में ग्रीन बेल्ट व वॉटर बॉडीज विकसित की जाएंगी। संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह ने जानकारी दी कि भूमि किसानों से सहमति के आधार पर खरीदी जा रही है। इस क्रम में दोना गांव के किसानों नसीम अहमद, कल्लू राम, श्रीराम और कल्लू खान ने अपनी करीब 10 बीघा जमीन प्राधिकरण को दी है। उन्हें 6.9 करोड़ रुपये की मुआवजा राशि प्रदान की गई। एसडीएम विराग करवरिया ने बताया कि अब तक किसानों से 148 एकड़ भूमि के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनकी जांच की जा रही है। परीक्षण पूरा होने के बाद जमीन के बैनामे कराए जाएंगे।

# सशक्त महिला : सशक्त भारत विषय पर कार्यक्रम आयोजित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में चल रहे मिशन शक्ति 5.0 के तहत सोमवार को लखनऊ मध्य क्षेत्र के मुख्य अभियंता कार्यालय में सशक्त महिला : सशक्त भारत विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

यह कार्यक्रम नवरात्रि के पहले दिन हुआ। इस मौके पर महिला कर्मचारियों को उनके अच्छे काम और योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए और समाज व देश के विकास में महिलाओं की भूमिका और शिक्षा पर चर्चा की।

मुख्य अभियंता रवि कुमार अग्रवाल ने ज़ोन कार्यालय के अधीनस्थ प्रत्येक मंडल से चुनी गई एक-एक महिला कर्मचारी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सम्मान पाने वालों में मिथिलेश कश्यप (सहायक, मंडल चौक), प्रियंका जोशी (सहायक, खंड-हुसैनगंज) और नेहा रावत (कार्यकारी, खंड-ऐशबाग) शामिल थीं। इसके अलावा वहाँ मौजूद सभी महिलाओं को भी पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया।

# मेगा स्वास्थ्य कैंप का आयोजन, साइबर क्राइम पर भी चर्चा

## विधायक अमरेश रावत ने किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम , लखनऊ । स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के थीम मंगलवार को नगराम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एक मेगा स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का उद्घाटन मोहनलालगंज विधायक माननीय अमरेश रावत ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगराम के अधीक्षक डॉ. राजेश सिंह, चिकित्सा अधिकारी, पैरामेडिकल स्टाफ और कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



कैंप में कुल 280 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इनमें से 34 महिलाओं की गर्भावस्था संबंधी जांच के साथ-साथ अन्य चिकित्सकीय जांचें भी की गईं।इसके अलावा 41 किशोरियों का हीमोग्लोबिन स्तर जांचा गया और जिनका स्तर कम पाया गया, उन्हें आयरन की गोलियां उपलब्ध कराई गईं।संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत 70 व्यक्तियों की फीवर स्क्रीनिंग की गई। जिनमें बुखार के लक्षण पाए गए, उन्हें चिकित्सकीय परामर्श के साथ-साथ दवा भी दी गई।गंभीर रोगों की समय रहते पहचान के लिए एनसीडी कैटेगरी में 45 मरीजों की जांच की गई। कैंप में टीबी मरीजों की पहचान कर उन्हें दवा उपलब्ध कराई गई। वहीं प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना की वर्षगांठ पर विधायक अमरेश रावत ने 30 लाभार्थियों को आयुष्मान गोल्डन कार्ड वितरित किए। कार्यक्रम में नगराम थाने की पुलिस टीम ने उपस्थित मरीजों व ग्रामीणों को साइबर क्राइम से बचाव के तरीके बताए। साथ ही आईसीडीएस विभाग की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने पोषण संबंधी परामर्श दिया और पोषाहार सामग्री भी वितरित की।गौरतलब है कि स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान की शुरुआत 17 सितम्बर 2025 से की गई थी और यह अभियान लगातार 2 अक्टूबर 2025 तक चलेगा।

## फ़ेडरेशन ऑफ उत्तर प्रदेश कैटरर्स की हुई शुरुआत

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के कैटरिंग पेशेवरों को एक साझा मंच प्रदान करने के उद्देश्य से फ़ेडरेशन ऑफ उत्तर प्रदेश कैटरर्स की स्थापना हो गई है। अध्यक्ष तरुण साहनी ने बताया कि 40S50 वर्षों के अनुभव रखने वाले वरिष्ठ उद्योग विशेषज्ञों द्वारा गठित यह संगठन कैटरिंग क्षेत्र को शिक्षा, सहयोग और संरचित सहायता के माध्यम से सशक्त बनाने की दिशा में कार्य करेगा। सचिव सुधीर टंडन ने बताया कि हमारा संगठन कैटरिंग की मूलभूत बातें, टैक्सेशन, बजटिंग और कॉस्टिंग जैसे विषयों पर प्रशिक्षण देने का काम करेगा।

## 180 बीघा में चल रहीं 17 अवैध प्लाटिंग ध्वस्त

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शहर में अनियोजित विकास और अवैध प्लाटिंग पर नकेल कसते हुए लखनऊ विकास प्राधिकरण ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की है। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर प्रवर्तन जोन-1, व 3, और 4, तथा 5 और 7 की टीमों ने अभियान चलाकर लगभग 180 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही 17 अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया। जोन-1 की जोनल अधिकारी संगीता राघव के नेतृत्व में बीबीडी व सुशांत गोल्फ सिटी थानाक्षेत्र के सिकन्दरपुर अमोलिया, सिकन्दरपुर खुर्द, देवरिया और बक्कास में करीब 90 बीघा क्षेत्रफल में हो रही अवैध प्लाटिंग को ढहा दिया गया। इन स्थलों पर ओपी राय, अमित राय, जितेंद्र मिश्रा, सतीश, देशराज और अन्य लोगों द्वारा प्लाटिंग की जा रही थी। वहीं जोन-7 की टीम ने ग्राम कुसमोरा हलुआपुर (दुबग्गा) में पांच स्थानों पर करीब 56,000 वर्गमीटर भूमि पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त किया। यहां हुसनैन फखरूद्दीन, हरछठ लाल, सोनू पंडित, अनवर, संजय यादव व अन्य लोगों द्वारा प्लाटिंग की जा रही थी। इसके अलावा जोन-4 की टीम ने फैजुल्लागंज के गौरभीठ व गाजीपुर बलराम क्षेत्र में तीन अलग-अलग स्थानों पर लगभग 60 बीघा क्षेत्रफल में हो रही अवैध प्लाटिंग को बुलडोजर चलाकर गिरा दिया। जोन-5 की टीम ने गुड़म्बा के ग्राम अचरामऊ में करीब 18,000 वर्गमीटर क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग ध्वस्त की। वहीं जोन-3 की टीम ने काकोरी के ग्राम मौंदा में आठ बीघा अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई की।

## फरार चल रहे शातिर आरोपी को नगराम पुलिस भेजा जेल

**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगराम पुलिस ने मंगलवार को बड़ी सफलता हासिल करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पिछले दो वर्षों से पुलिस की गिरफ्त से बच रहा था और क्षेत्र में चोरी व नकबजनी की घटनाओं को अंजाम देता रहा। नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी के नेतृत्व में चेकिंग अभियान के दौरान अमवा मुर्तिजापुर गांव के निवासी सर्वजीत रावत उर्फ राजू पुत्र राम सुविदित को पुलिस ने धर दबोचा। पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी शांति भंग की कार्यवाही के तहत गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक सर्वजीत रावत उर्फ राजू पर कई संगीन मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें चोरी, नकबजनी और गुंडा एक्ट शामिल हैं। अब तक उसके खिलाफ दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं।नगराम पुलिस का कहना है कि आरोपी लगातार घटनाओं को अंजाम देकर फरार हो जाता था, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ था। गिरफ्तार करने शामिल उपनिरीक्षक संदीप कुमार तथा कांस्टेबल कमल कुमार की अहम भूमिका रही।

## प्रेम प्रसंग विवाद में युवक की पिटाई से मौत, दो गिरफ्तार

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजधानी लखनऊ के सहादतगंज क्षेत्र में मंगलवार को प्रेम प्रसंग से जुड़े विवाद में एक युवक की बेरहमी से पिटाई कर दी गयी। उपचार के दौरान युवक की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मृतक की पहचान अली अब्बास (26) निवासी हातानूर बेग, थाना सहादतगंज के रूप में की गई। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले हिमालय प्रजापति ने अपने साथियों सोनू और सौरभ प्रजापति के साथ मिलकर अली को अपने घर बुलाया और लाठी-डंडों से मारपीट की। इस दौरान अली के सिर में गंभीर चोट आई। उसे ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।सूचना मिलने पर पुलिस और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृतक के पिता आरिफ जमीर की तहरीर पर थाना सहादतगंज में केस दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी हिमालय प्रजापति, सौरव और सोनू के खिलाफ दर्ज कर ली गयी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए हिमालय प्रजापति (26) और सौरभ प्रजापति (30) को गिरफ्तार कर लिया, जबकि तीसरे आरोपी की तलाश जारी है।पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने स्वीकार किया कि अली अब्बास का उनकी बहन से लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसी वजह से उन्होंने रंजिशन उसे बुलाकर मारपीट की, जिससे उसकी मौत हो गई।

## भाजपा की डबल इंजन सरकार बालिकाओं की शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है : विधायक

# मलिहाबाद में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के पुनर्निर्माण का हुआ भूमि पूजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मलिहाबाद/लखनऊ। मलिहाबाद में प्रोजेक्ट अलंकार योजना के अंतर्गत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के पुनर्निर्माण कार्य का भूमि पूजन सोमवार को क्षेत्रीय विधायक जय देवी कौशल ने विधि-विधान से किया। भूमि पूजन के दौरान विधायक ने कहा, प्रदेश की डबल इंजन सरकार बालिकाओं की शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यह कॉलेज न सिर्फ नई इमारत बनेगा, बल्कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त एक संस्थान होगा जो छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ व्यावसायिक कौशल भी प्रदान करेगा। मलिहाबाद की बेटियां अब किसी से पीछे नहीं रहेंगी। गौरतलब है कि राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की पुरानी इमारत जर्जर हो चुकी थी, जिससे छात्राओं को पढ़ाई में दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत लगभग 10.32 करोड़ रुपये की लागत से कॉलेज का पुनर्निर्माण होगा। नई इमारत में अत्याधुनिक कक्षाएं, पुस्तकालय, कंप्यूटर लैब, खेल का मैदान और छात्रावास जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। जिला शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि वर्तमान में कॉलेज में करीब 536 छात्राएं अध्ययनरत हैं। पुनर्निर्माण के बाद छात्राओं की संख्या दोगुनी हो सकती है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' और 'कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय' जैसी योजनाओं से जुड़कर और अधिक प्रभावी होगी। अभिभावकों और छात्राओं ने इस पहल का स्वागत किया। अभिभावक रेखा देवी ने कहा, ब्लअब हमारी बेटियां सुरक्षित माहौल में बेहतर शिक्षा हासिल कर सकेंगी।



वहीं, छात्रा प्रियंका ने उत्साहित होकर कहा, यह कॉलेज हमारी ड्रीम स्कूल बनेगा, जहां हमें किताबों के साथ आत्मनिर्भर बनने का अवसर भी मिलेगा। मलिहाबाद विधानसभा क्षेत्र शिक्षा के मामले में पिछड़ा माना जाता है।

विधायक जय देवी ने अपने कार्यकाल में क्षेत्र के विकास के लिए सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़ी कई परियोजनाओं को आगे बढ़ाया है। यह भूमि पूजन न सिर्फ कॉलेज के पुनर्निर्माण की शुरुआत है, बल्कि महिला शिक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण संकल्प भी है। प्रदेश सरकार के अनुसार, प्रोजेक्ट अलंकार के तहत पूरे प्रदेश में 500 से अधिक स्कूलों और कॉलेजों का पुनर्निर्माण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 'मिशन शिक्षा' इसी योजना के माध्यम से साकार हो रहा है।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर ज़िला शिक्षा अधिकारी, स्कूल की प्रधानाचार्या, अभिभावक, छात्राएं और नगर पंचायत के सभासद इमरान अंसारी, सभासद अमिनेश, सभासद रवि राजपूत, भाजपा नेता लल्ला यादव मौजूद रहे।

# आजम पर लगे आरोप आगे भी होंगे साबित: अनिल राजभर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ भाजपा सरकार पर पुलिस का राजनीतिक इस्तेमाल कर विपक्षी दलों को फंसाने के समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव के बयान पर पलटवार करते हुये उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि आजम खान पर लगे आरोप आगे साबित भी होंगे।

मंगलवार को प्रदेश सरकार के श्रम मंत्री अनिल राजभर ने कहा ह्ल सभी लोग जानते हैं कि न्यायालय के दरवाजे हमेशा सभी के लिए खुले रहते हैं। अगर बिना आधार के पुलिस ने कार्रवाई की होती तो आखिर समाजवादी पार्टी के नेता को इतने लंबे समय तक जेल में क्यों रहना पड़ता। न्यायालय भी सरकार को कटघरे में खड़ा करने का प्रयास करता। राजभर ने कहा कि अगर सरकार ने झूठे मुकदमे में फसाया है, तो समाजवादी पार्टी अब तक क्या कर रही थी। अब तक क्यों नहीं छुड़ा लिया। यह सिर्फ वोट के लिए इस तरह की बयान बाजी की जा रही है, जो कहीं से भी उचित नहीं है। बहुत लंबी कार्यवाही हुई है। तथ्य और प्रमाण के साथ प्रदेश सरकार ने, हमारी पुलिस ने कार्रवाई की है और इसको न्यायालय ने भी माना है। उन्होंने कहा कि आगे आजम पर लगे आरोप साबित भी होंगे।

गौरतलब है कि समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को प्रदेश की भाजपा सरकार पर आरोप लगाया था कि भाजपा सरकार पुलिस का राजनीतिक इस्तेमाल कर रही है। सत्ता का दुरुपयोग कर अपने राजनीतिक एजेंडे को पूरा करने के लिए विपक्षी दलों के नेताओं पर झूठे मुकदमें लगवाती है। कहा कि जब सरकार पुलिस से पॉलिटिकल पोलिंग करायेगी, उन्हें चुनावी गोरखधंधे का हिस्सा बनाएगी तो अवैध कार्यों, भ्रष्टाचार और वसूली में पुलिस की मिलीभगत को नज़र अंदाज करने पर मजबूर भी होगी।

## मिशन के तहत महिलाओं की शिक्षा और जागरूकता पर दिया जाएगा विशेष बल

# महिला सुरक्षा को दी जाएगी सर्वोच्च प्राथमिकता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मिशन शक्ति का पांचवां चरण 22 सितंबर से शुरू होकर 21 अक्टूबर तक चलेगा। इस एक महीने तक चलने वाले अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, सशक्तीकरण और आत्मनिर्भरता को मजबूत करना है। इस चरण में सबसे ज्यादा फोकस महिला सुरक्षा पर है। सरकार ने महिला सुरक्षा के लिए विशेष हेल्पलाइन नंबर, महिला थाने और महिला पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़ाने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही, पिंक बूथ और पेट्रोलिंग स्क्वॉड को और अधिक सशक्त किया जा रहा है, ताकि महिलाएं निर्भीक होकर समाज में अपनी भूमिका निभा सकें।

मिशन शक्ति का पांचवां चरण महिलाओं के जीवन में बदलाव की नई दिशा तय कर रहा है। यह चरण उन्हें सुरक्षित माहौल देने के साथ-साथ शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य के क्षेत्र में मजबूती दे रहा है। योगी सरकार की यह पहल उत्तर प्रदेश को महिलाओं के लिए सुरक्षित, सशक्त और अवसरों से भरपूर राज्य बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है। मिशन शक्ति की नोडल अधिकारी पद्मजा चौहान ने मंगलवार को बताया कि मिशन शक्ति के पांचवें चरण में शिक्षा को महिलाओं के सशक्तीकरण का सबसे मजबूत हथियार माना गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। छात्रवृत्ति योजनाओं और डिजिटल शिक्षा कार्यक्रमों को और विस्तार दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री का मानना है कि शिक्षा ही महिलाओं को समान अवसर और आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर कर सकती है। मिशन शक्ति के तहत चलने वाले ये कार्यक्रम न केवल महिलाओं को ज्ञान देंगे, बल्कि उन्हें रोजगार और उद्यमिता के नए अवसरों से भी जोड़ेंगे। महिला स्वास्थ्य को लेकर इस चरण में विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। स्वच्छता, पोषण और मानसिक स्वास्थ्य पर आधारित वर्कशॉप और हेल्थ कैंप लगाए जा रहे हैं। खासकर ग्रामीण और पिछड़े इलाकों में महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाएं आसानी से उपलब्ध कराने पर जोर है। इसके साथ ही, महिला उद्यमिता और स्वरोजगार योजनाओं को गति दी जा रही है।




छोटे उद्योग, स्टार्टअप्स और स्वरोजगार के लिए सरकार वित्तीय और तकनीकी सहायता उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे महिलाएं आर्थिक रूप से स्वतंत्र होकर परिवार और समाज में अपनी स्थिति मजबूत कर सकें।

मिशन शक्ति के पांचवें चरण में आत्मरक्षा, जीवन कौशल और नेतृत्व क्षमता पर केंद्रित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। स्कूलों, कॉलेजों और सामुदायिक केंद्रों पर आयोजित इन कार्यशालाओं का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाना है। आत्मरक्षा के विशेष प्रशिक्षण से महिलाएं खुद को और दूसरों को सुरक्षा प्रदान करने में सक्षम हो रही हैं। जीवन कौशल कार्यक्रम उन्हें वित्तीय प्रबंधन, स्वास्थ्य संबंधी निर्णय और सामाजिक दायित्वों में सक्रिय बनाएंगे। नोडल अधिकारी ने बताया कि महिलाओं के खिलाफ अपराधों को रोकने के लिए कड़े कानूनी कदम भी इस चरण में शामिल हैं। प्रत्येक जिले में विशेष निगरानी और फास्ट-ट्रैक कोर्ट्स को सक्रिय किया गया है ताकि अपराधियों को त्वरित सजा मिल सके। पुलिस प्रशासन को यह निर्देश दिए गए हैं कि महिला संबंधित मामलों को प्राथमिकता से निपटाया जाए। सरकार का स्पष्ट संदेश है कि महिलाओं की गरिमा और अधिकारों से समझौता किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप मिशन शक्ति केवल एक अभियान नहीं बल्कि महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तीकरण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के चार स्तंभों पर आधारित यह पहल उत्तर प्रदेश की महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने का ठोस प्रयास साबित हो रही है।

# जरूरतमंद बच्चों को मिलीं किताबें और स्कूल किट

**साहित्य सृजन संस्थान, बिसवां द्वारा जिला सह प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बिसवां, विकल्प जी की उपस्थिति में बच्चों को निःशुल्क वितरित की गईं पाठ्य पुस्तकें**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां, सीतापुर। शैक्षिक, सामाजिक, साहित्यिक सरोकारों को समर्पित अ. भा. संस्था 'साहित्य सृजन संस्थान' द्वारा क्षेत्र बच्चों के शैक्षिक विकास के लिए बिसवां में निकट पशु चिकित्सालय, तहसील रोड पर स्थापित 'सृजन पुस्तकालय' में ( हाई स्कूल इंटर के छात्र छात्राओं को) निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें, स्टेशनरी एवं स्कूल बैग उपलब्ध कराया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बिसवां, सह जिला प्रचारक विकल्प जी उपस्थित रहे। संस्थान द्वारा उन्हें स्मृतिचिह्न एवं साहित्यिक पुस्तकें प्रदान कर सम्मानित किया गया।मुख्य अतिथि की मौजूदगी में ग्राम जोगीपुर पोस्ट कोटरा निवासी, मौलाना आजाद हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा प्रियंका वर्मा पुत्री अमर सिंह, को उनकी पाठ्यक्रम की पुस्तकें, स्टेशनरी और स्कूल बैग, स्वर्गीय श्रीमती पुष्पा सिंह की पुण्य स्मृति में उनके सुपुत्र ऋतुराज सिंह लाल साहब के सौजन्य से प्रदान किया गया। इसी क्रम में कुछ अन्य बच्चों को भी उनकी स्कूल किट वितरित की गई।इस अवसर पर विकल्प जी ने अपने संबोधन में कहा कि पुस्तकालय ज्ञानार्जन, सीखने, शोध और अन्वेषण का एक महत्वपूर्ण स्थान हैं। पुस्तकालय में कि शैक्षिक चेतना सामाजिक सरोकारों को सुदृढ़ करने में अपना महनीय योगदान देते हैं। इस दृष्टि से सृजन पुस्तकालय का यह प्रयास सराहनीय है। हमारी शुभकामनाएं और भरपूर सहयोग संस्थान को सदैव सुलभ रहेगा।

संस्थान के संस्थापक/अध्यक्ष साहित्यकार संदीप मिश्र सरस ने बताया कि संस्थान द्वारा प्रतिवर्ष क्षेत्र के मेधावी जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को निःशुल्क स्कूल बुक किट उपलब्ध कराई जाती है। ये बच्चे अपनी मेधा के बल पर सफलता अर्जित करके बिसवां का नाम पूरी दुनिया में जब रोशन करेंगे तो हमारे संस्थान का संकल्प सार्थक हो जाएगा।कार्यक्रम में पर्यावरण गतिविधि जिला प्रमुख ऋतुराज सिंह, दीपक शुक्ला, शिवांशु पाण्डेय रोहित, पूर्व ब्लाक प्रमुख राकेश वर्मा, पंकज गुप्ता, मौलाना आजाद हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रबंधक प्रतिनिधि, एसजेडी कॉलेज, अंग्रेजी प्रवक्ता मोहम्मद मकसूद, वरिंदर सिंह रिंकल, रोहित मिश्र, अंबर श्रीवास्तव, मुकुंद पांडेय आदि एवं बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे।उल्लेखनीय है कि पुस्तकालय में विभिन्न भाषाओं की साहित्यिक, ऐतिहासिक, वैज्ञानिक, दार्शनिक पुस्तकों के साथ-साथ पर्याप्त कंपटीशन बुक्स की व्यवस्था है। प्रतिवर्ष विभिन्न महाविद्यालयों के अन्यान्य शोध छात्र छात्राएं पुस्तकालय द्वारा उपलब्ध पुस्तकों से अपने लघु शोध प्रबंध तैयार करते हैं।सृजन पुस्तकालय द्वारा समय-समय पर बच्चों को विभिन्न स्कूल, कोचिंग सेंटर में एडमिशन एवं छूट का सहयोग दिलाया जाता है और छात्र-छात्राओं के लिए मोटिवेशनल क्लासेस एवं करियर काउंसलिंग के प्रोग्राम आयोजित किए जाते हैं। अब पुस्तकालय में कंप्यूटर प्रशिक्षण की भी व्यवस्था संचालित हो गई है।

## ग्राम पंचायत अधिकारी संघ सकरन की नई कार्यकारिणी घोषित, अजीत यादव बने अध्यक्ष



सकरन,सीतापुर। सकरन ब्लाक में ग्राम पंचायत अधिकारी कार्यकारिणी संघ में अजीत यादव अध्यक्ष मनोनीत किये गए म्ब्लाक सकरन में ग्राम पंचायत अधिकारी संघ कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें अजीत यादव को अध्यक्ष दिनेश यादव को संरक्षक अरूण कुमार वर्मा को उपाध्यक्ष अनूप कुमार को महामंत्री अजय कुमार को कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र दीक्षित को जिला प्रतिनिधि पूजा शर्मा को मीडिया प्रभारी शशिकान्त तिवारी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेन्द्र वर्मा को संगठन मंत्री तथा विनय लोधी को सदस्य चुना गया ब्लाक के सचिवों ने मनोनीत अध्यक्ष अजीत यादव को शुभकामनायें दी।

# विधायक का सराहनीय कार्य जनसुनवाई शिविर कार्यक्रम आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता




कसमंडा, सीतापुर। विकासखंड कसमंडा के अंतर्गत 152 सिधौली विधानसभा के विधायक मनीष रावत द्वारा कुंवर गड्ड़ी बाजार में विशाल जनसुनवाई शिविर का आयोजन किया गया। जनसुनवाई शिविर में पुलिस विभाग ,बाल विकास ,स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, विद्युत विभाग ,खाद्य आपूर्ति विभाग एवं विकासखंड कसमंडा के समस्त जिम्मेदार उपस्थित रहे। संबंधित विभागों के प्रति आई शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी से निरीक्षण करके पारदर्शिता के साथ निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। विशेष आवास एवं राशन कार्ड से। संबंधित शिकायतों के प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसको लेकर क्षेत्रीय सचिवों को निर्देशित करते हुए क्षेत्रीय जनता के बीच समन्वय स्थापित कर शिकायतों का आवासो को लेकर तत्काल निस्तारण करने को सचिव गनेश कुमार और कुलदीप को निर्देशित किया । अग्रिम जनसुनवाई शिविर जल्द ही मास्टरबाग कस्बे में किया जाएगा। पुनः शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित कर्मचारी के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर कसमंडा मंडल अध्यक्ष विजय कुमार उर्फ सोनू ब्लॉक प्रमुख कसमंडा मुन्नी देवी सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# नरेगा लूट व गौशाला में गौहत्या का केंद्र बनीं सकरन की कलिमापुर

**मनरेगा में भ्रष्टाचार के जनक एपीओ सकरन फर्जी कार्यों के जरिए बटोर रहे सुर्खियां तो सचिव व प्रधान भूखों मार रहे गाएं**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**सकरन,सीतापुर।** नवागत एपीओ सकरन के चलते मानकविहीन श्मशान घाट निर्माण में फर्जी मनरेगा के मजदूरों का खेल खेल रहे प्रधान कलिमापुर साथ ही बगैर हरे चारे भूसे के ही भूखों मार रहे गौवंश।मनरेगा योजना से बनवाए जा रहे श्मशान घाट के काम में महिलाएं नदारद जोकि किसी भी एनएमएमएस में नहीं दिखतीं फिर भी मास्टर रोल पर दर्शाई जा रहीं इस विषय पर जब अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी विकास श्रीवास्तव से वार्ता की गई तो अपने अड़ियल अंदाज में बताया कि हमको इस चीज से कोई मतलब नहीं जो हो रहा है सही हो रहा है आपलोगों को जो भी छापना हो छापो क्या हमही कमीशन लेते हैं कमीशन ऊपर तक जाता।ग्रामपंचायत में स्थित गौशाला में पड़ी मिली मरणासन्न गायों कि दुर्दशा पर जब ग्राम प्रधान से बात कि गई तो उन्होंने बताया ये गौशाला क्षेत्रीय विधायक का संरक्षित है एकाध गाएं तो मरेंगी ही ये सब चलता रहता है बाकी पैसा कोई दिलाने वाला नहीं ख़बर छापने से हम नहीं घबराते हैं।मामले कि जानकारी लेने के लिए जब पंचायत सचिव से फोन के माध्यम से संपर्क किया गया तो फोन ही नहीं उठाया गया।अब ऐसी स्थिति में कैसे पाएंगे गरीब ग्रामीण रोजगार और जिन्दा बचेंगी गाएं ये सिर्फ खण्ड विकास अधिकारी सकरन व मुख्य विकास अधिकारी सीतापुर ही जानते।

## मिशन शक्ति कार्यक्रम में प्रिया देवी बनीं एक दिवसीय बी.ई.ओ.

सीतापुर। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान कार्यक्रम मिशन शक्ति 2025-26 के अंतर्गत कम्पोजिट विद्यालय इस्माइलपुर नगर क्षेत्र की छात्रा प्रिया देवी कक्षा 8 द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र सीतापुर की भूमिका का निर्वहन किया गया ।

स्वयं खंड शिक्षा अधिकारी कुलदीप द्वारा प्रिया का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया गया साथ ही उन्हें वस्त्र भी भेंट किया गया एवं खंड शिक्षा अधिकारी के पदीय दायित्वों की जानकारी दी गई और उनसे उत्कृष्ट कार्य की कामना की । तत्पश्चात उद्धध बनी प्रिया ने सहायक लेखाकार अभिनव श्रीवास्तव, कम्प्यूटर आपरेटर गौतम एवं क्वालिटी को आर्डिनेटर सुश्री अंशिका से बातचीत की तथा उनके कार्यों की जानकारी प्राप्त की । उन्होंने कहा कि समस्त पटल के कर्मचारी अपने दायित्वों उचित तरीके से निर्वाह करें तत्पश्चात कार्यालय के विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया।

# विधि विधान से पूजा–अर्चना कर प्रारंभ हुआ 6 वॉ मां भगवती दुर्गा पूजा महोत्सव

**सन्दान देवी मंदिर के नाम पर पड़ा था , संदना गांव का नाम**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर, संदना। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 6वॉ मां भगवती नव दुर्गा पूजा महोत्सव संदना प्रारंभ हो चुका है। संदना कस्बे में स्थित सन्दान देवी मंदिर पुरानी बस्ती संदना मंदिर पर प्रथम नवरात्र से मां भगवती नव दुर्गा पूजा महोत्सव प्रारंभ हो चुका है। इस दौरान कई सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होना भी प्रस्तावित हुआ है। जो कि स्वर साधना म्युजिकल ग्रुप जीतू झलिया आर्ट ग्रुप के द्वारा 30 सितंबर दिन मंगलवार को शाम 8 बजें से प्रस्तुति की जायेगी। 6वॉ मां भगवती नव दुर्गा पूजा महोत्सव संदना समिति के समस्त व्यवस्थापकों ने बताया। कि 22 सितंबर दिन सोमवार को प्रातः दस बजे विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर कलश स्थापना की गई। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित रहे। उन्होंने बताया कि प्रत्येक दिन सुबह व शाम 8: 30 बजे से होने वाली आरती कार्यक्रम का विशेष आकर्षण होती है। कार्यक्रमों की श्रृंखला में आरती, भजन कीर्तन, नाच-गान आदि का होना सुनिश्चित हुआ है। वही साथ ही अष्टमी के दिन मां भगवती का श्रृंगार भी किया जाता है। एवं नवमी को हवन पूजन व दशमी को कन्या भोज के बाद विसर्जन हेतु नैमिषारण्य के देवदेवेश्वर धाम के लिए शोभायात्रा प्रस्थान करेगी। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अष्टमी की रात्रि को जगराते में स्वर साधना म्युजिकल ग्रुप जीतू झलिया आर्ट ग्रुप के द्वारा प्रस्तुति की जाएगी। संदना समिति एवं आचार्य पंडित श्री सोम मिश्रा जी ने सभी भक्तों से अधिकांश संख्या में जगराते में सम्मिलित होने की अपील की है।*सन्दान देवी मंदिर के नाम पर पड़ा संदना गांव का नाम*संदना के बुजुर्गो का कहना हैं। कि यहा संदना में स्थित सन्दान देवी माता रानी मंदिर में एक बार चोर-चोरी करने आए थे। चोर-चोरी करके भाग रहे थे। लेकिन अचानक उनके पैरों में बेड़ियां पड़ गई थी। सुबह होते ही गांव के लोग जब शौच के लिए मंदिर की तरफ गए। तो देखा कि चोरों के पैरों में बेड़ियां कसी हुई है। ग्रामीणों ने चोर को पड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था। जिसके बाद से सन्दान देवी माता मंदिर के नाम से संदना गांव का नाम पड़ गया था।

# आयुर्वेद दिवस : वृहद आयुष चिकित्सा शिविर का कलेक्ट्रेट परिसर में भव्य आयोजन

**आयुर्वेद, योग, यूनानी, होम्योपैथी चिकित्सा शिविर के लगे स्टॉल, बांटी औषधिया**

**चिकित्सा शिविर में देखे गए 632 मरीज**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। दशम आयुर्वेद दिवस पर कलेक्ट्रेट परिसर में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर भगवान धन्वंतरि जी को पुष्प अर्पित करते हुए बृहद आयुष चिकित्सा शिविर का शुभारंभ किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने आयुर्वेद के महत्व को समझाते हुए कहा कि आज आयुर्वेद वैश्विक स्वास्थ्य के लिए नवाचार बन चुका है, आयुष औषधियों के प्रयोग से कोई दुष्प्रभाव नहीं है इसलिए हम सभी को ज्यादा से ज्यादा आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को अपनाना चाहिए। इस आयुष पद्धति को पहुंचाने की जिम्मेदारी आयुष विभाग के माध्यम से निभाई जा रही है यह अत्यंत सराहनीय है। इस अवसर पर क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. सुमन्त कुमार और नोडल अधिकारी डॉ. विनय कुमार भारती ने डीएम का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया और कार्यक्रम की आवश्यकता व प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। शिविर में आयुर्वेद, योग, यूनानी और होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के स्टॉल आकर्षण का केंद्र बने। 632 मरीजों (573 पुरुष एवं 59 महिला) ने पंजीकरण कर निःशुल्क औषधियां एवं परामर्श का लाभ उठाया। इन्होंने आयुष चिकित्सा शिविर जनमानस को प्रदान की निशुल्क चिकित्सा सेवाएं : आयुर्वेद चिकित्सा सेवा में डॉ. हरवीर गंगवार, डॉ. योगेन्द्र कुमार, डॉ. रिशू सिंह, डॉ. प्रियंका वर्मा के साथ फार्मासिस्ट रमाशंकर श्रीवास्तव, अजीत कुमार सिंह, देवेंद्र कुमार चौबे और राकेश कुमार शामिल रहे। यूनानी चिकित्सा से डॉ. नेहा भारती, होम्योपैथी से डॉ. अजय वैश्य, डॉ. विनीता सिंह तथा योग चिकित्सा से योग प्रशिक्षक प्रिंस रंजन, कुलदीप वर्मा, अमित कुमार, योगेश शर्मा और राजदीपिका तिवारी ने योगाभ्यास व परामर्श से लोगों को लाभान्वित किया।शिविर को सफल बनाने में जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुरेंद्र कुमार सिंह, वरिष्ठ सहायक आलोक अवस्थी, कनिष्ठ सहायक रविंद्र कुमार (प्रथम व द्वितीय), मनोज कुमार मिश्रा, मो. शादाब, स्वच्छक विकास कुमार, प्रमोद कुमार और लतीफ अहमद ने सराहनीय योगदान दिया।

# पलिया पुलिस की बड़ी कार्रवाई, आठ नफर वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पलिया कलां खीरी। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के निर्देशन में वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पलिया पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना प्रभारी पंकज त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मंगलवार को आठ वारंटी अभियुक्तों को दबोच लिया। सभी को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।गिरफ्तार किए गए वारंटियों के नाम क्रमशः विक्की सिंह उर्फ विकास पुत्र जसवंत सिंह निवासी ग्राम बोझवा, सियाउद्दीन पुत्र अमानत, बबलू पुत्र रामरतन, रसीद उर्फ भाग पुत्र रहीस (सभी निवासी ग्राम अतरिया), रूपेश गुप्ता पुत्र महेश प्रसाद गुप्ता निवासी मोहल्ला रंगरेजान द्वितीय कस्बा पलिया, छोटेलाल पुत्र बादशाह निवासी कृष्णानगर, समीर पुत्र नसरुद्दीन निवासी मोहल्ला माहिगिरान द्वितीय तथा भागवत सहाय पुत्र बहादुर निवासी पलिया खुर्द को गिरफ्तार किया गया है।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक प्रेम नारायण (चौकी प्रभारी कस्बा पलिया), उपनिरीक्षक राजीव कुमार, उपनिरीक्षक अखिलेश मिश्रा, हेड कांस्टेबल जयप्रकाश यादव, कांस्टेबल जीवन सिंह, मुकेश कुमार, अनुज कुमार, संदीप चौधरी, सुनील रावत व कृष्ण मुरारी शामिल रहे। पुलिस टीम की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है।

## सिधौली विधानसभा में समाजवादी पार्टी की पीडीए पंचायत आयोजित

सिधौली, सीतापुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार सिधौली विधानसभा क्षेत्र में पार्टी के प्रदेश सचिव एड0 रामपाल भार्गव के नेतृत्व में ग्राम गोविंदपुर (बरोय) में पीडीए पंचायत का भव्य आयोजन किया गया। इस पंचायत में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।कार्यक्रम की शुरुआत में कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी की नीतियों और विचारधारा पर चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान सरकार हर वर्ग को ठगने का काम कर रही है, किसान, नौजवान, मजदूर, व्यापारी सभी परेशान हैं। ऐसे समय में समाजवादी पार्टी ही प्रदेश की सच्ची प्रतिनिधि पार्टी है, जो सभी वर्गों को साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है।प्रदेश सचिव एड0 रामपाल भार्गव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का लक्ष्य प्रत्येक कार्यकर्ता का सपना ही नहीं, बल्कि संकल्प होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं और जनता को यह बताएं कि समाजवादी सरकार में किसानों को मुफ्त सिंचाई, छात्रों को लैपटॉप, गरीबों को पेंशन और बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर दिए गए थे।उन्होंने जोर देकर कहा कि समाजवादी सरकार ही प्रदेश को खुशहाल बना सकती है। इसलिए आगामी विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए कार्यकर्ता अभी से जुट जाएं।पीडीए पंचायत में शामिल प्रमुख लोगों में नरपति कोटेदार नरहरपुर, ऐशपाल, बन्दरबाबा, कन्हैया लाल यादव, राधे लाल पासी, शोहन ठाकुर (पासी धर्म), रामकरन यादव (विधानसभा सचिव समाजवादी पार्टी) और शिवम यादव (समाजवादी कार्यकर्ता) समेत कई ग्रामीण और समर्थक मौजूद रहे।कार्यकर्ताओं ने नारे लगाते हुए अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प दोहराया और 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का भरोसा जताया। पंचायत के दौरान पूरे गांव का माहौल समाजवादी नारों से गूंज उठा।नेताओं ने कहा कि यह अभियान यहीं समाप्त नहीं होगा बल्कि लगातार पंचायतों, बैठकों और जनसंपर्क के माध्यम से सिधौली विधानसभा सहित पूरे सीतापुर जिले में समाजवादी विचारधारा का विस्तार किया जाएगा

## प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में जीएसटी बचत उत्सव के आयोजन के तहत प्रेस वार्ता

रायबरेली। प्रभारी मंत्री, रायबरेली मंत्री सुक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमी, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा तथा वस्त्रोघोग विभाग उप्र राकेश सचान ने आज जिला पंचायत हॉल में जीएसटी बचत उत्सव के आयोजन हेतु प्रेस वार्ता की गयी। मंत्री ने प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि मुझे यह बताते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में जीएसटी व्यवस्था में ऐतिहासिक सुधार किए गए हैं। इन सुधारों ने हमारी कर प्रणाली को सरल, पारदर्शी और जनहितैषी बनाया है। उन्होंने कहा कि आपके सामने देश के सबसे बड़े कर सुधार नेक्स्ट जेनेरेशन जीएसटी सुधारों पर बोलते हुए गर्व महसूस कर रहा हूँ। 3 सितम्बर 2025 को हुई 56वीं जीएसटी काउंसिल बैठक ने ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं, जो 2017 में जीएसटी लागू होने के बाद का सबसे बड़ा बदलाव है। यह सुधार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के ''जीवन में आसानी, व्यापार में आसानी'' के विज़न का साकार रूप है। अब देश में सिर्फ दो दरें 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत लागू होंगी। विलासिता और लग्जरी वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष दर रखी गई है। इससे कर प्रणाली पारदर्शी, न्यायसंगत और सरल होगी। प्रभारी मंत्री ने बताया कि दूध, पनीर, शैम्पू, साबुन, टूथपेस्ट जैसी रोज़मर्रा की चीजें अब केवल 5 प्रतिशत या शून्य दर पर होगी। हमारी सरकार शिक्षा को सर्वाधिक महत्व देती है इसलिए कॉपियां, पेंसिल, नोटबुक और बच्चों की सामग्री अब पूरी तरह कर-मुक्त। किसानों के लिए ट्रैक्टर, टायर, कीटनाशक और सिंचाई उपकरण पर कर घटाकर 5 प्रतिशत। स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों पर जीएसटी पूरी तरह हटाया गया है। दवाइयों, ऑक्सीजन और टेस्ट किट पर भारी कटौती की गई है। कार और बाइक पर जीएसटी 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत 10 प्रतिशत की राहत दी गयी है। यह सब मिलकर करोड़ों परिवारों की जेब में सीधी बचत पहुँचाएंगे। उन्होंने बताया कि लग्जरी कार, यॉट, कसीनो जैसी वस्तुएँ अब 40 प्रतिश के विशेष स्लैब में है। तम्बाकू और पान मसाला पर उच्च कर दर तब तक जारी रहेगी, जब तक मुआवजा सेस ऋण पूरी तरह चुकता नहीं होता। इसका सीधा असर होगा आम आदमी पर बोझ घटेगा, और गैर-जरूरी उपभोग पर कर बढ़ेगा। एमएसएमई के लिए 3 दिन में ऑटो-अप्रूवल रजिस्ट्रेशन। उन्होंने कहा कि निर्यातकों को 90 प्रतिशत तक ऑटोमेटिक रिफंड सुविधा। रिस्क बेस्ड कम्पलायंस से व्यापार आसान और तेज़ होगा।

# केले की फसल में भारी गिरावट, किसान ने तीन एकड़ केले की लहलहाती फसल को ट्रैक्टर से जोता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। निघासन तहसील के ओरी पुरवा गांव के रहने वाले किसान गोवर्धन वर्मा ने तीन एकड़ की केले की लहराती फसल को ट्रैक्टर से जोत दिया उस किसान के पास कुल 10 एकड़ जमीन थी जिसमें से 9 एकड़ उस किसान ने केला लगाया था। जबकि एक एकड़ भूमि पर धान की खेती की थी। मीडिया के द्वारा किसान से बात करने पर उसने बताया लखीमपुर खीरी जनपद को हमेशा से ''चीनी का कटोरा'' कहा जाता है,उसके बावजूद चीनी मिलों के द्वारा समय पर गन्ने का भुगतान न करने की वजह से इस बार हमने केले की फसल की थी।2 लाख रुपए केले की फसल लगाने के लिए मैंने कर्ज लिया था ,केले की फसल का पिछले साल ?2000 प्रति कुंतल का भाव था जबकि इस साल?600 से लेकर ?700 प्रति कुंटल का भाव है। जिस वजह से मेरा लगाया गया पैसा डूब गया इस कारण से परिवार में समस्याओं का बोझ आ गिरा। जिस कारण से मैने केले की फसल का रख रखाव के चलते खेती से तंग आकर 9 एकड़ की केले की फसल मेंसे मैने 3 एकड़ फसल ट्रैक्टर से जो दी है मुझे आज तक कृषि विभाग से कोई भी लाभ नहीं मिला ना कि सरकार मेरी सु

# सिधौली विधानसभा में समाजवादी पार्टी की पीडीए पंचायत आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिधौली, सीतापुर । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार सिधौली विधानसभा क्षेत्र में पार्टी के प्रदेश सचिव एड0 रामपाल भार्गव के नेतृत्व में ग्राम गोविंदपुर (बरोय) में पीडीए पंचायत का भव्य आयोजन किया गया। इस पंचायत में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।कार्यक्रम की शुरुआत में कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी की नीतियों और विचारधारा पर चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान सरकार हर वर्ग को ठगने का काम कर रही है, किसान, नौजवान, मजदूर, व्यापारी सभी परेशान हैं। ऐसे समय में समाजवादी पार्टी ही प्रदेश की सच्ची प्रतिनिधि पार्टी है, जो सभी वर्गों को साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है।प्रदेश सचिव एड0 रामपाल भार्गव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का लक्ष्य प्रत्येक कार्यकर्ता का सपना ही नहीं, बल्कि संकल्प होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं और जनता को यह बताएं कि समाजवादी सरकार में किसानों को मुफ्त सिंचाई, छात्रों को लैपटॉप, गरीबों को पेंशन और बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर दिए गए थे।उन्होंने जोर देकर कहा कि समाजवादी सरकार ही प्रदेश को खुशहाल बना सकती है। इसलिए आगामी विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए कार्यकर्ता अभी से जुट जाएं।पीडीए पंचायत में शामिल प्रमुख लोगों में नरपति कोटेदार नरहरपुर, ऐशपाल, बन्दरबाबा, कन्हैया लाल यादव, राधे लाल पासी, शोहन ठाकुर (पासी धर्म), रामकरन यादव (विधानसभा सचिव समाजवादी पार्टी) और शिवम यादव (समाजवादी कार्यकर्ता) समेत कई ग्रामीण और समर्थक मौजूद रहे।कार्यकर्ताओं ने नारे लगाते हुए अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प दोहराया और 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का भरोसा जताया। पंचायत के दौरान पूरे गांव का माहौल समाजवादी नारों से गूंज उठा।नेताओं ने कहा कि यह अभियान यहीं समाप्त नहीं होगा बल्कि लगातार पंचायतों, बैठकों और जनसंपर्क के माध्यम से सिधौली विधानसभा सहित पूरे सीतापुर जिले में समाजवादी विचारधारा का विस्तार किया जाएगा

# सूरजपुर गौशाला निर्माण एजेंसी को ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश

## वरिष्ठ अधिकारी कार्यों को चेक करें, निरीक्षण बढ़ाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। जनपद की प्रभारी मंत्री गुलाब देवी ने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से सेवा भाव से कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने विभागीय दायित्वों का पूरी जिम्मेदारी व गम्भीरतापूर्वक निर्वहन करें। उन्होंने रैंकिंग में सुधार करने तथा इस प्रकार कार्य करने के लिए कहा कि बदायूं प्रदेश में विकास कार्यों में प्रथम स्थान पर आए। सभी अधिकारी परस्पर विभागीय समन्वय के साथ कार्य करें। बैठक के दौरान सूरजपुर गौशाला की निर्माण एजेंसी को ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आहूत विकास कार्यों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री माध्यमिक शिक्षा (स्वतंत्र प्रभार) व जनपद की प्रभारी मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि 02 अक्टूबर तक सेवा कार्य पखवाड़े को सफल बनाते हुए कराए जा रहे कार्यों का निरीक्षण करें। उसमें जनप्रतिनिधियों का मार्गदर्शन भी प्राप्त करें। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि वह अपने-अपने विभागीय कार्यों को स्वयं चेक करें।सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने पड़ौलिया व कसेर स्वास्थ्य केदो में व्यवस्थाएं ठीक करने के लिए कहा। वही बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने कछला सीएससी में व्यवस्थाएं ठीक करने तथा जल जीवन मिशन ग्रामीण के अंतर्गत कराए गए गड्ढ़ों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से भरे जाने के लिए कहा।जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी राजीव कुमार गुप्ता ने गौशालाओं के निर्माण की स्थिति को जाना तथा विधानसभावार गौशालाओं का विवरण जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि प्राथमिक विद्यालयों का ऑनलाइन निरीक्षण ही किया जाए तथा यदि ऑफलाइन निरीक्षण करना पड़े तो उससे पूर्व उच्च अधिकारियों को सूचित किया जाए।बैठक के दौरान जिलाधिकारी अवनीश राय ने सूरजपुर गौशाला के निर्माण कार्यों में आ रही खामियों के दृष्टिगत संबंधित निर्माण एजेंसी को ब्लैक लिस्ट करने के लिए कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों ने जो निर्देश दिए हैं उसका शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा।मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने जनपद के विकास कार्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जनपद में 317 गौशालाएं हैं। उन्होंने बताया कि जनपद में अब तक 5117 मुख्यमंत्री आवास बनाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ था जिनमें से 4624 को पूर्ण कर लिया गया है। तथा 493 पर कार्य चल रहा है, जिन्हें शीघ्र पूर्ण कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनपद में एक करोड रुपए से अधिक के 1022 निर्माण कार्य हैं जिनमें से 857 जल जीवन मिशन से संबंधित है इसके लिए 25 कार्यदायी संस्था कार्य कर रही है।मुख्य विकास अधिकारी ने बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों से कहा कि जर्जर भवनों व कक्ष में कक्षाएं संचालित ना हो, यह सुनिश्चित किया जाए। प्राथमिक विद्यालयों में स्पोर्ट्स किट्स की गुणवत्ता की जांच कराई जाए। अगर वह खराब है तो उसमें रिकवरी व पेनल्टी लगाई जाए। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत में अब प्रधान के फ़ेस रिकॉग्निशन के उपरांत की भुगतान की व्यवस्था की गई है।

## महाराजा अग्रसेन जन्मोत्सव पर मेधावियों को किया सम्मानित

अनूपशहर। अग्रवाल सेवा समिति के तत्वधान में महाराजा अग्रसेन का जन्मोत्सव मनाकर वृद्धजनों व मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। सोमवार की देर शाम अग्रवाल सेवा समिति के तत्वधान में महाराजा अग्रसेन का जन्मोत्सव मनाकर समाज के वृद्धजनो व मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सतीश चंद गर्ग ने कहा कि बच्चों को सम्मानित करना अच्छी बात है। समाज का कोई बच्चा आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण आगे की पढ़ाई नहीं कर पा रहा है। समाज द्वारा उसे आर्थिक रूप से मदद करनी चाहिए। जिससे उसकी पढ़ाई ना रुक सके। इस मौके पर मेधावी आयुष बंसल, कुनिका जिंदल, अनिषा गर्ग, लिवनेश गोयल, भव्या गोयल, ध्रुव गर्ग, तेजस, नितेश बंसल, दृश्य अग्रवाल, अंशिका गर्ग, शिवांश तायल, वैभवी गर्ग, प्रांजल, श्रृष्टि, लवी, जाह्नवी, छाया, तनीषा तथा वृद्धजन रुक्मणि देवी, द्रोपा देवी, रामौतार बंसल, द्रोपादेवी को शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन सुनील गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में अभय गर्ग, श्रीकृष्ण अग्रवाल, विनीत बंसल, देवेश गोयल, अमित गोयल, पंकज गर्ग, मनोज अग्रवाल, आयुष गोयल, शिव कुमार गर्ग, करन बंसल, प्रियांशु बंसल, अमन गर्ग आदि मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत छात्राओं को किया जागरूक

**अनूपशहर।** मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत पुलिस उपाधीक्षक ने स्कूलों में जाकर छात्राओं को सुरक्षा करने के उपाय से अवगत कराया। कस्तूरबा गांधी स्कूल की छात्रा एक दिन के लिए खंड शिक्षा अधिकारी बनी। मंगलवार को क्षेत्र के गांव जिरौली स्थित एमबीएलके इंटर कालेज में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत पुलिस उपाधीक्षक रामकरन सिंह तथा कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र कुमार शर्मा ने छात्राओं को घर से तथा स्कूल से बाहर किसी भी खतरे को लेकर सुरक्षा के उपाय बताएं तथा किसी के बहकावे में ना आने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा मिशन शक्ति के अंतर्गत सुरक्षा प्रदान करने का संकल्प लिया है। और प्रत्येक बालिका तथा महिला की सुरक्षा की जिम्मेदारी उनका प्रमुख कर्तव्य है। इस मौके पर प्रधानाचार्य एफडी खान छात्राओं को किसी प्रकार के प्रलोभन में ना आने तथा परिचित या अपरिचित द्वारा गलत कार्य करने पर तत्काल कालेज तथा घर पर बताने का आह्वान किया। इस मौके पर गांव राजौर में स्थित स्कूल में भी मिशन शक्ति आयोजन किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी दीपक कुमार ने शासन के निर्देश पर कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्रा अंशिका शर्मा को एक दिन के लिए खंड शिक्षा अधिकारी पद की जिम्मेदारी दी। अंशिका शर्मा ने विभागीय फाइलों का अवलोकन कर शासन की नीति के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया। इस मौके पर कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की वार्डन मुनेश कुमारी, भूपेंद्र कुमार, शालू गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

## छात्राओं ने प्रदर्शनी के माध्यम से ली योजनाओं की जानकारी

**बदायूं।** बदायूं क्लब बदायूं में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा माननीय प्रधानमंत्री जी के व्यक्तित्व व कृतित्व तथा केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी का विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं, प्रधानाचार्य, अध्यापक,गणमान्य लोगों आदि में देखने के प्रति रुझान बड़ा है। मंगलवार को पार्वती कन्या इंटर कॉलेज आदि विद्यालयों की प्रधानाचार्य, अध्यापिकाओं व छात्राओं ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर उसे सराहा।गौरतलब है कि माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार के व्यक्तित्व व कृतित्व तथा योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी का गत दिनों केंद्रीय राज्यमंत्री द्वारा बदायूं क्लब बदायूं में शुभारंभ किया गया था। शुभारंभ के दिन से ही लोगों में इसके प्रति रुझान देखने को मिला है। प्रदर्शनी के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री जी के व्यक्तित्व व कृतित्व तथा केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी प्रदर्शित कराई गई है।प्रदर्शनी स्थापना के दिन 17 सितंबर से अब तक विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यो, अध्यापकों,छात्र–छात्राओं, अन्य गणमान्य लोगों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर मा0 प्रधानमंत्री जी के व्यक्तित्व व कृतित्व के बारे में जानकारी ली साथ ही केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा जनता के कल्याणार्थ संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी लेते हुए जरूरतमंदों को इसकी जानकारी देने की बात कही ताकि वह इसका लाभ लेकर अपना जीवन स्तर ऊंचा कर सकें।प्रदर्शनी आगामी 02 अक्टूबर 2025 तक संचालित रहेगी। प्रदर्शनी में विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के लिए आमजन से आगामी 05 अक्टूबर 2025 तक लिए जाने वाले सुझाव के लिए बारकोड स्कैनर भी स्टैंडी के माध्यम से उपलब्ध कराया गया है ताकि वह विकसित उत्तर प्रदेश व विकसित भारत के लिए अपने अमूल्य सुझाव सरकार को दे सकें। अच्छे सुझाव देने वालों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

## 24 सितम्बर को प्रधान डाकघर में होगी रद्दी व अनुपयोगी सामान की नीलामी

**बदायूँ।** डाकघर अधीक्षक बदायूँ ने सर्वसाधारण को सूचित करते हुए बताया कि दिनांक 24 सितम्बर 2025 दिन बुधवार को प्रातः 11:00 बजे से प्रधान डाकघर बदायूँ में रद्दी एवं अन्य अनुपयोगी सामान की खुली नीलामी नामित अधिकारियों व कर्मचारियों के द्वारा सम्पन्न कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि इस कार्य के लिए सहायक डाकघर अधीक्षक बदायूँ अतुल कुमार को अध्यक्ष व पोस्ट मास्टर प्रधान डाकघर बदायूँ तथा लेखाकार प्रधान डाकघर बदायूँ को सदस्य नामित किया गया है।

## वृक्षारोपण कर वृक्षों के संरक्षण व पर्यावरण संतुलन बनाए रखने पर दिया जोर

**बदायूँ।** 10वें आयुर्वेदिक दिवस के अवसर पर जीलॉट पब्लिक स्कूल बदायूँ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मा.माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्रत प्रभार) सरकार एवं प्रभारी मंत्री गुलाब देवी, सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, बिल्सी विधायक हरीश शाक्य, भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक भारती, डी.सी.बी.चेयरमेन जे.के.सक्सेना, डीएफओ निधि चौहान,जीलॉट पब्लिक स्कूल की एम.डी. सोनाली सचदेवा द्वारा वृक्षारोपण किया गया तथा अधिक से अधिक वृक्ष लगाने, वृक्षों का संरक्षण करने एवं पर्यावरण को स्वच्छ रखने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंट किए गए।

## दिव्यांग छात्र–छात्राओं हेतु प्री–मैट्रिक छात्रवृति की संशोधित समय सारणी जारी

**बदायूं।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रणव कुमार पाठक ने बताया कि सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा दिव्यांग छात्र–छात्राओं हेतु प्री–मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक एवं टॉप क्लास के लिए राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना www.scholarships.gov.in में उपलब्ध गाइडलाइन्स में दी गयी व्यवस्थानुसार संचालित की गयी है। उन्होंने जनपद के दिव्यांग छात्र–छात्राओं को सूचित करते हुए बताया कि योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु भारत सरकार द्वारा प्री–मैट्रिक छात्रवृत्ति की संशोधित समय–सारणी निर्गत की गयी है।उन्होंने बताया कि प्री मैट्रिक हेतु पोर्टल 25 जून .2025 को खुला था जिसमें छात्र–छात्राओं हेतु लॉगिन खुले रहने की अन्तिम तिथि 30 सितम्बर 2025 है। त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों हेतु सत्यापन तथा संस्थान सत्यापन तक खुलने रहने की अन्तिम तिथि 15.अक्टूबर 2025 निर्धारित की गयी है। डीएनओ, एसएनओ व एमएनओ द्वारा सत्यापन हेतु पोर्टल खुले रहने की अन्तिम तिथि 31 अक्टूबर 2025 है।उन्होंने जनपद के समस्त पात्र दिव्यांग छात्र–छात्राओं से कहा कि विवरण के अनुसार भारत सरकार द्वारा संचालित छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत प्री–मैट्रिक हेतु वेब पोर्टल www.scholarships.gov.in पर समयान्तर्गत ऑनलाइन आवेदन कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

## अभद्र टिप्पणी पर पनपा रोष, आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बदायूं।** वजीरगंज थाना क्षेत्र के सैदपुर कस्बे में हिन्दुओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी का ऑडियो वायरल होने के बाद समाज के लोगों में रोष फैल गया। सोमवार को समाज के तमाम लोग एकत्र होकर थाने पहुंच गए। इंस्पेक्टर को पूरे मामले की जानकारी देते हुए कार्रवाई की मांग की। इस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की है। कस्बे में छह दिन पहले बिजली करंट से विनोद शर्मा की दर्दनाक मौत हो गई थी। इस दुख की घड़ी में कस्बे के सभी वर्गों के लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त कर शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। विनोद शर्मा की मौत की सूचना फोटो के साथ स्थानीय सोशल मीडिया ग्रुपों में चल रही थी। इसी दौरान मोहल्ला पश्चिम के रहने वाले हाफिज शाह आलम ने अपनी फ़ेसबुक पर पोस्ट डालकर कहा, मुस्लिमों को किसी भी हिन्दू की मौत पर शोक जताना हराम है। हिन्दुओं के लिए काफिर शब्द का प्रयोग किया। ऑडियो जब वायरल हुआ तो हिन्दू समाज के लोगों में रोष पनप गया। दर्जनों लोगों ने थाने पर पहुंचकर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग की। वहीं अधिकांश मुस्लिम समाज के लोगों ने पोस्ट को गलत बताया है। इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार सिंह का कहना है कि तहरीर मिलने के बाद आरोपी हाफिज शाह आलम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। सीओ बिसौली सुनील कुमार सिंह का कहना है पुलिस पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई करेगी।

# सम्भल में बासमती उत्पादन में संतुलित कीटनाशक प्रयोग पर कार्यशाला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## जिलाधिकारी ने आत्मनिर्भर भारत और लोकल फ़ॉर वोकल पर बल दिया

**बहजोई, संभल।** दौलत ग्रुप, कृषि विज्ञान केंद्र सम्भल एवं एपीडा (APEDA) के संयुक्त तत्वावधान में खरीफ 2025 के दौरान बासमती चावल के उत्पादन हेतु कीटनाशकों का सुरक्षित एवं विवेकपूर्ण उपयोग तथा उत्तम कृषि पद्धतियों को अपनानाङ्क विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन डी आर रिसोर्ट, बहजोई में किया गया।मुख्य अतिथि जिलाधिकारी सम्भल डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने अपने विचार रखते हुए कहा कि किसानों की सक्रिय भागीदारी के बिना आत्मनिर्भर भारत का सपना पूरा नहीं हो सकता। उन्होंने लोकल फ़ॉर वोकल पर बल देते हुए कहा कि समग्र उत्तर प्रदेश और विकसित उत्तर प्रदेश की दिशा में किसानों से रचनात्मक सुझाव आमंत्रित हैं।मुख्य विकास अधिकारी श्री गोरखनाथ भट्ट ने कहा कि खेती में वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाकर ही उत्पादन और गुणवत्ता को बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने किसानों से सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने की अपील की।एपीडा के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. रितेश शर्मा ने किसानों को अवगत कराया कि निर्यात में बासमती चावल की गुणवत्ता और अवशेष सीमा (टद्गपद्बदफ्ष्ठ ख्व्रद्बद्धद्र) अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक पद्धतियों से खेती करने पर भारत की वैश्विक साख और मजबूत होगी। दौलत ग्रुप के निदेशक शिवम डी.आर. ने आश्वस्त किया कि क्ठ पास माल (कम कीटनाशक वाला) उगाएगा उसकी क़ीमत बाज़ार के रेट से कम से कम 200 रुपए क्विंटल ज़्यादा मिलेगी तथा न्यूनतम 200 क्विंटल उगाने और लाने पर ?11,000 की प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी, किसानों को निर्यातक कंपनियों से जोड़ने और प्रशिक्षण में दौलत ग्रुप निरंतर सहयोग करता रहेगा।सर्वहितकारी एफपीओ के निदेशक सम्भव जैन ने कहा कि एफपीओ किसानों की ताक़त हैं। सामूहिक प्रयासों से लागत कम की जा सकती है और बासमती उत्पादन को सीधे निर्यात बाज़ार तक पहुँचाया जा सकता है।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, कृषि वैज्ञानिक और स्थानीय प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर संकल्प लिया कि सम्भल जनपद को गुणवत्तापूर्ण बासमती उत्पादन का प्रमुख केंद्र बनाकर विश्व पटल पर इसकी पहचान को और मजबूत किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से कृषि विज्ञान केंद्र के डॉ महावीर, निरीक्षक कृषि विपणन अवनीश कुमार सिंह, जिला उद्यान अधिकारी सौरभ बंसल, जिला कृषि अधिकारी प्रबोध मिश्रा, सी ए अंशुल गुप्ता, एशिया ब्राइट ट्रेडिंग लिमिटेड हांगकांग के निदेशक एवं निर्यातक बी. के. गुप्ता, रत्नेश कुमार, विजय चौधरी, डॉ पंकज, डॉ अरविंद आदि उपस्थित रहे।

# एक राष्ट्र, एक चुनाव को लेकर विचार गोष्ठी का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल। वन नेशन वन इलेक्शन जिला संभल के तत्वाधान में विचार गोष्ठी का आयोजन, जिला संयोजक आकाश कुमार के नेतृत्व में श्री कृष्णा इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट एंड साइंस कॉलेज, चंदौसी में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष-संभल अनामिका यादव;अति विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष-चंदौसी,लता वार्ष्णेय;विशिष्ट अतिथि,जिला अध्यक्ष भारतीय जनता युवा मोर्चा संभल,शिखर गोयल; रोटरी बृजबाला वार्ष्णेय; कार्यक्रम अध्यक्ष पी.डी. उपाध्याय व मुख्य वक्ता के रूप में आकाश कुमार जिला संयोजक वन नेशन वन इलेक्शन संभल मंचासीन रहे ।

विचार गोष्ठी का शुभारंभ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रपट पर पुष्प अर्पण और दीप प्रज्वलन किया ।विचार गोष्ठी के दौरान मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष संभल अनामिका यादव ने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण प्रयास है। इससे सभी को फायदा होगा, क्योंकि बार बार चुनाव होने से अचार संहिता लगती हैं, जिससे बार बार विकास कार्य प्रभावित होते हैं और इससे संसाधनों की भी बहुत अधिकता होती है जिसमें राष्ट्रीय खर्च में वृद्धि होगी, अगर यह एक राष्ट्र, एक चुनाव लागू हो जाता है तो भारत की जीडीपी में 1% से 2% वृद्धि होगी जिसका फायदा आम जनता को होगा।विचार गोष्ठी में *अतिविशिष्ट अतिथि चैयरमैन चंदौसी लता वार्ष्णेय* ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह वन नेशन, वन इलेक्शन एक गेम चेंजर साबित होगा, यह भारत को विकासशील देश से विकसित देश की और अग्रसर करेगा क्योंकि इसके माध्यम से चुनाव में होना वाला व्यय आधा हो जायेगा, जिसका सीधा फायदा भारत की अर्थव्यवस्था को होगा और आर्थिक रूप से और अधिक शक्तिशाली बनेगा, हम केंद्र सरकार से मांग करते है कि इसको 2029 तक लागूं करने की व्यवस्था करें।

# महाराजा अग्रसेन एवं लक्ष्मी के प्रथम यज्ञ का धूमधाम से किया गया आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मुरादाबाद। अग्रवाल सभा हसनपुर पंजीकृत द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती की पूर्व संध्या पर आज महाराजा अग्रसेन चौक पर स्थित सूर्यकुल भूषण श्री रामचंद्र जी के वंशज श्री श्री 1008 महाराजाधिराज श्री अग्रसेन जी की प्रतिमा के सम्मुख महाराजा अग्रसेन एवं लक्ष्मी के प्रथम यज्ञ का आयोजन बड़ी धूमधाम के साथ किया गया, अग्रवाल सभा के संयोजक एडवोकेट गिरीश कुमार अग्रवाल द्वारा बताया गया कि महाराजा अग्रसेन जी का उद्देश्य समाजवाद को लाना था उनके राज्य में जो भी व्यक्ति बाहर से आकर उनके राज्य में बसना चाहता था उसे राज्य का प्रत्येक व्यक्ति एक ईंट और ?1 देता था जिससे उसे व्यक्ति के पास इतना पैसा हो जाता था कि वह अपना आराम से मकान भी बना सके और अपना व्यापार भी चला सके महाराजा अग्रसेन जी ने क्षत्रीय देव धर्म को त्याग कर अहिंसा का रास्ता अपनाते हुए वैश्य धर्म को अपनाया क्योंकि वह अहिंसा के पुजारी थे उनके राज्य में ना कोई छोटा था और ना कोई बड़ा था सबको एक समान ही राजा का न्याय एवं मान सम्मान मिलता था , आज के दौर में भी महाराजा अग्रसेन जी के शासन को याद किया जाता है ।यज्ञ के उपरांत प्रसाद वितरण का कार्यक्रम भी किया गया। महाराजा अग्रसेन एवं माता लक्ष्मी जी का यज्ञ पंडित श्री कृष्णा शर्मा जी द्वारा किया गया, यज्ञ के मुख्य यजमान श्री आदेश कुमार अग्रवाल एवं उनकी पत्नी श्रीमती संगीता अग्रवाल तथा अजय अग्रवाल एवं उनकी पत्नी श्रीमती सोनिया अग्रवाल रहे।इस अवसर पर अग्रवाल सभा पंजीकृत के अध्यक्ष श्री दिनेश कुमार अग्रवाल महामंत्री श्री रविंद्र जिंदल प्रबंधक श्री आदेश अग्रवाल संरक्षक श्री लोकेश अग्रवाल, श्री संजय गर्ग, उपाध्यक्ष श्री लवकेश अग्रवाल श्री राजीव अग्रवाल सर्राफ श्री लवकेश अग्रवाल उर्फ लंबू श्री विमल अग्रवाल श्री अजय अग्रवाल रझेडे वाले श्री अजय अग्रवाल समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# संभल से राहत सामग्री लेकर एक प्रतिनिधि मंडल पहुंचा पंजाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## संभल की राहत सामग्री को लेकर सिख भाइयों ने जताया अश्रार

संभल। हजरत मोहम्मद की शिक्षाओं से प्रेरित होकर 12 रबी उल अव्वल के दिन से संभल में पंजाब के बाद पीड़ितों के लिए राहत सामग्री इखट्टी की गई। जिसको लेकर संभल का एक प्रतिनिधि मंडल पंजाब पहुंचा। और लुधियाना के यूनाइटेड सिख फोरम के हेड अमृत पाल सिंह जी से मिला जहां पर संभल के प्रतिनिधि मंडल का जोरदार स्वागत किया गया। संभल वासियों ने बाढ़ पीड़ितों का हाल जाना और बलवीर सिंह जी सरदार एस गंभीर जी एवं सरदार चरण सिंह जी उनकी टीम ने वहां के हालात बताएं ।और संभाल की राहत सामग्री गुरदासपुर के गुरुद्वारा डाली साहब ले जाने को कहा ।जहां पर यूनाइटेड सिख फोरम के लोग काम कर रहे हैं । प्रतिनिधि मंडल गुरदासपुर पहुंचा ।और वहां पर बेंगलुरु से आए सरदार एमजी सिंह जोरावर सिंह मनप्रीत महेंद्र आदि ने साथ दिया । जिला पठान कोट नया टांडा नारंगपुर बहादुरपुर सिरका एवं अन्य छोटे-छोटे गांव में जाकर राहत सामग्री पहुंचाई। और रावि नदी के किनारे पीड़ित परिवारों से मुलाकात की एवं उन्हें दोबारा से वहां विस्थापित करने का आश्वासन दिया। रावि के किनारे पीड़ित 37 परिवारों को विस्थापित करने के लिए प्रतिनिधि मंडल ने एक कोर कमेटी बनाई जिसमें दो लोग लुधियाना पंजाब से एवं तीन लोग संभाल से रहेंगे। प्रतिनिधि मंडल ने बताया। वहां के लोगों को देखकर रोना आता है। उनके पास खाना खाने के लिए ना बर्तन है न बैठने के लिए कोई चीज और ना ही रोजगार उत्तर प्रदेश के कैराना एवं सहारनपुर के सब्जी बेचने वालों से भी मुलाकात की जिनके ठेले एवं समान बाढ़ में बह गया। सम्भल से पहुंची राहत को पाकर पीड़ित परिवारों में संतोष नजर आया। पीड़ित परिवारों को आटा चावल दाल मसाले तेल के अलावा पहनने के लिए चप्पल टॉर्च मच्छरदानी दरिया एवं कपड़े दवाइयां और पानी आलू प्याज लहसुन अदरक हरी मिर्च एवं सूखे मसाले वितरित किए गए। सर्फ साबुन और पशुओं के लिए भूसा चोकर आदि भी दिया गया।गुरुद्वारा डाली साहब एवं गुरुद्वारा पठानकोट के लोगों ने भरपूर साथ दिया एवं मान सम्मान दिया । लुधियाना के स्वतंत्रता सेनानी परिवार से गुरुद्वारा प्रबंधक सरदार टोनी भाजी, जसबीर सिंह खुराना, हर मोहिंदर सिंह खालसा जीने सहयोग किया।जिसके लिए प्रतिनिधि मंडल उनका शुक्रगुजार रहेगा।

लुधियाना पंजाब के शाही इमाम जनाब मौलाना मोहम्मद उस्मान रहमानी लुधियानवी से खास मुलाकात रही और उनको दवाइयां एवं राहत राशि उपलब्ध कराई इसी दिन मौलाना मोहम्मद उस्मान साहब ने एक एंबुलेंस 25 लख रुपए की कीमत की बाढ़ पीड़ितों के लिए हरी झंडी दिखाकर जुम्मे की नमाज के बाद रबना की। इस प्रतिनिधि मंडल में सिरसी से डॉक्टर इफ्तिखार अहमद कुरेशी एवं संभल से हकीम सुभान और मौलाना शमशाद नदवी एवं सराय तरीन से मौलाना रेहान फलाही मौजूद थे।

# जीएसटी स्लैब्स में लाए गए बदलाव आने वाली पीढ़ियों के लिए वरदान साबित होंगे: गुलाब देवी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बदायूं। जीएसटी रिफॉर्म्स लागू होने बाद टैक्स स्लैब में होने वाले बदलाव से जनता के सभी वर्गों को प्राप्त होने वाले अभूतपूर्व एवं जनकल्याणकारी लाभों के सम्बन्ध में माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री एवं प्रभारी मंत्री गुलाब देवी ने भाजपा कार्यालय पर पत्रकारों को संबोधित किया। प्रभारी मंत्री गुलाब देवी ने कहा नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी रिफॉर्म हमारे राष्ट्र के लिए एक महज़ नीतिगत समायोजन नहीं बल्कि यह मोदी सरकार के एक दशक के अथक, स्थिर और दूरदर्शी आर्थिक प्रबंधन का संकल्प है। नेक्स्ट जेनरेशन रिफॉर्म आम आदमी, गरीब, किसान, एमएसएमई, मध्यम वर्ग, महिलाओ, युवाओं और व्यापारियों के जीवन को स्वावलंबी बनाने के लिए हुए हैं। जीएसटी स्लैब्स में लाए गए बदलाव आने वाली पीढियां के लिए वरदान साबित होंगे। मोदी सरकार द्वारा जीएसटी रिफॉर्म्स लागू करके नवरात्र और दीपावली पर 140 करोड़ देशवासियों के लिए बड़ी सौगात दी है। इसमें आवश्यक वस्तुएं 0-5% पर हैं। सामान्य वस्तुएं 5% पर आ गई हैं। जबकि लग्जरी और सिन गुड्स पर अधिक कर लगाया गया है। यह प्रगतिशील मॉडल गरीबों और मध्यम वर्ग की रक्षा करता है। बुनियादी ढांचे पर राजमार्गों में 60% की वृद्धि, हवाई अड्डों को दोगुना करना, मेट्रो लाइन नेटवर्क को चौगुन करना और 144 वंदे भारत ट्रेनों के साथ रेलवे का कायाकल्प करना शामिल है। रक्षा क्षेत्र में स्थानीय विनिर्माण में 174% की वृद्धि, निर्यात में 34 गुना वृद्धि और उन्नत स्वदेशी हथियारों के साथ हमारे राष्ट्र को सुरक्षित करना है। डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर से मोदी सरकार ने भ्रष्टाचार समाप्त किया है और इसको 90 गुना बढ़ाकर गरीबों को सशक्त बनाया है। जिससे अब सालाना रु0 6.83 लाख करोड़ बिना किसी बिचौलिए के लाभार्थियों तक पहुंचते हैं। गरीब कल्याण में लगभग 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला, 80 करोड़ नागरिकों को मुफ्त राशन मिल रहा है और 3.8 करोड़ घरों का निर्माण हुआ है। इस बार देशवासियों को अपने दिवाली बोनस के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा। मोदी सरकार ने एक महीने पहले ही दिवाली का तोहफा दे दिया है। मोदी सरकार ने आम भारतीयों के लिए जीवन आसान बनाया है। क्योंकि पहले की विपरीत उन्होंने किराने के समान पर 5% टैक्स कम कर रखा है जो की भोजन को पौष्टिक और किफायती बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## डीपीबीएस कालेज में एनसीसी भर्ती परीक्षा संपन्न

अनूपशहर। डीपीबीएस कालेज में एनसीसी भर्ती परीक्षा आयोजित की। 100 छात्र- छात्राओं में से 24 का एनसीसी में चयन किया।मंगलवार को डीपीबीएस कालेज में एनसीसी कैडेट्स भर्ती की शारीरिक जांच की गई। एनसीसी कैप्टन यजुवेन्द्र कुमार ने बताया कि 41 यूपी बटालियन एनसीसी की भर्ती के लिए तीन चरणों में परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें लिखित परीक्षा, शारीरिक परीक्षण जैसे दौड़, पुश-अप, चिन-अप तथा सिट-अप गतिविधियों शामिल की गई। दोनों परीक्षा पास करने वाले विद्यार्थियों का साक्षात्कार के माध्यम से योग्यता का मूल्यांकन किया गया। परीक्षा में 24 विद्यार्थियों को चयनित किया गया। यजुवेन्द्र कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि एनसीसी न केवल अनुशासन, शारीरिक दक्षता और नेतृत्व क्षमता का विकास करती है, बल्कि यह राष्ट्रीय सेवा की भावना को भी प्रबल बनाती है। इस अवसर पर सूबेदार धर्मवीर सिंह, सूबेदार गुरमीत सिंह, सूबेदार अवतार सिंह, हवलदार कुलविंदर सिंह, लेफ्टिनेंट अभिजीत सिंह एवं लेफ्टिनेंट धर्मेंद्र कुमार आदि ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में मनाया गया 10 वां आयुर्वेद दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल, बहजोई। कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में 10 वां आयुर्वेद दिवस आयुर्वेद जन-जन के लिए पृथ्वी के कल्याण के लिए थीम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य अतिथि माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ अनामिका यादव एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर अजीत कुमार राजू यादव रहे।

कार्यक्रम के अन्तर्गत सर्वप्रथम भगवान धन्वंतरि की तस्वीर पर मुख्य अतिथि मा. जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ अनामिका यादव एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर अजीत कुमार राजू यादव एवं जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट द्वारा पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि आयुर्वेद के दो सूत्र हैं आयुर्वेद स्वस्थ रहने एवं विकार समाप्त करने का विज्ञान है। उन्होंने कहा आयुर्वेद वनस्पति के तीन रुप अन्न, खाद्यान्न, एवं औषधि के रूप में होती है आयुर्वेद इस पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि जो जीवन को शतायु एवं दीर्घायु करे वह आयुर्विज्ञान है। उन्होंने सोना, चांदी आदि का शरीर पर पडने वाले प्रभाव को लेकर भी जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद सीखने का विज्ञान नहीं आदत का विज्ञान है। उन्होंने कहा कि जो आयुर्वेद में है उसे दिनचर्या में लाना चाहिए।। विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर अजीत कुमार राजू यादव ने अपने संबोधन में कहा कि आयुर्वेद हमारी धरोहर है। हमारे देश के आयुर्वेद का काफी महत्व है। प्राचीन काल में हमारे देश में ही आयुर्वेद के माध्यम से उपचार की शुरुआत हुई। उन्होंने कहा कि हम मोदी जी एवं योगी जी के नेतृत्व में आयुर्वेद की तरफ पुनः बढ रहे हैं। उन्होंने अर्जुन की छाल, हरसिंगार के पौधे के औषधीय गुणों के विषय में बताया। उन्होंने कहा कि हमें अच्छी चीजों को अपनाना है। हमें आयुर्वेद पर चर्चा करते रहना चाहिए ताकि लोग जागरूक हो सकें। मुख्य अतिथि मा. जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ अनामिका यादव ने अपने संबोधन में कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी एवं माननीय मुख्यमंत्री जी आयुर्वेद को बढ़ावा देने के उद्देश्य को लेकर कार्य कर रहे हैं। हमें अपनी संस्कृति को पुनः प्राप्त करना है। आयुर्वेद पद्धति वैज्ञानिक रूप से सही करती है । आयुर्वेद पर विश्वास करें । उन्होंने कहा कि आयुर्वेद पद्धति हमारी दिनचर्या को सुधार कर विकार को दूर रखती है। योग को भी अवश्य अपनायें। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन और मस्तिष्क का वास होता है। उन्होंने कहा कि जहाँ तक संभव हो हमें अपने पारम्परिक भोजन को ही अपनाना चाहिए।

# लव जिहाद रोकने के लिए विश्व हिंदू रक्षा परिषद ने बनाई नवरात्र फोर्स




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। यूपी में धर्मांतरण रोकने के लिए सरकार सख्त है,और इस संबंध में कानून भी अमल में है,लेकिन बावजूद इसके यूपी के अलग-अलग हिस्सों से धर्मांतरण के मामले सामने आते रहते हैं।

बलरामपुर में तो संगठित तौर पर चल रहे अवैध धर्मांतरण के नेक्सस का खुलासा हो चुका है।अब हिन्दू संगठनों ने भी अपने स्तर पर धर्मांतरण के खिलाफ बिगुल बजा दिया है। विश्व हिंदू रक्षा परिषद ने नवरात्र में 9 दिव्य शक्तियों की प्रेरणा से नवरात्र फोर्स का गठन किया है।इस फोर्स से जुड़ी शक्ति स्वरूप महिलाओं ने कलावा पहना कर इस अभियान से जोड़ा गया है।ऑपरेशन कलावा अभियान शुरु आत कर दी गई है।इस अभियान से महिलाओं और बच्चियों को जोड़कर उन्हें संकल्प दिलाया जाएगा।अभियान के तहत लव जिहाद छेड़ खानी जैसी घटनाओं से सचेत किया जाएगा और गोंडा में भी जल्द ही कार्यालय खोलकर शुरु आत की जाएगी।

### विभिन्न स्थानों पर चौपाल लगाकर ऑपरेशन कलावा से महिलाओं को जोड़ा जाएगा

### कई जिलों में फैले धर्मांतरण के नेटवर्क ध्वस्त

देवीपाटन मण्डल के बलरामपुर में धर्मांतरण का बड़ा नेटवर्क छांगुर की अगुवाई में चल रहा था।जिस पर यूपी एटीएस का एक्शन चल रहा है।इस मामले में एक दर्जन से अधिक आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं।धर्मांतरण के मास्टर माइंड छागुर के संपत्तियों को बुलडोजर से ध्वस्त करवा दिया गया है।ईडी भी इस मामले की जांच में शामिल है।छांगुर की कई संपत्तियां जब्त की जा चुकी है।विदेशों से मिल रही फंडिं ग पर भी अहम जानकारियां एजेंसियों के हाथ लगी है।बरेली और कुशीनगर में भी ऐसे ही ए क नेटवर्क का खुलासे हो चुका है,जिस पर एस टीएफ और एटीएस की टीम कार्यवाही कर रही है।

नवरात्र फोर्स बनाकर 9 शक्तियों के साथ इसअभियान में शामिल होने वाली महिलाएं देश भर की अन्य महिलाओं और बच्चियों को लव जिहाद और लैंड जिहाद जैसी साजिशों के बारे में सचेत करेंगी।खास तौर पर स्कूल जाने वाली बच्चियों को लव जिहाद के नेटवर्क के बारे में बताया जाएगा ताकि वो इसका शिकार न होने पाएं।शंख के उद्घोष जय श्री राम और जय भवानी के जयकारों के बीच विश्व हिंदू रक्षा परिषद के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश आर्या ने इन महिलाओं से कलावा बांधकर संकल्प भी दिलाया है।ये महिलाएं देश भर में अलग-अलग हिस्सों में जाकर महिलाओं बच्चियों को कलावा बांध कर इस अभियान को आगे बढ़ाएंगी।विश्व हिंदू रक्षा परिषद ने इस अभियान के दौरान सामने आने वाली पीड़िताओं के लिए एक काउंसलिंग सेंटर भी बनाया है।लखनऊ में बने इस काउंसलिंग सेंटर में एक्सपर्ट बिठाए जायेंगे,जो ऑपरेशन कलावा के दौरान इन मामलों में फंसी पीड़िताओं की काउंसिलिंग करेंगे।कई बार इस तरह की घटनाओं की शिकार हुई महिलाओं और बच्चियों को इनके जाल से बाहर निकलना मुश्किल होता है।ऐसी पीड़िताओं को एक्सपर्ट की सहायता से मोटिवेट किया जाएगा।

# रामलीला शोभायात्रा के साथ शुरू हुआ राम लीला मंचन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। श्री मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान रामलीला कमेटी (रजि0) की ओर से श्री रामलीला महोत्सव के शुभारंभ के अंतर्गत नगर के पंचायती मन्दिर से शोभायात्रा निकाली गई।शोभायात्रा कमेटी के अध्यक्ष श्याम करण टेकड़ीवाल के नेतृत्व में निकाली गई।यह शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गो घंटाघर ,चौक बाज़ार, पीपल तिराहा, मीराखेलपुरा, गुदड़ी, काजीपुरा,बशीरगंज होते हुए मंचन स्थल राम लीला मैदान पर जाकर समाप्त हुई।

मुख्य मार्गो पर शोभायात्रा में देवी देवता स्वरूप लॉग आकर्षण का केन्द्र रहे।बहराइच की सबसे पुरानी रामलीला महोत्सव का यह 120वां वर्ष है।शोभायात्रा में शहर के कई गणमान्य लोग शामिल हुए।हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री रामलीला कमेटी की ओर से झिंगहाघाट स्थित रामलीला मैदान में रामलीला मंचन से पूर्व नगर के प्रमुख मार्गों पर शोभायात्रा निकाली गई जिसमें देवी देवताओं के विभिन्न स्वरूपों की झांकियों ने शहरवासियों को मंत्रमुग्ध कर दिया । इस वर्ष मथुरा वृन्दावन के मशहूर कलाकार रामचरित्र का मंचन करेंगे । छावनी चौराहा पंचायती मन्दिर से शुरू हुई शोभायात्रा का जगह-जगह पर नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान भव्य रथ पर प्रभु श्रीराम की अलौकिक छवि जनमानस का मन मोह रही थी। शोभायात्रा राम लीला मैदान पहुंचकर वहां भगवान के स्वरूपों का तिलक,चन्दन करके आरती उतारी गई।शोभायात्रा में कमेटी के अध्यक्ष श्याम करण टेकड़ीवाल , कमल शेखर गुप्ता, संतोष अग्रवाल, जय जय अग्रवाल,राहुल रॉय,राकेश चन्द्र श्रीवास्तव,श्री नाथ शुक्ला,जीतेन्द्र प्रताप सिंह,मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव,दीपक सोनी,विनय जैन पिन्टू ,मनीष आर्या,,के के मिश्र,मुरारी श्रीवास्तव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# आईजी ने देर रात पैदल गश्त कर महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। देवीपाटन रेंज के आईजी अमित पाठक ने देर रात शारदीय नवरात्रि को लेकर शहर में पैदल गश्त किया है उनके साथ अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत और नगर कोतवाल विवेक त्रिवेदी भी मौजूद रहे।आईजी अमित पाठक ने विभिन्न दुर्गा पंडालों का निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने भीड़भाड़ वाले इलाकों में ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी के निर्देश दिए।श्रद्धालुओं और खरीदारी करने आने वाले लोगों की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं।मिशन शक्ति के पांचवें चरण के तहत महिलाओं और लड़कियों को सुरक्षा संबंधी पंपलेट बांटे गए।आईजी श्री पाठक ने रात में खरीदारी कर रही महिलाओं से दुकानों में जा कर मुलाकात की।उन्हें महिला हेल्पलाइन नंबर और सुरक्षा टिप्स दिए।साथ ही बताया कि कि सी भी परेशानी पर तुरंत पुलिस को सूचित करें,आईजी श्री पाठक ने जानकारी दी कि हर थाने में महिला शक्ति केंद्र स्थापित किया गया है ज हां महिलाएं अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं।उन्होंने महिलाओं को स्वयं की सुरक्षा के लि ए जरूरी जानकारी दी और आश्वस्त किया कि पुलिस प्रशासन उनकी सुरक्षा के लिए पूरी तरह तैयार है।हमारे अलग-अलग थाना क्षेत्र में पुलि स कर्मियों के द्वारा महिला सुरक्षा को लेकर भी इसी तरीके से अभियान चला कर जागरूक किया जा रहा है।आईजी श्री ने बताया कि यह अ भियान पूरे देवीपाटन मंडल में एक माह तक च लेगा जहां महिला सुरक्षा से जुड़े सभी बिंदुओं को लेकर महिलाओं को जागरूक किया जाए गा।सोशल मीडिया के माध्यम से और अन्य प्लेटफार्म के माध्यम से भी लोगों को महिला सुर क्षा से जुड़े मामले को लेकर के जागरूक कर रहे हैं।

### नहीं रहे सेवानिवृत्त शिक्षक शिवबरन सिंह, क्षेत्र में शोक की लहर

रायबरेली। शिक्षा जगत के मार्गदर्शक व आदर्श शिक्षक रहे सेवानिवृत शिक्षक शिवबरन सिंह कछवाह का सोमवार की शाम को निधन हो गया। लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। बताते चले किक्षेत्र के मोन गांव निवासी शिक्षक नेता व आदर्श शिक्षक रहे सेवानिवृत्त शिक्षक शिवबरन सिंह का सोमवार की शाम लगभग चार बजे निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष ने शोक प्रकट करते हुए बताया वे हमारे राजनीतिक गुरु रहे हैं। वर्ष 1996 के पहले महराजगंज ब्लाक क्षेत्र से प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष भी रहे हैं। उनके जीवन का अधिकांश समय शिक्षक व शिक्षा सेवा को समर्पित रहा। वे न केवल एक अच्छे शिक्षक बल्कि समाज में आदर्श व्यक्तित्व के रूप में भी याद किए जाएंगे। शिक्षक नेता व शिक्षकों के लिए संघर्ष के प्रतीक रहे। सेवानिवृत्त शिक्षक शिवबरन सिंह के निधन के बाद परिवार सहित क्षेत्र में शोक की लहर है। तथा शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में प्राथमिक शिक्षक संघ व राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के शिक्षकों में शोक की लहर दौड़ गई।

# व्यापारियों संग बैठक में उपायुक्त राज्य कर ने समझाए नए जीएसटी स्लैब

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। उपायुक्त राज्य कर विभाग ऋषिकेश यादव ने कार्यालय पर नानपारा उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियो के साथ बैठक कर भारत सरकार द्वारा जीएसटी की दरों में किए गए परिवर्तन के बारे में विस्तार से बताया तथा व्यापारियों से सरकार की मंशा के अनुरूप निर्धारित दरों पर व्यापार करने को कहा । जीएसटी के असिस्टेंट कमिश्नर ने कहा 01जून 2017 को जब जीएसटी लागू हुआ था उस समय 28, 18, 12 और 5 प्रतिशत के चार स्लैब रखे गए थे।

व्यापारियों और उपभोक्ताओं को ध्यान में रखते हुए सरकार ने एक बार फिर जीएसटी में परिवर्तन किया जो 22 सितंबर 2025 से लागू किया गया है । नए स्लैब में काफी राहत देते हुए 99 प्रतिशत वस्तुओं पर जीएसटी की दर को काम करते हुए 5 प्रतिशत कर दिया है इसके अलावा दर 18 प्रतिशत है और लग्जरी आइटम की कुछ वस्तुओ पर 40 प्रतिशत दरें निर्धारित की हैं। उन्होंने व्यापारियों से कहा कि लोकतंत्र में सरकार चाहती है कि घटी दरो पर उपभोक्ता समान खरीद एवं बिक्री करे । श्री यादव ने कहा कि देश का व्यापारी सबसे ज्यादा टैक्स अदा करता है प्रांतीय राजस्व में सबसे अधिक योगदान राज्य कर विभाग का होता है जो 60 प्रतिशत से अधिक है । व्यापारियों से कहा कि जिन वस्तुओं पर जीएसटी कर मुक्त कर दिया गया है ऐसी वस्तुओं का यदि स्टॉक बचा है तो उसका कर सरकार को वापस करें और जिन वस्तुओं पर 28 प्रतिशत से घटकर 18 प्रतिशत हो गया है इसका टैक्स रिफंड नहीं होगा परंतु व्यापारी इसका समायोजन कर सकते हैं। जीएसटी अधिकारी ने कहा सरकार की मंशा उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचना है और सरकार में बैठे अधिकारी कर्मचारी समय-समय पर दुकानों पर पहुंचकर सामान खरीद कर इसकी पुष्टि भी करेंगे यदि इस पर कोई गलत व्यापार करते पाया जाता है तो उस पर कार्रवाई भी संभव है। इस मौके पर सहायक आयुक्त अमित अग्रवाल, राज्यकर अधिकारी राजीव सिंह भी मौजूद थे। व्यापारियों में नानपारा उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष सोहेल अहमद, राम प्रताप गुप्ता, प्रकाश वीर गुप्ता, शकील अंसारी-शकील भारती, संजय जायसवाल, शफीक अंसारी, फैंसी, सर्वेश टेकरीवाल, सब्जी मंडी के अध्यक्ष वसीम रायनी, अभिनव गोयल, अबरार अहमद , अब्दुल्ला आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# वन दरोगा एवं वन रक्षकों ने लिया कृषि वानिकी की तकनीकों पर प्रशिक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। क्षेत्र में संचालित कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा में 22 एवं 23 सितम्बर को कृषि वानिकी की तकनीकियों पर दो दिवसीय सेवाकालीन प्रशिक्षण को डॉ संदीप कुमार वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष के दिशा निर्देशन मे कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में वन दरोगा एवं वन रक्षकगण ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण सत्र के मुख्य वक्ता उमेश कुमार, विषय वस्तु विशेषज्ञ (कृषि वानिकी) रहे। उन्होंने सेवाकालीन प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि कृषि वानिकी भूमि की उर्वरता बढ़ाने, जल संरक्षण करने तथा पर्यावरणीय असंतुलन को कम करने का प्रभावी साधन है। इस दौरान विशेष रूप से बहराइच जनपद में प्रचलित कृषि वानिकी के विभिन्न मॉडल्स जैसे यूक्लिप्टस, पॉपलर, फलदार वृक्षों (आम, अमरूद, आंवला, नींबू, कटहल) तथा बाँस एवं करंज आधारित मॉडल्स की विस्तृत जानकारी दी गयी। इस अवसर पर डॉ. एस. बी. सिंह, प्रक्षेत्र प्रबंधक ने बताया कि कृषि वानिकी अपनाने से न केवल पर्यावरण संरक्षण होगा बल्कि ग्रामीण आजीविका में भी सुधार आएगा। उन्होंने औषधीय पौधों और मधुमक्खी पालन को कृषि वानिकी के साथ जोड़कर अतिरिक्त आय अर्जित करने के उपाय भी साझा किए। प्रशिक्षण के दौरान कार्बन संधारण तकनीक तथा जलवायु परिवर्तन से निपटने की रणनीतियों पर भी विस्तृत चर्चा हुई। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने कहा कि यह प्रशिक्षण अत्यंत उपयोगी रहा और बहराइच के कृषि वानिकी मॉडल्स की जानकारी उनके कार्यक्षेत्र में सहायक सिद्ध होगी।

# ''स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार'' अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। 2 अक्टूबर तक चलने वाले ''सेवा पखवाड़ा'' के अंतर्गत भारत सरकार ने महिलाओं के स्वास्थ्य को मज़बूत करने और परिवारों को सशक्त बनाने के लिए ''स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार'' अभियान की शुरुआत की गई। जिसका उद्देश्य देशभर में एक लाख से अधिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित करना है। इसी क्रम में मंगलवार ''राष्ट्रीय पोषण माह'' के तत्वाधान में पोषण संबंधित जागरूकता अभियान एवं निशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय बछरावा रायबरेली के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां के प्रांगण में किया गया। जिसमें महिलाओं की एनीमिया, उच्च रक्तचाप, मधुमेह और कैंसर की जांच की गई। साथ ही टीकाकरण और पोषण सेवाएँ भी प्रदान की गई। जिसका व्यापक उद्देश्य मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को शुरुआती चरण में स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान करके कम करना है। यह पहल महिलाओं की रोकथाम- आधारित स्वास्थ्य देखभाल और पोषण पर विशेष ज़ोर देती है। स्वास्थ्य शिविर के इस मौके पर डॉक्टर आकृति यादव (प्रभारी चिकित्साधिकारी), बालवती चौहान (स्टाफ नर्स), जगतपाल (फार्मासिस्ट) अन्य लोग मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री के आदेश पर भारी,गुरु नानक चौकी प्रभारी और ट्रैफिक पुलिस

### पीटीओ व चौकी प्रभारीऔर ट्रैफिक पुलिस की लचर व्यवस्था से सड़क पर अवैध टैक्सी स्टैंड

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिले में डग्गामार वाहनों का राज सिर्फ सड़कों पर ही नहीं है,चौराहों और गुरु नानक पुलिस चौकी के सामने परिवहन विभाग के पीटीओ व चौकी प्रभारी और ट्रैफिक पुलिस के प्रभारी के सामने चल रहा है।रोडवेज बस स्टैंड के नजदीक सड़क पर अवैध ड़गामार बसों औ र टैक्सियों का सड़क पर कब्जा है।भले ही सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अवैध टैक्सी स्टैंड को हटवाने के लिए सख्त हों लेकिन गोंड़ाजिले में पुलिस और आरटीओ इसका पालन नहीं करवा रही है या फिर योगी सरकार के आदेश का असर नहीं दिख रहा है।अवैध टैक्सी स्टैंड से अव्यवस्थाएं फैल रही हैं और आए दिन विवाद होते हैं,लेकिन जिम्मेदार बेखबर बने हुए हैं।नगर कोतवाली से दो सौ मीटर की दूरी पर रोडवेज बस स्टैंड के निकट बनी गुरुनानक पु लिस चौकी के सामने डग्गामार वाहन बीच सड़ क पर खड़ी करके बेधड़क सवारियां भरते हैं।ट्रैफिक और नगर पुलिस इनको नहीं रोकती है।जिससे कि सुबह और दोपहर के समय स्कूल से निकलने वाली बसे और एंबुलेंस जाम में फं सी रहती हैं।यही हाल झंझरी ब्लॉक के सामने का है।यहां पर भी बड़ी संख्या में मैजिक और टाटा खड़ी की जाती हैं जो रगड़गंज,उमरी तरब गंज के लिए सवारियां ले जाती हैं।जीआईसी गेट,गुरु नानक चौराहे से थोड़ा आगे,रोडवेज ब स अड्डा के पास आदि लगभग शहर के कई चौराहों और अन्य हिस्सों में अवैध टैक्सी स्टैंड बने हैं।धीरे-धीरे इनकी संख्या बढ़ती जा रही है लेकिन जिम्मेदार इस ओर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहे हैं,जो एक बड़ी लापरवाही है,परिवहन विभाग के अफसर तो अंजान हैं पुलिस और नगर पालिका के अफसर भी आंख बंद किए बैठे हैं,सूत्रों के मुताबिक एक व्यक्ति अपने आप को ट्रांसपोर् के यूनियन का अध्यक्ष बताक़र औ र क्षेत्रीय विधायक का नाम लेकर अवैध रूप से सड़क पर खड़ी हो रही बसों और टैक्सियों सेवसूली करता है।वही कई ऐसी कई लग्जरी गाड़ियां हैं जिस पर पुलिस लिखा हुआ है वह पुलिस की दबंगई के दिखाकर बीच सड़क पर गाड़ी को खड़ी कर देते हैं और सवारियों कोभूसे की ठूस- ठूस क़र बैठाया जाता है।सुबह होते ही रोडवेज बस स्टॉप के निकट गुरु नानक चौराहे से लेकर एलबीएस चौराहे तक प्राइवेट बसों और टैक्सी वालों का जमवाड़ा लग जाता है जो की पैदल चलने वालों के लिए भी मुसी बत खड़ी हो जाती है।वही सिर्फ खानापूर्ति के लिए अवैध टैक्सी व एक बस वालों के खिलाफ सिर्फ खानापूर्ति के लिए कार्रवाई की गई थी। उसी दिन फिर टैक्सी स्टैंड इसी तरह आबाद हो गए है। सूत्र बता रहे हैं कि आईजी साहब के आदेश पर गुरु नानक चौकी प्रभारी और ट्रैफिक प्रभारी भारी पड़ रहे हैं।

### चौकी इंचार्ज और ट्रैफिक प्रभारी सड़क पर खड़े हो रहें वाहन को देखकर बन रहे अनजान

सूत्र बता रहे हैं कि यातायात प्रभारी का चार्ज संभाल रहे हैं और वह अपनी सेटिंग गेटिंग के अनुसार काम क़र रहे है मरता क्या नहीं करता मोटर मालिकों के अंदर डर समा गया मोटर मालिक ने साहब से सेटिंग गेटिंग करके अब अपनी गाड़ियों को गुरुनानक पुलिस चौकी के सामने रोड वेज बस स्टैंड के निकट मुख्य चौ राहे पर खड़ी करके सवारी बैठाते हैं चाहे रोड क्यों ना जाम हो जाए क्योंकि यहाँ तो साहब सिर्फ महीने में सुविधा शुल्क चाहिए।क्योंकि सूबे के सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ देवीपाटन मण्डल और आईआईजी साहब ने आदेश दिया था कि डग्गामार वाहन को सड़क से हटाया जाए जिससे कि लोगो को जाम से लोगों को मुक्ति मिल जाए लेकिन चौकी प्रभारी और ट्रैफिक पुलिस ने सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश पर भारी पड़ रहे हैं और सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश को हवा में उड़ा रहे हैं।

### महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने चित्र प्रदर्शनी का किया अवलोकन



बहराइच । प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर के निकट स्थित धरना स्थल पर सूचना विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा 02 अक्टूबर 2025 तक लगायी गयी 15 दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का महिला महिला विद्यालय की छात्राओं व शिक्षिकिओं द्वारा अवलोकन किया गया। चित्र प्रदर्शनी में मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के व्यक्तित्व और कृतित्व, न्यू इंडिया/2047 की परिकल्पना तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में क्रियानवित की जा रही कल्याणकारी योजनाओं, परियोजनाओं एवं उपलब्धियों को भव्य चित्रों और दस्तावेजों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है।प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए छात्राओं ने मा. प्रधानमंत्री जी के व्यक्तित्व पर प्रदर्शित किये गये पैनल्स आकर्षण का केन्द्र रहे। छात्राओं द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में क्रियानवित की जा रही कल्याणकारी योजनाओं, परियोजनाओं एवं उपलब्धियों के बारे में जानकारी प्रदान करने हेतु प्रदर्शित किये गये पैनल्स को शोधार्थियों, छात्र-छात्राओं व आमजनमानस के लिए उपयोगी बताया। उल्लेखनीय है कि 02 अक्टूबर 2025 तक आयोजित होने वाली चित्र प्रदर्शनी प्रतिदिन आमजन के लिए खुली रहेगी, जहाँ नागरिक विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

# बीजेपी विधायक व ब्लाक प्रमुख समर्थकों के बीच पथराव,विधायक बैठे धरने पर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले के कटरा बाजार ब्लॉक परिसर में जीएसटी धन्यवाद कार्यक्रम के दौरान बीजेपी विधायक बावन सिंह और ब्लॉक प्रमुख भवानी भीख शुक्ला के समर्थकों के बीच हिंसक झड़प हुई। कटरा बजार ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में नारेबाजी को लेकर शुरू हुआ वि वाद पथराव और मारपीट में बदल गया है।झड़ प में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं। घायलों में ब्लॉक प्रमुख का बेटा भी शामिल है।कार्यक्रम के दौरान विधायक और ब्लॉक प्रमुखदोनों पक्षों के समर्थक आमने-सामने आ गए। विवाद इतना बढ़ गया कि कुर्सियां तोड़ी गईं है और एक-दूसरे पर पत्थर फेंके गए है घटना की सूचना मिलते ही जिले में कई थानों की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई है। मजिस्ट्रेट और वरि ष्ठ अधिकारियों ने भी तत्काल घटनास्थल का दौरा किया है।पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित कर भीड़ को तितर-बितर किया है।सभी घायलों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करा या गया है।कटरा बाजार थाना पुलिस ने दोनों पक्षों के कुछ लोगों को हिरासत में लिया है।पुलिस घटना की जांच कर रही है।फिलहाल क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी हुई है एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलि स के उच्च अधिकारियों को मौके पर भेजा ग या है मौके पर अतिरिक्त पुलिस फोर्स को भी तैनात किया गया है पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है इस मामले में जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी,मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

# झिझक टूटने पर सुरक्षित हुई मातृत्व की राह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । गाँव की गलियों से गुजरती आशा कार्यकर्त्ता किरन देवी जब चाँदनी के घर पहुँचीं तो सास ने टालते हुए कहा, तीन महीने पूरे होने दो फिर नाम लिखना। लेकिन इस बार चाँदनी ने झिझक तोड़ दी, नहीं अम्मा, मुझे अभी पंजीकरण कराना है, ताकि डॉक्टर समय पर देख लें। यही बदलाव, सुरक्षित मातृत्व की नई राह खोल रहा है। हालांकि गाँव की बुजुर्ग महिलाएँ अभी भी पुरानी सोच से बंधी हैं। मुन्नी देवी (40) कहती हैं, गर्भ ठहरने की बात बात पक्की होने पर ही बताना चाहिए, वरना उपहास का डर रहता है। जुबैदा खातून (55) के मुताबिक गर्भ अनचाहा है तो जल्दी बताने का क्या फायदा। आशा कार्यकर्ता किरन देवी बताती हैं कि निरूसंतान दंपति और किशोर जोड़े भी जानकारी देने में देर करते हैं। आँकड़े बताते हैं कि जिले में आधी से अधिक गर्भवती पहली तिमाही में पंजीकरण नहीं करातीं। ई-कवच पोर्टल के अनुसार अप्रैल से सितम्बर तक 60539 गर्भवती की पहली जांच हुई, जिनमें केवल 23509 ने ही समय पर पंजीकरण कराया।संवाद से बदल रही सोच -आशा कार्यकर्ता किरन देवी कहती हैं जब मैं विवाह पंजीकरण या टीकाकरण की सूचना देने घर-घर जाती हूँ और कहती हूँ कि गर्भ ठहरने की जल्दी जानकारी देंगे तो जल्द स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी, तो कई बार परिवार हँसते हैं, कई बार चुप रहते हैं, लेकिन धीरे-धीरे उनकी सोच बदल रही है।एसीएमओ डॉ. संतोष राना का कहना है कि गर्भावस्था का जल्दी पंजीकरण कराने से एनीमिया, ब्लड प्रेशर और शुगर जैसी जटिलताओं का समय रहते पता चल जाता है। इससे उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को पीएम सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत विशेषज्ञ तक पहुँचाया जा सकता है।

# राज्यमंत्री की अध्यक्षता में जीएसटी सुधार कार्यशाला सम्पन्न




कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में क्रान्तिकारी नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी सुधार दिनॉक 22 सितम्बर 2025 के सम्बन्ध में व्यापारिक संगठनो, व्यापारियो एंव अधिवक्ताओ एंव सीए गण के साथ जागरुकता कार्यक्रम राज्यमंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें यूपी संजय सिंह गंगवार की अध्यक्षता में जे0पी0 होटल एण्ड वेडिग स्क्वायर, कार्यशाला आयोजित की गई। आयोजित कार्यशाला में जी0एस0टी0 की नई दरों को भविष्य में उनके सामाजिक, आर्थिक/व्यापारिक, शिक्षा एंव स्वास्थ्य पर दूरगामी समाज के हित में अच्छे परिणाम दिखेंगे के बारे में मंत्री द्वारा अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि जीएसटी की दरों में सुधार का लाभ आम उपभोक्ता को मिले इस कार्यक्रम का यही उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि इसके लिए जनजागरण कार्यक्रम चलाया जाए। छोटे व बड़े व्यापारियों का समूह बनाकर तथा नगर पंचायत/नगर पालिक व ग्राम स्तर पर बैठक आयोजित कर आमजन को जागरूक किया जाये। उन्होंने कहा कि स्वदेशी अपनाऐगें तभी देश आगे बढ़ेगा तथा आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार होगा, यह संदेश आमजन तक पहुंचाना आवश्यक है।कार्यशाला में जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने कहा कि जीएसटी की दरों में सुधार होने से आमजन को निश्चित रूप से आर्थिक लाभ पहुंचेगा उनकी क्रय शक्ति बढेगी, इस तरह जीडीपी में वृद्धि होगी। उन्होंने उपस्थित लोगों से विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश, आत्मनिर्भर भारत-आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश शताब्दी संकल्प अ2047 के अन्तर्गत क्यूआर कोड स्कैन कर अपने विचार और संकल्प साझा करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी से विजन डाक्यूमेंट 2047 का निर्माण किया जा रहा है, इसमें अपना योगदान अवश्य दें।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह एंव आशीष निरंजन अपर आयुक्त राज्य कर बरेली जोन बरेली एंव समस्त अन्य अधिकारी संयुक्त आयुक्त विजय कुमार गौड ,उपायुक्त संजीव कुमार ओमर, रिकेश सिंह सहायक आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद चैहान, श्रीमती रुचि यादव एंव व्यापार मण्डल के अध्यक्ष, मंत्री सचिव अधिवक्तागण उपस्थित रहे। सभा के अन्त में राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एंव मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सहदृय आभार व्यक्त किया गया हैं।

# संपन्न हुई पीडीए पंचायत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। विधानसभा बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम वसंतपुर, मैथी सैफुल्लाहगंज एवं सडा में सपा पीडीए जनचर्चा पंचायत कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा, विशिष्ट अतिथि सपा जिला उपाध्यक्ष बालकराम सागर, काशीराम सरोज रहे। पीडीए पंचायत कार्यक्रम की अध्यक्षता धनपति वर्मा एडवोकेट ने की है।

इस दौरान मुख्य रूप से बरखेड़ा विधानसभा महासचिव नरेश कुमार सागर,रामौतार वर्मा,अशोक वर्मा,मो. रईस, कंताप्रसाद वर्मा,लेखराज, बुलाकीराम, ओमप्रकाश,जसवंत कुमार, हरिओम, तिलकराम, रवि कुमार, चेतराम, जमुना प्रसाद, मेवाराम,सतेन्द्र वर्मा,रमेश चंद्र,वेद प्रकाश दीक्षित, ऋषिपाल वर्मा, बाबूराम, महेश, राजीव कुमार, मुरारीलाल, कालीचरन, रामशंकर, भोजराज, तीरथ प्रसाद, अनुराग वर्मा, श्रीकृष्ण,अनिल कुमार, रामगोपाल, रूपलाल वर्मा,राजेश कुमार, दिनेश कुमार वर्मा, ओमप्रकाश, जगदीश लोधी, नरेश सिंह, सतीश कुमार, चोखेलाल, संजय,अशोक कुमार,मुनेंद्र पाल, सतीश कुमार, हरिशंकर सहित तमाम सम्मानित नेतागण पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे हैं।

## तहसील में राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन ने किसानों की समस्याओं को लेकर प्रधानमंत्री को संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। संगठन ने ज्ञापन में प्रमुख मांग उठाई कि सरकार सभी फसलों की एमएसपी पर खरीद सुनिश्चित करने के लिए गारंटी कानून बनाए। किसानों का कहना है कि जिस प्रकार तीन कृषि कानून पास करने के लिए विशेष सत्र बुलाया गया था, उसी प्रकार किसान हित में भी विशेष सत्र बुलाकर गारंटी कानून बनाया जाना चाहिए। संगठन ने उत्तर भारत में आई बाढ़ को लेकर भी गंभीर चिंता जताई। ज्ञापन में कहा गया कि ट्रांस शारदा क्षेत्र में हर वर्ष बाढ़ से तबाही होती है, जिसका कारण नेपाल की नदियों से छोड़ा गया पानी है। नेपाल ने 20 फीट ऊंचे तटबंध बनाकर पानी भारत की शारदा नदी में छोड़ दिया, जिससे लखीमपुर और पीलीभीत जिले के किसान बुरी तरह प्रभावित होते हैं। संगठन ने मांग की कि केंद्रीय जल एवं विद्युत अनुसंधान केंद्र, पुणे से जांच कराई जाए और लापरवाह सिंचाई विभाग अधिकारियों पर कार्रवाई हो। साथ ही प्रभावित किसानों को खाद, बीज और डीजल उपलब्ध कराकर पुनः खेती के लिए सहायता दी जाए, ताकि वे अपनी जीविका चला सकें।

## भाकियू कार्यकर्ता बरेली में होने वाली महापंचायत को लेकर हुए रवाना

**पीलीभीत, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद से भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मंगलवार सुबह 10 बजे बरेली के नेहरू युवा केन्द्र में आयोजित महापंचायत में शामिल होने के लिए रवाना हुए। जानकारी के अनुसार इस महापंचायत में बड़ी संख्या में किसानों की भीड़ जुटने की संभावना है। किसान नेता राकेश टिकैत इस दौरान किसानों को संबोधित करेंगे और सरकार की कृषि नीतियों, एमएसपी, गन्ना मूल्य तथा किसानों की मौजूदा समस्याओं पर चर्चा करेंगे। महापंचायत में संगठन की रणनीति और आगामी आंदोलन की दिशा तय किए जाने की उम्मीद जताई जा रही है। रवाना हुए किसानों ने बताया कि वे अपनी समस्याओं की आवाज बुलंद करेगें, इस मौके पर कई गांवों से निजी वाहनों के माध्यम से किसान बड़ी संख्या में बरेली के लिए निकल पड़े है।

## दरवाजा तोड़कर रिटायर्ड हवलदार की पिटाई

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर के मोहल्ला कायस्थान निवासी नरेंद्र कुमार पुत्र बेनीराम रिटायर्ड हवलदार हैं। 21 सितंबर रात में पड़ोस के रहने वाले किशोरी लाल ने अपने पुत्र रविंद्र और सोनू के अलावा रामकुमार पुत्र धर्मवीर के साथ मिलकर उनका दरवाजा तोड़ दिया। शोर सुनकर उन्होंने बाहर निकाल कर विरोध किया तो सभी लाठी डंडा लेकर घर में घुसकर मारपीट की, पिटाई से रिटायर्ड हवलदार को काफी चोटें आई हैं। घटना को लेकर पड़ोस के कई लोग पहुंच गए। तभी आरोपी शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर चले गए। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में पुलिस ने 4 के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मंगलवार दोपहर 12 बजे कोतवाल सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया रिटायर्ड हवलदार के साथ मारपीट करने के मामले में चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## पहले हुआ निकाह फिर दहेज न मिलने पर विवाहिता को पीटा

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मुझा मार्ग पर औरंगाबाद की रहने वाली गुलिस्ताना बी का निकाह 13 अप्रैल 2025 को मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार शाहजहांपुर जनपद के थाना कांट के गांव भानपुर निवासी इन्तेशाब खान के साथ हुआ था। शादी में परिजनो ने अपनी हैसियत के अनुसार 6 लाख नगद और सोने चांदी के जेवर सहित लाखों का सामान दिया था। विदा होकर ससुराल पहुंची विवाहिता से कुछ दिन बाद ही अतिरिक्त दहेज में 17 लाख की गाड़ी, 8 तोला सोना लाने का दबाव बनाए जाने लगा। असमर्थता जाहिर करने पर 9 जून 2025 को पति उसको मुझा रोड पर तनहा छोड़कर चला गया। मां-बाप के पास दहेज का इंतजाम होने पर आने की बात कही। 13 जुलाई को पति उसका भाई और बहनोई ने विवाहिता के मायके पहुंच कर दहेज के इंतजाम के बारे में पूछने लगे। मना करने पर गाली गलौज पर उसको और उसकी छोटी बहन व मां के साथ मारपीट की। पीड़िता के दो भाई फौज में है। छोटा भाई बाजार गया था और पिता नमाज पढ़ने गए थे। मारपीट के बाद आरोपी घर में रखें बक्से की चाबी मांगने लगे। उनका मकसद संदूक में रखें जेबर को ले जाना था। पूरी घटना पुलिस को बताई। मामला परिवार परामर्श केंद्र में पहुंचा। इसके बावजूद नहीं निपटा। पुलिस ने पति के अलावा सास हसीन बेगम, जेठ इस्तखार खान, शबाब खान, जेठानी सिम्मी बेगम पत्नी शबाब खान, बहनोई सोनू खान और ननद फातिमा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मंगलवार 12 कोतवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज किया है।

## पेटीएम मशीन लगाने के नाम पर ठगी करने वाले दो शातिर गिरफ्तार

**सुलतानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** साइबर क्राइम थाना पुलिस ने पेटीएम मशीन लगाने के नाम पर दुकानदारों को ठगने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर लिया है। पुलिस ने गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके पास से आईफोन 14 बरामद किया है। आरोपियों की पहचान सचिन पुत्र विजयपाल व उत्कर्ष पुत्र स्व. बिन्देश्वरी प्रसाद, दोनों निवासी थाना कुड़वार के रूप में हुई है। सचिन खुद को पेटीएम का कर्मचारी बताकर दुकानदारों को झांसा देता और मशीन इंस्टॉल करने के बहाने उनका सिम अपने मोबाइल में डालकर खाते को लॉग-इन कर लेता। इसके बाद खाते से रकम उड़ाता रहता था। 28 अगस्त को कुड़वार की एक महिला से 5,380 रुपये की ठगी। धनपतगंज में अंडे की दुकान से 80 हजार रुपये पार। बल्दीराय में जाबिर अली की दुकान से तीन दिनों में करीब 7,500 रुपये की निकासी।सचिन और उत्कर्ष के खिलाफ साइबर क्राइम, धनपतगंज व बल्दीराय थानों में कई मुकदमे दर्ज हैं। एसपी कुँवर अनुपम सिंह व एएसपी अखंड प्रताप सिंह के निर्देशन में सीओ नगर प्रशांत सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी जांच व मुखबिरी के आधार पर दोनों को दबोच लिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार सिंह सहित साइबर थाना व कुड़वार थाना पुलिस शामिल रही।

## क्षयरोगी को गोद लेकर रोगी को दी गई पोषण सामाग्री

**सुल्तानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षय रोगियों का ध्यान रखते हुए आज करिश्मा को अन्तिम पोषण किट दिया गया। यह अन्तिम किट मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी बिलाल अहमद ने दी, बिलाल अहमद ने बताया की 6 महीना पहले करिश्मा इलाज करने के लिए आयी थी जिनकी परिस्थितियों देखते हुए स्वास्थ्य विभाग कर्मचारियों ने इनको गोद ले लिया, और लगातार 6 महीने से करिश्मा को पोषण किट दिया जा रहा था, डॉक्टर शफीउर रहमान उप क्षयरोग अधिकारी ने बताया की करिश्मा का इलाज आज पूरा हुआ और करिश्मा अब पूर्णरूप से स्वस्थ है। क्षयरोग परीक्षण अधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि करिश्मा आर्थिक रूप से बहुत कमजोर व विकलांग है।

# गांधी जयंती पर आयोजित होंगी प्रतियोगिताएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। डीएम ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार पीलीभीत में गांधी जयंती पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने संबंधी बैठक आयोजित की गई। बैठक में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय पर्व गांधी जयंती मनाया जायेगा। जनपद के विद्यालयों में क्विज प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। उक्त प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रर्दशन करने वाले 3-3 बच्चों को जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया जायेगा। प्रातः 07 बजे क्रास कन्ट्री रेस का आयोजन किया जायेगा। प्रातः 08:30 बजे जनपद के समस्त सरकारी, अर्द्धसरकारी कार्यालयों, स्थानीय निकायों एवं शैक्षणिक संस्थाओं में ध्वजारोहण एवं महात्मा गांधी के चित्र का अनावरण व माल्यार्पण किया जायेगा तथा चरखा से सूत कातने का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण का वितरण, उद्योग विभाग द्वारा सिलाई मशीन वितरण किया जायेगा।बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी नगर पालिका/नगर पंचायत में बेहतर कार्य करने वाले सफाई करने वाले सफाई कर्मियों को सम्मानित किया जायेगा। विभिन्न विभागों व क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया जायेगा। इसके साथ ही चर्खे से सूत कातने, जिला अस्पताल, जिला कारागार, कुष्ठ एवं वृद्ध आश्रम में फल वितरण कार्यक्रम आदि कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। प्रातः 10 बजे शांति एकता मार्च को आयोजन वाटर वर्क्स से प्रारम्भ होकर गांधी स्टेडियम तक किया जायेगा। सायं 6:00 बजे शहीद दामोदरदास स्तम्भ पर दीपदान एवं रामधुन का कार्यक्रम किया जायेगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, उपायुक्त उद्योग, समाजसेवी व पत्रकार बन्धु सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे है।

## दशम राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस समारोह सम्पन्न

पीलीभीत। राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस आयुर्वेदिक कॉलेज सभागार में उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की तथा आयुर्वेद की महत्ता पर प्रकाश डाला। जिलाधिकारी ने कहा कि आयुर्वेद हमारी प्राचीन चिकित्सा पद्धति हैए जो आज भी उतनी ही प्रभावी और प्रासंगिक है। उन्होंने लोगों से आयुर्वेद को अपनी दिनचर्या में शामिल करने और स्वस्थ जीवन के लिए प्राकृतिक पद्धतियों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा आने वाला समय आयुर्वेद का है। कार्यक्रम में आयुर्वेद दिवस के बारे में प्राचार्य प्रो़ सुदीप सहाय बेदार ने विस्तृत जानकारी दी तथा आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के महत्वए तथा सरकार द्वारा आयुर्वेद को बढ़ावा देने के रोड मैप की विस्तृत जानकारी दी।इस अवसर पर क्षेत्रीय आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी की ओर से शहर के खकरा चैकी के पास भव्य निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 250 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षणए परामर्श एवं जरूरी जांच की गई। जनपद में सभी आयुर्वेदिक चिकित्सालयों पर आयुर्वेद दिवस का भव्य आयोजन किया गया तथा गांव गांव में स्वास्थय शिविर लगाकर लोगों को आयुर्वेद के प्रति जागरूक किया गया।

# निकली भव्य शिव बारात, उमड़े श्रद्धालु



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। तहसील परिसर से रामलीला मेला के अंतर्गत भव्य शिव बारात निकाली गई। इस अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। शोभायात्रा में भगवान शिव, माता पार्वती, गणेश जी, नंदी बैल सहित विभिन्न धार्मिक झांकियों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। बारात में शामिल कलाकारों ने धार्मिक गीतों और भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर बारात का स्वागत किया। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक शोभायात्रा को देखने के लिए मार्गों के दोनों ओर खड़े दिखाई दिए। सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन ने विशेष प्रबंध किए थे। रामलीला मैदान पहुंचने के बाद शिव विवाह की लीला का मंचन किया गया, यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक एकता का भी संदेश देता है।

# 63 वर्ष पुरानी बल्दीराय की रामलीला का शुभारंभ 29 से

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। बल्दीराय तहसील मुख्यालय की 63 वर्ष पुरानी रामलीला का शुभारंभ 29 सितंबर से किया जाएगा। इस प्राचीन रामलीला की स्थापना बल्दीराय कस्बे के समाजसेवी दंगल सिंह ने की थी। वर्ष 62 में तखते का मंच बनाकर बगैर साउंड सर्विस के रामलीला का मंचन किया जाता था लगभग 16 वर्षों 1978 तक पुरानी समिति द्वारा राम कथा का मंचन किया लेकिन बदलते परिवेश में कार्यकर्ताओं ने राम कथा को अचानक बंद कर दिया। 1978 में बल्दीराय कस्बे प्रतिष्ठित व्यक्ति बाबू सिद्धनाथ सिंह ने कस्बे के युवाओं को इकट्ठा करके श्री नवयुवक रामलीला समिति की स्थापना की जो अनवरत चल रही है। कस्बे में वर्षों पुरानी इस रामलीला दर्शकों को दिखाने के लिए तख्त का मंच लगाकर लालटेन तथा पेट्रोमैक्स जलाकर राम कथा का मंचन करते थे उस समय आधुनिक वाद यंत्र न होने से रामलीला के कार्यकर्ता अपनी व्यवस्था के अनुसार राम कथा का मंचन करते थे।

रामलीला के सक्रिय कार्यकर्ता कन्हैया लाल अग्रहरि शिवकुमार गुप्ता शिवकुमार कौशल तुलसीराम अग्रहरि संस्थापक सिद्धनाथ सिंह ने नवयुवक रामलीला समिति के कार्यकर्ताओं को लेकर कस्बे की रामलीला परिसर में एक मंच स्थापित करवाया। रामलीला का मंचन इसी मंच से किया जा रहा है नवयुवक रामलीला समिति के संस्थापक बाबू सिद्धनाथ सिंह समिति के महामंत्री तुलसीराम अग्रहरि की मृत्यु हो जाने के पश्चात अब रामलीला के मंचन की जिम्मेदारी युवाओं पर आ गई। बल्दीराय कस्बे की इस प्राचीन रामलीला के मंचन की तैयारी नवयुवक रामलीला समिति के कार्यकर्ता एक माह पूर्व से ही करने लगते हैं रामलीला मंचन बड़ी ही साज सज्जा के साथ दर्शकों के बीच दिखाया जाए इसके लिए समिति के कार्यकर्ता एक स्थान पर राम कथा का रिहर्सल करते हैं इसके पश्चात रामलीला मंच से भव्यता के साथ दर्शकों के बीच राम कथा प्रस्तुत करते है।

# दस दिवसीय रामलीला का हुआ शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुड़वार सुल्तानपुर। क्षेत्र के स्थानीय कस्बे के रामलीला मैदान में दस दिवसीय रामलीला मंचन का भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने फीता काटकर शुभारंभ किया।

रामलीला परिवार कमेटी( रजिस्टर्ड )कुड़वार द्वारा आयोजित दस दिवसीय राम लीला मंचन का शुभारंभ सोमवार को हुआ। शुभारंभ के अवसर पर राम दरबार की आरती करने के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि काफी दिनों बाद पुनः राम लीला शुरू हुई है। अब अगर इसमें कोई भी कठिनाई आएगी तो उसका मिलकर समाधान कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि हर साल राम लीला का आयोजन केवल इस लिए किया जाता है जिससे हर आदमी प्रभु श्रीराम के आदर्शो में को अपने जीवन में उतारे।

प्रभु श्रीराम ने सामाजिक समरसता के लिए केवट को गले लगाया तथा और सबरी के जूठे बेर के फल खाए थे। भाजपा नेता राम चंद्र मिश्रा ने कहा कि पूर्व बूथ अध्यक्ष स्व अवधेश तिवारी की इस रामलीला मैदान में राम लीला मंचन के आयोजन की काफी इच्छा थी। जिसे अब उनके बेटे पंकज व दीपक द्वारा पूरा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रामलीला समिति का रजिस्ट्रेशन हो चुका है।अब हर साल यह कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस मौके पर शिव शंकर तीर्थ दंडी स्वामी, भाजपा नेता ओम प्रकाश पांडेय बजरंगी, अखिलेश तिवारी, श्याम सुन्दर सिंह, नित्या नन्द तिवारी, अध्यक्ष राम सूरत तिवारी, सचिव रमेश तिवारी, शशिकांत तिवारी, अंबिका तिवारी, लवकुश तिवारी सहित अन्य रामलीला परिवार के लोग मौजूद रहे।

# चोरी की बाइक और एक सौ दस ग्राम स्मैक के साथ दो युवक गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई अमेठी। थाना मोहनगंज पुलिस ने मेडिकल कालेज तिलोई से चोरी की गई एक मोटरसाइकिल व एक सौ दस ग्राम स्मैक के साथ दो शातिर युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह मय हमराह द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मोटर साइकिल सवार सौरभ विश्वास पुत्र शिशिर कुमार विश्वास निवासी तिलोई थाना मोहनगंज व राजकुमार उर्फ राजू पुत्र जगप्रसाद निवासी ग्राम पूरे राजा मजरे तिलोई थाना मोहनगंज को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में सौरभ विश्वास के कब्जे से पैंसठ ग्राम स्मैक व राजकुमार उर्फ राजू के कब्जे से पैंतालिस ग्राम स्मैक बरामद हुई है।मोटरसाइकिल के कागज मांगने पर दिखा नही सके। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में दोनों युवकों ने बताया कि मोटर साइकिल एचएफ डीलक्स यूपी ठ्ठ 36 जे 7904 चोरी की है जिसे उन दोनों ने अपने साथी रविन्द्र चौरसिया पुत्र श्रीपाल निवासी तिलोई के साथ मिलकर इक्कीस सितम्बर को मेडिकल कालेज तिलोई से चोरी किया था। बरामद स्मैक को रविन्द्र चौरसिया ने बेचने के लिये उन्हें दिया था। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## आईटीआई कठौरा में आज लगेगा रोजगार मेला

**अमेठी।** जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय, अमेठी एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कठौरा जगदीशपुर अमेठी के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय निःशुल्क रोजगार मेले का आयोजन आगामी चौबीस सितम्बर को किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि मेले में पुखराज हेल्थ केयर एवं एस.आई.एस. सिक्योरिटी गार्ड कम्पनी प्रतिभाग करेंगी। रोजगार मेले में बारहवीं, स्नातक, आईटीआई उत्तीर्ण तथा अन्य तकनीकी योग्यताधारक अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इच्छुक अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल पर अपना पंजीकरण कर अपनी योग्यता के अनुरूप कम्पनी में आवेदन कर सकते हैं।अभ्यर्थियों को मेला स्थल पर फोटो व बायोडाटा सहित उपस्थित होना आवश्यक है।

## पंचवटी मैरिज लान में लगी आग से लाखों रुपये की सामग्री जलकर हुई राख

**अमेठी।** थाना गौरीगंज क्षेत्र के जामों मार्ग पर स्थित पंचवटी मैरिज लान में सोमवार की देर रात अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग से लाखों रुपये की सामग्री जलकर राख हो गई है। फायर बिग्रेड द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय विधायक राकेश प्रताप सिंह ने मौके पर पहुंच गये और मैरिज लान में भीषण अग्निकाण्ड से आसपास के लोग दहशत में आ गये। थाना क्षेत्र के पंचवटी मैरिज लान में सोमवार की देर रात देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और मैरिज लान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया।आग की लपटें इतनी तेज थी कि कोई भी व्यक्ति नजदीक जाने की हिम्मत नही जुटा पा रहा था। अग्नि काण्ड की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया फिलहाल किसी जनहानि की खबर नही है लेकिन मैरिज लान में रखा कीमती सामान और साज-सज्जा पूरी तरह से जलकर राख हो गईस्थानीय लोगों की मानें तो इस अग्निकांड से आसपास के दुकानदारों ने अपने प्रतिष्ठानों को तुरंत बंद कर दिया। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नही चल सका है। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## पीएचडी की उपाधि पाकर क्षेत्र का बढ़ाया मान

सुलतानपुर। मेहनत, लगन और शिक्षा के प्रति समर्पण से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। इसका उदाहरण पेश किया है कूरेभार विकास खंड के ग्राम पंचायत टिहरा कोहरा निवासी अभिषेक चंद्र ने। हाल ही में उन्हें पुष्प विज्ञान एवं भूदस्य निर्माण (फ्लोरिकल्चर एंड लैंडस्केपिंग आर्किटेक्चर) विषय में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधि प्राप्त हुई। यह उपाधि उन्हें सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ में आयोजित 18वें दीक्षांत समारोह (21 सितम्बर 2025) में प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन, कृषि मंत्री तथा रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पंजाब सिंह द्वारा संयुक्त रूप से प्रदान की गई। अब वे डॉ. अभिषेक चंद्र के नाम से जाने जाएंगे।

## सम्पादकीय

# नवरात्र की शक्ति

रविवार को हमने अमावस्या पर पितृ-विसर्जन के जरिये हमारे जीवन को समृद्ध करने वाले पुरखों को पुण्य स्मरण कर विदा किया। सोमवार का सूरज नवरात्र की बहुआयामी शक्ति से पूरे देश में आस्था का उल्लास और उमंग भर रहा है। नवरात्र के साथ ही देश में पर्व-त्योहारों की ऐसी शृंखला शुरू हो जाती है, जो जनमानस के तन-मन को ही नहीं, देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई दे जाती है। ऐसे वक्त में जब देश अमेरिका के ट्रैरिफ आतंक से जूझ रहा है, स्वदेशी का मंत्र हमारी आर्थिक व राष्ट्रीय संप्रभुता का संरक्षक बन सकता है। निस्संदेह, दूसरे देशों पर हमारी आर्थिक निर्भरता हमारी अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी दुश्मन है। ये विदेशी का मोह, कहीं न कहीं राष्ट्रीय सरोकारों से हमारे विमुख होने का पर्याय भी है। देश में आर्थिक संपन्नता आई तो साथ ही विदेशी वस्तुओं को सम्मोहन भी बढ़ा है। हम स्वदेशी के उस मंत्र को भूल गए, जिसने परतंत्र भारत को आजाद कराने व ब्रिटिश सत्ता की चूलें हिलाने में बड़ी भूमिका निभाई थी। नवरात्र का पर्व व्रत और शक्ति की आराधना का पर्व है। ऐसी शक्ति जिससे राष्ट्र, समाज व व्यक्ति का कल्याण हो सके। ऐसे वक्त में जब लगातार भारत विरोधी कदम उठा रही ट्रंप सरकार ने भारतीय प्रतिभाओं पर अंकुश लगाने के लिये एच-1 बी वीजा को अस्त्र बनाया है, हमें अपनी प्रतिभाओं को देश में सहेजने का प्रयास करना चाहिए। देश के नीति-नियंताओं को मंथन करना होगा कि अमेरिका के लिये महकने वाली प्रतिभाएं देश को क्यों नहीं महका सकती? यह अच्छी बात है कि नवरात्र पर्व की शुरुआत जीएसटी सुधारों के साथ हो रही है। अब तक दैनिक उपभोग की वस्तुओं व दवाओं आदि पर अतार्किक शुल्क लगाया गया था। जिसे बहुत पहले ही सुधार लिया जाना चाहिए था। देर आए दुरुस्त आए की तर्ज पर कहा जा सकता है कि अब लोगों की बचत बढ़ेगी। बचत बढ़ने से लोगों की क्रय शक्ति बढ़ेगी और बाजार को गति मिलेगी। कुल मिलाकर स्वदेशी अर्थव्यवस्था गतिमान होगी, भारतीय-उद्योग धंधों को संबल मिलेगा और रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी। निस्संदेह, जीएसटी दरों में कमी और पर्व-त्योहारों के इस मौसम में देश के असंगठित क्षेत्र को शक्ति मिलेगी, जो रोजगार का सबसे बड़ा स्रोत भी है। नवरात्र के व्रत का पहला संकल्प हमारी आस्था और सेहत से है। देश आज मोटापे और उससे उत्पन्न गैर संक्रामक रोग मधुमेह, उच्च रक्तचाप तथा हृदयाघात से जूझ रहा है। इस नवरात्र के दौरान हम अपने खानपान को संयमित करके आस्था के संबल के साथ अपनी सेहत में सुधार कर सकते हैं। हमारे पर्व-त्योहार गहरे तक हमारे व्यावहारिक जीवन से जुड़े हैं। उनके गहरे निहितार्थों को समझने की जरूरत है। ये पर्व व त्योहार महज कर्मकांड ही नहीं है, इसके व्यक्ति, समाज और अर्थव्यवस्था के लिये गहरे संदेश हैं। इस तरह नवरात्र बेटियों को शक्तिशाली बनाने, लैंगिक भेदभाव खत्म करने और समाज में तनाव-अवसाद दूर करके व्यक्ति और समाज को स्वस्थ बनाने का पर्व है। हमें पर्व के मर्म को समझना है।

> नवरात्र के साथ ही देश में पर्व-त्योहारों की ऐसी शृंखला शुरू हो जाती है, जो जनमानस के तन-मन को ही नहीं, देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई दे जाती है। ऐसे वक्त में जब देश अमेरिका के ट्रैरिफ आतंक से जूझ रहा है, स्वदेशी का मंत्र हमारी आर्थिक व राष्ट्रीय संप्रभुता का संरक्षक बन सकता है। निस्संदेह, दूसरे देशों पर हमारी आर्थिक निर्भरता हमारी अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी दुश्मन है।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय : व्यक्ति नहीं विचार दर्शन हैं


डॉ. सौरभ मालवीय

> वास्तव में भारतीय 'वसुधैव कुटुम्बकम्' में विश्वास रखते हैं। यह हमारा मूल मंत्र है। इसके अनुसार भारत में सभी धर्मों को समान अधिकार प्राप्त है। इसी कारण भारत विश्व गुरु माना जाता है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक राष्ट्रवादी चिंतक के रूप में जाने जाते हैं। एकात्म मानववाद के रूप में उन्होंने अपने विचारों की व्याख्या की तथा एक राष्ट्रवादी दर्शन के रूप में इसे स्थापित करने का प्रयास किया। उन्होंने एकात्म मानववाद दर्शन को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया। वे न केवल वैचारिक चुनौतियों के प्रति सजग थे, परन्तु उन चुनौतियों का सामना राष्ट्रवाद के माध्यम से करने को दृष्ट संकल्प भी प्रतीत होते हैं। भारत जैसे विशाल एवं सर्वसाधन सम्पन्न राष्ट्र जिसने अपनी ऐतिहासिक तथा सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के आधार पर सम्पूर्ण विश्व को अपने ज्ञान पुंज से आलोकित कर मानवता का पाठ पढ़ाया तथा विश्व में जगतगुरु के पद पर प्रतिस्थापित हुआ, ऐसे विशाल राष्ट्र के पराधीनता के कारणों पर दीनदयाल जी का विचार और स्वाधीनता पश्चात् समर्थ और सशक्त भारत बनाने में उनके विचार प्रेरणास्पद हैं।

भारत में रहने वाला और इसके प्रति ममत्व की भावना रखने वाला मानव समूह एक जन हैं। उनकी जीवन प्रणाली, कला, साहित्य, दर्शन सब भारतीय संस्कृति है। इसलिए भारतीय राष्ट्रवाद का आधार यह संस्कृति है। इस संस्कृति में निष्ठा रहे तभी भारत एकात्म रहेगा।ह्ल ये शब्द पंडित दीनदयाल उपाध्याय के हैं, जिन्हें जनसंघ के राष्ट्रजीवन दर्शन का निर्माता माना जाता है। वे मानते थे कि राजनीतिक जीवनदर्शन का पहला सूत्र संस्कृतिनिष्ठा है। वास्तव में भारतीय 'वसुधैव कुटुम्बकम्' में विश्वास रखते हैं। यह हमारा मूल मंत्र है। इसके अनुसार भारत में सभी धर्मों को समान अधिकार प्राप्त है। इसी कारण भारत विश्व गुरु माना जाता है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक राष्ट्रवादी चिंतक के रूप में जाने जाते हैं। एकात्म मानववाद के रूप में उन्होंने अपने विचारों की व्याख्या की तथा एक राष्ट्रवादी दर्शन के रूप में इसे स्थापित करने का प्रयास किया। उन्होंने एकात्म मानववाद दर्शन को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया। वे न केवल वैचारिक चुनौतियों के प्रति सजग थे, परन्तु उन चुनौतियों का सामना राष्ट्रवाद के माध्यम से करने को दृष्ट संकल्प भी प्रतीत होते हैं। भारत जैसे विशाल एवं सर्वसाधन सम्पन्न राष्ट्र जिसने अपनी ऐतिहासिक तथा सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के आधार पर सम्पूर्ण विश्व को अपने ज्ञान पुंज से आलोकित कर मानवता का पाठ पढ़ाया तथा विश्व में जगतगुरु के पद पर प्रतिस्थापित हुआ, ऐसे विशाल राष्ट्र के पराधीनता के कारणों पर दीनदयाल जी का विचार और स्वाधीनता पश्चात समर्थ और सशक्त भारत बनाने में उनके विचार प्रेरणास्पद हैं। प्रसिद्ध विचारक और प्रख्यात पत्रकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय अपने व्यस्त राजनीतिक जीवन में से अनेक वर्षों तक गॅनाइजर, राष्ट्रधर्म, पांचजन्य में तत्कालीन राजनीतिक-आर्थिक घटनाक्रम पर गम्भीर विवेचनात्मक टिप्पणियां लिखते रहे। यद्यपि विषय तत्कालीन होता या, तो भी उस पर दीनदयाल जी की टिप्पणी सामयिक के साथ-साथ बहुधा दीर्घकालीन या स्थायी महत्व की भी होती थी। भारत को एक नई शुरुआत करनी पड़ेगी, इस बात को मानते हुए लेख में वे स्पष्टता के साथ लिखते कि फिर से वापस नहीं लौटा जा सकता। अतः दुनिया के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलना ही होगा, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि दासता के काल में आगामी विकृतियों को हम दूर करने का प्रयास न करें। वे लिखते हैं- अतः हमको सावधानी रखनी होगी कि हम अपने जर्जर शरीर को रोगमुक्त करके जब तक स्वस्थ होकर खड़े हों, तब तक बीच में ही कोई हमारे ऊपर हावी न हो जाएं। साथ ही संसार के अनेक देशों के साथ हमारे संबंध रहे हैं। हमें अनेक पुराने अप्राकृतिक संबंध तोड़ने पड़ेंगे, नवीन निर्माण करने होंगे। अपने एकात्म मानववाद दर्शन के अंतर्गत उन्होंने राष्ट्र की चित्ति की अवधारणा को व्याख्यायित करने का निरंतर प्रयास किया। दीनदयाल जी चित्ति को राष्ट्र के अस्तित्व का मुख्य आधार मानते थे। उनका मानना था कि भारत को बलशाली और वैभवशाली तभी बनाया जा सकता है, जब भारत की चित्ति को समझा जा सके। चित्ति को बिना समझे राष्ट्र को समझना दुष्कर है तथा बिना राष्ट्र को समझे इसे बलशाली और वैभवशाली बनना असम्भव है। इस प्रश्न को रेखांकित करते हुए वे लिखते हैं- हमारे राष्ट्र जीवन की चित्ति क्या है? हमारी आत्मा का क्या स्वरूप है? इस स्वरूप की व्याख्या करना कठिन है उसका तो साक्षात्कार ही संभव है, किंतु जिन महापुरूषों ने राष्ट्रात्मा का पूर्ण साक्षात्कार किया, जिनके जीवन में चित्ति का प्रकाश उज्ज्वलतम रहा है। उनके जीवन की ओर देखने से, उनके जीवन की क्रियाओं और घटनाओं का विश्लेषण करने से, हम अपनी चित्ति के स्वरूप की कुछ झलक पा सकते हैं। प्राचीन काल से लेकर आज तक चली आनेवाली राष्ट्र पुरुषों की परंपरा के भीतर छिपे हुए सूत्र को यदि हम ढूंढें, तो संभवतया चित्ति के व्यक्त परिणाम की मीमांसा से उसके अव्यक्त कारण की भी हमको अनुभूति हो सके। जिन महान विभूतियों के नाम स्मरण मात्र से हम अपने जीवन में दुर्बलता के क्षणों में शक्ति का अनुभव करते हैं, कायरता की कृति का स्थान वीर व्रत ले लेता है, उनके जीवन में कौन सी बात है, जो हममें इतना सामर्थ्य भर देती है? कौन सी चीज है जिसके लिए हम मर मिटने के लिए तैयार हो जाते हैं? हमारा मस्तक श्रद्धा से किसके सामने नत होता है और क्यों? वह कौन सा लक्ष्य है, जिसके चारों ओर हमारा राष्ट्र जीवन घूमता आया है? अपने राष्ट्र के किस तत्व को बचाने के लिए हमने बड़े-बड़े युद्ध किए? किसके लिए लाखों का बलिदान हुआ? उत्तर हो सकता है भारत की भूमि के लिए। किंतु भारत से तात्पर्य क्या जड़ भूमि से है? क्या हमने हिमालय के पत्थर और गंगा के जल की रक्षा की है? हमारे अवतारों ने किस हेतु जन्म लिया था? उनको हम भगवान का अवतार क्यों कहते हैं? इस लेख में इन प्रश्नों का उत्तर ढूंढते हुए वे अनेक वैचारिक प्रश्नों का साक्षात्कार पाठकों को कराते हैं।15 अगस्त, 1947 को हमने एक मोर्चा जीत लिया। हमारे देश से अंग्रेजी राज्य विदा हो गया। उस राज्य के कारण हमारी प्रतिभा के विकास में जो बाधाएं उपस्थित की जा रही थीं, उनका कारण हट गया, हम अपना विकास करने के लिए स्वतंत्र हो गए। अपनी आत्मानुभूति का मार्ग खुल गया। किंतु अभी भी मानव की प्रगति में हमको सहायता करनी है। मानव द्वारा छेड़े गए युद्ध में जिन-जिन शस्त्रों का प्रयोग हमने अब तक किया है, जिनके चलाने में हम निपुण हैं तथा जिन पर पिछली सहस्राब्दियों में जंग लग गई थी, उन्हें पुनः तीक्ष्ण करना है तथा अपने युद्ध कौशल का परिचय देकर मानव को विजय बनाना है। आज यदि हमारे मन में उन पद्धतियों के विषय में ही मोह पैदा हो जाए, जिनके पुरस्कर्ताओं से हम अब तक लड़ते रहे हैं, तो यही कहना होगा कि हम न तो स्वतंत्रता का सच्चा स्वरूप समझ पाए हैं और न अपने जीवन के ध्येय को ही पहचान पाए हैं। हमारी आत्मा ने अंग्रेजी राज्य के प्रति विद्रोह केवल इसलिए नहीं किया कि दिल्ली में बैठकर राज्य करनेवाला एक अंग्रेज था, अपितु इसलिए भी कि हमारे दिन-प्रतिदिन के जीवन में हमारे जीवन की गति में विदेशी पद्धतियां और रीति-रिवाज विदेशी दृष्टिकोण और आदर्श अडंगा लगा रहे थे, हमारे संपूर्ण वातावरण को दूषित कर रहे थे, हमारे लिए सांस लेना भी दूभर हो गया था। आज यदि दिल्ली का शासनकर्ता अंग्रेज के स्थान पर हममें से ही एक, हमारे ही रक्त और मांस का एक अंश हो गया है, तो हमको इसका हर्ष है, संतोष है किंतु हम चाहते हैं कि उनकी भावनाएं और कामनाएं भी हमारी भावनाएं और कामनाएं हों। जिस देश की मिट्टी से उसका शरीर बना है, उसके प्रत्येक रंजकण का इतिहास उसके शरीर के कण-कण से प्रति ध्वनित होना चाहिए तीस कोटि के हृदयों को समष्टिगत भावनाओं से उसका हृदय उद्वेलित होना चाहिए तथा उनके जीवन के विकास के अनुकूल, उनकी प्रकृति और स्वभाव अनुसार तथा उनकी भावनाओं और कामनाओं के अनुरूप पद्धतियों की सृष्टि उसके द्वारा होनी चाहिए। यदि ऐसा नहीं होता तो हमको कहना होगा कि अभी भी स्वतंत्रता की लड़ाई बाकी है। अभी हम अपनी आत्मानुभूति में आनेवाली बाधाओं को दूर नहीं कर पाए हैं। आर्थिक स्वाधीनता के साथ-साथ सामाजिक और सांस्कृतिक स्वतंत्रता की भी आवश्यकता है। आत्मानुभूति के प्रयत्नों में जिन सामाजिक व्यवस्थाओं एवं पद्धतियों की राष्ट्र अपनी सहायता के लिए सृष्टि करता है अथवा जिन रीति-रिवाजों में उसकी आत्मा की अभिव्यक्ति होती है, वे ही यदि कालावपात से उसके मार्ग में बाधक होकर उसके ऊपर भार रूप हो जाएं तो उनसे मुक्ति पाना भी प्रत्येक राष्ट्र के लिए आवश्यक है। यात्रा की एक मंजिल में जो साधन उपयोगी सिद्ध हुए हैं वे दूसरी मंजिल में भी उपयोगी सिद्ध होंगे यह आवश्यक नहीं। साधन तो प्रत्येक मंजिल के अनुरूप ही चाहिए तथा इस प्रकार प्रयाण करते हुए प्राचीन साधनों का मोह परतंत्रता का ही कारण हो सकता है, क्योंकि स्वतंत्रता केवल उन तंत्रों का समष्टिगत नाम है जो स्वानुभूति में सहायक होते हैं। राष्ट्र की सांस्कृतिक स्वतंत्रता तो अत्यंत महत्व की है, क्योंकि संस्कृति ही राष्ट्र के संपूर्ण शरीर में प्राणों के समान संचार करती है। प्रकृति के तत्वों पर विलय पाने के प्रयत्न में तथा मानवानुभूति की कल्पना में मानव जिस जीवन दृष्टि की रचना करता है वह उसकी संस्कृति है। संस्कृति कभी गतिहीन नहीं होती अपितु वह निरंतर गतिशील फिर भी उसका अपना एक अस्तित्व है। नदी के प्रवाह की भांति निरंतर गतिशील होते हुए भी वह अपनी निजी विशेषताएं रखती हैं, जो उस सांस्कृतिक दृष्टिकोण को उत्पन्न करनेवाले समाज के संस्कारों में तथा उस सांस्कृतिक भावना से जन्य राष्ट्र के साहित्य, कला दर्शन, स्मृति शास्त्र, समाज रचना इतिहास एवं सभ्यता के विभिन्न अंग अंगों में व्यक्त होती हैं। परतंत्रता के काल में इन सब पर प्रभाव पड़ जाता है तथा स्वाभाविक प्रवाह अवरुद्ध हो जाता है। आज स्वतंत्र होने पर आवश्यक है कि हमारे प्रवाह की संपूर्ण बाधाएं दूर हों तथा हम अपनी प्रतिभा अनुरूप राष्ट्र के संपूर्ण क्षेत्रों में विकास कर सकें। राष्ट्र भक्ति की भावना को निर्माण करने और उसको साकार स्वरूप देने का श्रेय भी राष्ट्र की संस्कृति को ही है तथा वही राष्ट्र की संकुचित सीमाओं को तोड़कर मानव की एकात्मता का अनुभव कराती है। अतः संस्कृति की स्वतंत्रता परमावश्यक है। बिना उसके राष्ट्र की स्वतंत्रता निरर्थक ही नहीं, टिकाऊ भी नहीं रह सकेगी।

**(लेखक लखनऊ विश्वविद्यालय में पत्रकारिता विभाग के अध्यक्ष हैं।)**

# प्राकृतिक ऊर्जा और देवी शक्ति के संचार के प्रतीक हैं नवरात्रि के नौ दिन

**विजय कुमार शर्मा**



हिंदू धर्म में माता दुर्गा की पूजा को नवरात्रि के रूप में नौ दिन तक मनाने की प्राचीन परंपरा रही है। यह केवल एक धार्मिक रिवाज नहीं है, बल्कि इसके पीछे गहरी आध्यात्मिक, प्रतीकात्मक और प्राकृतिक दृष्टि से महत्व छुपा है। नवरात्रि का यह पर्व हमें यह सिखाता है कि भक्ति, तप और संयम ही जीवन की कठिनाइयों से मुक्ति और आंतरिक शक्ति प्राप्त करने का मार्ग हैं। माता दुर्गा के नौ स्वरूपों- शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री, की पूजा प्रत्येक दिन अलग-अलग विधि और मंत्रों के साथ होती है। प्रत्येक स्वरूप जीवन के अलग-अलग गुणों का प्रतीक है। शैलपुत्री साहस और ज्ञान का संदेश देती हैं, ब्रह्मचारिणी तप और संयम का प्रतीक हैं, कालरात्रि बुराई पर विजय का मार्ग दिखाती हैं, और सिद्धिदात्री आध्यात्मिक उन्नति और सिद्धियों की प्राप्ति का संकेत देती हैं। इसी कारण नवरात्रि के नौ दिन केवल भक्ति का अभ्यास नहीं, बल्कि जीवन में गुणों का संचार और आत्मशक्ति का विकास भी हैं।

देवी भागवत में भी कहा गया है-

या देवी सर्वभूतेषु शक्तिरूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः?

अर्थात्-सभी जीवों में जो शक्ति रूपी देवी रूप से प्रतिष्ठित हैं, उनका मैं बार-बार, तीन बार, नमन करता हूँ। यह श्लोक हमें याद दिलाता है कि देवी शक्ति हर जीव और प्रकृति में व्याप्त है, और उसकी भक्ति से ही जीवन में सकारात्मक ऊर्जा आती है। पुराणों के अनुसार, देवी दुर्गा ने महिषासुर नामक दुष्ट असुर का वध नौ दिनों तक युद्ध करके किया था। इसी घटना से नवरात्रि के नौ दिन निर्धारित हुए। यह केवल एक कथा नहीं, बल्कि यह संदेश देती है कि सच्ची भक्ति, तप और संयम से हर कठिनाई पर विजय पाई जा सकती है। इसी संदर्भ में ब्रह्मवैवर्त पुराण में लिखा हैः

सर्वशत्रुनिवृत्त्या दुर्गा भवति महेश्वरी।
शरणागतदीनार्तिनां रक्षामि हरिषु च?

अर्थात्- मैं दुर्गा, सभी शत्रुओं को नष्ट करने वाली, शरणागत और दीन-हीन प्राणियों की रक्षा करने वाली हूं। यह श्लोक हमें शक्ति और सुरक्षा की अनुभूति देता है। नौ दिन की अवधि में उपवास, मंत्र जाप और विशेष पूजा विधियों से व्यक्ति का मन और शरीर शुद्ध और संतुलित होता है। यह समय भक्त को आत्मनिरीक्षण, संयम, धैर्य और आध्यात्मिक अनुशासन सीखने का अवसर देता है। साथ ही नवरात्रि का समय प्रकृति के ऋतु परिवर्तन- वसंत और शरद - से जुड़ा होता है, जब प्रकृति में नया जीवन और ऊर्जा उत्पन्न होती है। नवरात्रि के नौ दिन इस प्राकृतिक ऊर्जा और देवी शक्ति के संचार का प्रतीक हैं। संक्षेप में, माता की पूजा नौ दिन तक करने का उद्देश्य केवल धार्मिक क्रिया नहीं, बल्कि नौ देवी रूपों का सम्मान, जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार, बुराई पर विजय और आत्मिक उन्नति है। नवरात्रि हमें यह संदेश देती है कि जीवन में सच्ची भक्ति, तप और संयम से हर कठिनाई पर विजय पाई जा सकती है और व्यक्ति अपनी आंतरिक शक्तियों और गुणों के माध्यम से सम्पूर्ण जीवन में संतुलन और सफलता प्राप्त कर सकता है।

## सेहत मंत्र

# शरीर की कमजोरी होगी दूर, विटामिन-बी12 नहीं होगा कम, खाएं सहजन की पत्तियां



जब शरीर में पोषण की कमी हो तो शरीर कमजोर होने लगता है। स्वस्थ रहने के लिए शरीर बेहतर डाइट का होना भी जरुरी है। अगर शरीर में विटामिन बी12 की कमी होती है तो शरीर में कमजोरी होने लगती है। जिस वजह से शरीर भी सूखने लगता है। शरीर भी दुबला-पतला नजर आने लगता है। ऐसे में आप विटामिन बी12 की कमी दूर करने के लिए सहजन की पत्तियों का सेवन कर सकते हैं। दरअसल, विटामिन बी12 शरीर का विकास और इसे स्वस्थ बनाए रखने में काफी मुख्य भूमिका निभाता है। इतना ही नहीं, यह शरीर के खून और नर्व सेल को स्वस्थ रखने में मदद करता है। जब शरीर में विटामिन बी12 की कमी होती है तो कई गंभीर समस्याएं उत्पन्न होती है। विटामिन बी12 की कमी को दूर करने के लिए आप सहजन की पत्तियां खा सकते हैं। गौरतलब है कि मोरिंगा की फलियां, फूल और पत्ते सभी खाने के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं। इसकी पत्तियां विटामिन-बी12 से भरपूर होती हैं। दरअसल, मोरिंगा में विटामिन- ए, बी2, बी6, बी12, सी, डी और ई जैसे पोषक तत्व होते हैं। आपको बता हैं कि विटामिन बी12 की कमी को कैस दूर करें और किस तरह से सहजन की पत्तियों का सेवन करें। अगर आप भी शरीर की कमजोरी दूर करना चाहते हैं तो आप इसका जूस पी सकते हैं या फिर इसकी सब्जी बनाकर भी खा सकते हैं। आप इसका सैंडविच भी बना सकते हैं। इतना ही नहीं, आप सलाद, सूप या फिर सैंडविच में भी आप इन पत्तियों का इस्तेमाल कर सकते हैं।

## धर्म मंत्र

# महाबली सिंधु के अत्याचारों से सबको मुक्त कराया था भगवान मयूरेश्वर ने

त्रेता में भगवान गणेश ने मयूरेश्वर नाम से अवतार ग्रहण कर अनेक लीलाएं कीं और महाबली सिन्धु के अत्याचारों से सबको मुक्त किया। कठोर तपस्या एवं सूर्य की आराधना से वर पाकर सिन्धु अत्यन्त मदोन्मत्त हो गया। उसकी सेना में असुरों का प्राबल्य हो गया था, जिससे न्याय और सत्य धर्म के मार्ग पर चलने वालों को वह पीड़ित करने लगा। अकारण नर नारियों, अनाथ, अबोध, छोटे शिशुओं की हत्या करने पर वह गर्व का अनुभव करता। पृथ्वी पर रक्त की सरिता बहने लगी। वह पाताल में गया और वहां उसने अपना आधिपत्य जमा लिया। ससैन्य स्वर्ग लोक में चढ़ाई कर वहां शचीपति इन्द्रादि देवताओं को पराभूतकर उसने स्वर्ग में अपना दानवी शासन फैला दिया। सर्वत्र हाहाकार मच गया। इस भयंकर कष्ट से मुक्ति पाने के लिए देवताओं ने अपने गुरु बृहस्पति की शरण ली। उन्होंने पूजा से शीघ्र प्रसन्न होने वाले, परमाराध्य विनायक के संकष्टी चतुर्थी व्रत का अनुष्ठान बतलाया तथा उनका स्मरण करने के लिए निर्देश दिया। देवताओं ने वैसा ही किया। परमप्रभु विनायक प्रकट हुए। सभी देवगणों ने उनकी प्रार्थना की। परमप्रभु गणेश शिव प्रिया माता पार्वती के यहां अवतरित होकर पृथ्वी का भार उतारने का वचन देकर अन्तर्धान हो गये। माता पार्वती भी परमप्रभु गणेश का दर्शन प्राप्त करने के लिए भगवान शंकर से उपदिष्ट एकाक्षरी गणेश मन्त्र (ग) का जप करने लगीं। कुछ ही समय बाद भाद्रपद मास की शुक्ला चतुर्थी तिथि आयी। सभी ग्रह नक्षत्रों के शुभस्थ एवं अच्छे मंगलमय योग में विराट रूप में पार्वती के सम्मुख भगवान श्रीगणेश का अवतरण हुआ।

## पर्यटन






# भारतीय संस्कृति और इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान रखता है हस्तिनापुर

हस्तिनापुर, उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में स्थित एक ऐतिहासिक और पौराणिक स्थल है, जो भारतीय संस्कृति और इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। यह शहर महाभारत के काल से जुड़ा हुआ है और यहाँ के ऐतिहासिक स्थलों और धार्मिक महत्व ने इसे एक प्रमुख तीर्थ स्थल बना दिया है। हस्तिनापुर का नाम महाभारत के युग से जुड़ा हुआ है, जब यह स्थान कौरवों और पांडवों की राजधानी थी। हस्तिनापुर को 'हस्तिनापुर' नाम दानवों के राजा हस्ति के नाम पर पड़ा था। महाभारत के अनुसार, हस्तिनापुर की स्थापना राजा हस्ति ने की थी और यहाँ पर उनके वंशजों का शासन रहा।

हस्तिनापुर किलाः यह किला प्राचीन काल का एक महत्वपूर्ण स्थल है और इसे महाभारत काल के प्रमुख स्थलों में गिना जाता है। यहाँ के खंडहर और पुरातात्विक अवशेष दर्शाते हैं कि यहाँ कभी भव्य और शक्तिशाली साम्राज्य था। द्रोणाचार्य आश्रमः द्रोणाचार्य आश्रम महाभारत के गुरु द्रोणाचार्य से जुड़ा हुआ है। यहाँ पर द्रोणाचार्य ने अपने शिष्यों को युद्ध की शिक्षा दी थी। पांडवों का महलः यह महल पांडवों का निवास स्थान था और यहाँ पर पांडवों के जीवन से जुड़ी कई कथाएँ प्रचलित हैं। कुरुक्षेत्र मैदानः यह मैदान महाभारत के युद्ध स्थल के रूप में प्रसिद्ध है और यहाँ पर कई महत्वपूर्ण घटनाएँ घटित हुई थीं। हस्तिनापुर मंदिरः यहाँ पर कई प्राचीन मंदिर हैं, जिनमें से प्रमुख हैं राधा-कृष्ण मंदिर और काली माता का मंदिर। इन मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान और पूजा अर्चना की जाती है। हस्तिनापुर का धार्मिक महत्व महाभारत के युद्ध और कथा के कारण अत्यधिक है। यह स्थल हिन्दू धर्म के अनुयायियों के लिए एक महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल है। यहाँ की सांस्कृतिक परंपराएँ और धार्मिक अनुष्ठान, महाभारत काल की धरोहर को जीवित रखते हैं।

### जनसुनवाई में लापरवाही पर अधिकारियों के विरुद्ध जिलाधिकारी की कड़ी कार्रवाई

# 56 से अधिक अधिकारियों के वेतन रोकने व स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बाराबंकी। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों एवं सन्दर्भों के निस्तारण की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री अन्ना सुदन, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अरुण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) श्री राजकुमार यादव, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम रामनगर सुश्री गुंजिता अग्रवाल सहित समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार तथा जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा लगातार यह निर्देश दिए जाते हैं कि जन शिकायतों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण अधिकारियों की सर्वोच्च प्राथमिकता हो। उन्होंने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी की मंशानुरूप सभी विभागीय अधिकारी जन शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे इस कार्य मे किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी।बैठक के दौरान समीक्षा में यह सामने आया कि 56 विभागों ने प्राप्त शिकायतों का निस्तारण स्पेशल क्लोजिंग के अंतर्गत दर्ज कर प्रकरणों का शत-प्रतिशत निस्तारण किया। जिलाधिकारी ने सख्ती दिखाते हुए आदेश दिए कि ऐसे सभी विभागीय अधिकारियों का वेतन तत्काल प्रभाव से रोका जाए और उनसे स्पष्टीकरण तलब किया जाए। इसमें कृषि, समाज कल्याण, खाद्य एवं रसद, विद्युत, सिंचाई और पंचायती राज जैसे प्रमुख विभाग सम्मिलित पाए गए।बैठक से बिना अनुमति अनुपस्थित पाए गए ए0आर0 कोऑपरेटिव, एक्सईएन जल निगम (ग्रामीण), एस0ओ0सी0 चकबंदी और ईओ नगर पालिका नवाबगंज के विरुद्ध भी कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इन अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि व वेतन बाधित करते हुए शो कॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। कुछ विभागों द्वारा प्रस्तुत की गई जांच आख्या त्रुटिपूर्ण पाई गई। इस पर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी बंकी को ग्राम पंचायत ढ़कौली के शिकायत कर्ता की शिकायत में गलत आख्या लगाने के सबन्ध में प्रतिकूल प्रविष्टि देने और संबंधित ग्राम सचिव को निलंबित करने के आदेश दिए। इसके अलावा पशु चिकित्सा विभाग और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों पर विभागीय कार्रवाई करने तथा तीन दिवस के भीतर आख्या प्रस्तुत करने के सख्त निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज प्रत्येक प्रकरण में शिकायतकर्ता से संपर्क अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि निस्तारण की आख्या अपलोड करने से पूर्व संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि आवेदक से फोन कॉल अथवा व्यक्तिगत भेंट के माध्यम से संवाद स्थापित किया गया है और उसकी संतुष्टि सुनिश्चित की गई है।जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि केवल उन्हीं प्रकरणों को स्पेशल क्लोज किया जाय जिनका निस्तारण संभव नही है इसके अलावा सभी प्रकरणों को गुणवत्ता पूर्ण निस्तारित किया जाय।

## आजम की रिहाई, बांटी मिठाई कार्यकर्ताओं में खुशी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बाराबंकी। समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य राष्ट्रीय महासचिव पूर्व मंत्री सांसद गरीबों कमजोरों के सच्चे हमदर्द आजम खाँ को न्यायपालिका द्वारा जमानत दिए जाने के बाद जेल से मिली रिहाई पर समाजवादी पार्टी कार्यालय पर कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों ने जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद को मिठाई खिलाकर उनकी रिहाई की खुशियां एक दूसरे से साझा की इस मौके पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि आजम खाँ साहब ने हमेशा सच का साथ दिया गरीब मजदूर कमजोर के हक अधिकार की लड़ाई लड़ी उसी का परिणाम है कि आज उनकी रिहाई पर पूरा प्रदेश ख़ुशी मना रहा है।

### ट्रक से कुचल कर महिला की दर्दनाक मौत

**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** दो दिन पूर्व भाई के गौने मे आयी 30 वर्षीय महिला की ट्रक की चपेट मे आकर मौत हुई। सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम परसा के निकट मंगलवार को दोपहर 30 वर्षीय राजकुमारी उर्फ़ मोती पत्नी सुरेंद्र कुमार ट्रक की चपेट में आ गई। राजकुमारी ग्राम कोडरी थाना जहागीराबाद की निवासी थी। दो दिन पूर्व वह मायके आई थी।राजकुमारी कुछ सामान लेकर पैदल घर वापस जा रही थी,तभी पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मारी। मृतका के तीन बेटिया व एक बेटा है। जिनका माँ की मौत की सूचना मिलते ही रो रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि ट्रक को कब्जे मे ले लिया है तथा मृतका के चाचा की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया।

### 251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ गुरुवार से

**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लखनऊ रोड़ स्थित गायत्री शक्तिपीठ पर आगामी 25 सितंबर को सायं चार बजे 251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ जोन प्रभारी अयोध्या देश बन्धु तिवारी की उपस्थिति में आहुत होगी। यज्ञ में पड़ोसी जनपद बहराइच, गोण्डा रायबरेली, हरदोई, लखनऊ, सुल्तानपुर, अयोध्या आदि जनपदों के परिजनों के आने की सूचना प्राप्त हो गयी है। परिजनों के ठहरने की व्यवस्था शहाबपुर मैरिजलान में की गयी है। लगभग 1000 परिजन के नहाने की व्यवस्था की गयी है। इसके अतिरिक्त अन्य कई स्थानों पर आवास की व्य?था की जा रही है।

### संचारी रोगों के रोकथाम के लिए बैठक , दिशा निर्देश

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ब्लाक सभागार में आयोजित संचारी रोगों की रोकथाम संबंधी महत्वपूर्ण बैठक की खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता ने अध्यक्षता की। सहायक विकास अधिकारी पंचायत शंभूनाथ पाठक ने बैठक का संचालन किया।बैठक में सफाई कर्मचारियों को गांवों में नियमित सफाई के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए। खंड विकास अधिकारी ने स्कूल, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय और गांव के सभी पुरवों में समय पर सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।दुर्गा पूजा को देखते हुए विशेष निर्देश जारी किए गए। पूजा स्थलों के आसपास और मूर्ति विसर्जन मार्गों पर व्यापक स्तर पर सफाई अभियान चलाने को कहा गया। विसर्जन घाटों पर बैरिकेडिंग की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में रामराज यादव, ब्रह्मानंद वर्मा, सुंदरलाल, इमामुद्दीन, नवनीत, सुभाष, मनोज कुमार कनौजिया, जितेंद्र और शैलेंद्र कुमार सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य मेला में हुआ मरीजों का परीक्षण

**सिद्धौर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत मंगलवार को सिद्धौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मेले का आयोजन किया गया।प्रभारी डा. कुमार संजय पांडे के नेतृत्व में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के तहत स्वास्थ्य शिविर में आने वाले मरीजों की जांच कर दवा भी दी गई।इस मौके पर डॉक्टर आशीष रस्तोगी डॉक्टर अमरनाथ,डा. इमरान खान, डा. डॉक्टर निशीथ साहू,डा. अजय रावत,डा.अर्चना ,डा.कीर्ति यादव,नेत्र परीक्षण अधिकारी गजोधर, भूपेंद्र कुमार ,खून जांच में अमित वर्मा आदि डाक्टर मौजूद रहे।

### बुलंदशहर में दुष्कर्म के दो दोषियों को उम्रकैद

**बुलन्दशहर।** बुलंदशहर जिले की पास्को न्यायालय ने नाबालिग से दुष्कर्म के दो आरोपियों को आजीवन कारावास व 20-20 हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक सुनील शर्मा ने बताया कि बुलंदशहर कोतवाली नगर क्षेत्र के शास्त्री नगर निवासी आशीष एवं कोतवाली नगर क्षेत्र के ही शास्त्री नगर बाईपास रोड निवासी सुनील नामक कामुक दुराचारियों ने 2018 में थाना कोतवाली नगर क्षेत्र निवासी एक नाबालिग लडकी को घर छोडने के बहाने गाडी में बिठाकर दुष्कर्म कर जाने से मारने की धमकी देने की दुस्साहसिक घटना कारित की थी जिसके संबंध में पुलिस ने 20 सितंबर 2018 को थाना कोतवाली नगर पर धारा 376डीए/506 व 06 पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया था।

### काशी में नवदुर्गा मंदिरों में नगर निगम का विशेष व्यवस्था

**वाराणसी।** वाराणसी में नगर आयुक्त अक्षत वर्मा ने मंगलवार को सभी नवदुर्गा मंदिरों में विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा मूर्ति विसर्जन के लिए तालाबों व कुंडों पर समुचित प्रबंध करने के लिये अधिकारियों और कर्मचारियों की तैनाती के आदेश जारी किए हैं। नगर आयुक्त के आदेश में नगर क्षेत्र के सभी नवदुर्गा मंदिरों, जिनमें मां शैलपुत्री, मां ब्रह्मचारिणी, मां चंद्रघंटा, मां कूष्मांडा, मां स्कंदमाता, मां कात्यायनी, मां कालरात्रि, मां महागौरी और मां सिद्धिदात्री मंदिर शामिल हैं।

## अपराधियों का हौसला बुलंद, दिनदहाड़े युवती पर हमला

त्रिवेदीगंज बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। लोनीकटरा थाना क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार दोपहर हुई घटना ने मानवता को शर्मसार कर दिया है। सोचने वाली बात यह है कि महज 18 साल की युवती, जो शौच के लिए गांव से थोड़ी दूरी पर गई थी, वहां कुछ वहशी दरिंदों ने उसे पकड़कर न केवल छेड़छाड़ की बल्कि विरोध करने पर धारदार हथियार से उसके हाथ-पैर पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।यह कृत्य न सिर्फ अपराधियों की दरिंदगी को उजागर करता है बल्कि यह भी बताता है कि हमारे समाज में बेटियों की सुरक्षा आज भी कितनी बड़ी चुनौती है। शर्म की बात है कि अपराधियों को इतनी हिम्मत कहां से मिलती है कि दिनदहाड़े गांव के बीचों-बीच इस तरह की वारदात को अंजाम दें और आसानी से भाग निकलें।पीड़िता की हालत गंभीर है और उसका इलाज सीएचसी त्रिवेदीगंज में चल रहा है। पुलिस मौके पर पहुंच तो गई, लेकिन यह सवाल बरकरार है कि आखिरकार अपराधियों के हौसले इतने बुलंद क्यों हैं?सच यह है कि अपराधियों से ज्यादा दोषी वह समाज भी है, जो ऐसी घटनाओं पर कुछ दिनों तक आक्रोश जताकर फिर खामोश बैठ जाता है। गांव के लोग जब तक अपराधियों को सामाजिक बहिष्कार का डर नहीं दिखाएँगे, तब तक ऐसे दरिंदों के हौसले बढ़ते ही रहेंगे।

## हैदरगढ़ में व्यापार मंडल का सदस्यता अभियान जोरों पर

### नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक व्यापारी वर्ग में उत्साह

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



हैदरगढ़ बाराबंकी। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की ओर से चलाया जा रहा सदस्यता अभियान अब नगर ही नहीं बल्कि ग्रामीण अंचलों तक भी रफ्तार पकड़ चुका है। विधानसभा अध्यक्ष योगेश द्विवेदी के नेतृत्व में व्यापारियों को संगठन से जोड़ने के लिए लगातार जनसंपर्क किया जा रहा है।अभियान के दौरान बड़ी संख्या में व्यापारी वर्ग ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर संबोधित करते हुए अध्यक्ष योगेश द्विवेदी ने कहा कि ॒व्यापारी हमारे परिवार का हिस्सा हैं। हम सभी के सामूहिक प्रयास से ही विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा। किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संगठन हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ा रहेगा।ङ्क उन्होंने आगे कहा कि उद्योग व्यापार मंडल न केवल व्यापारियों के अधिकारों की रक्षा करेगा, बल्कि उनके सामाजिक सम्मान और सुरक्षा के लिए भी सतत प्रयास करता रहेगा। कार्यक्रम में व्यापारियों का उत्साह देखने लायक था। कई नए सदस्य संगठन से जुड़े और उन्होंने मंडल की गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।इस अवसर पर मुख्य रूप से मूवी मैन योगेश द्विवेदी, अमन पांडेय, अभिषेक मिश्रा समेत अन्य व्यापारी और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## आयुर्वेद दिवस पर हुई संगोष्ठी महत्ता पर वृहद चर्चा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




बाराबंकी। दशम आयुर्वेद दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश शासन एवं जिलाधिकारी के निर्देशन में आयुष एवं यूनानी विभाग द्वारा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में आयोजित संगोष्ठी के मुख्य अतिथि एमएलसी अंगद कुमार सिंह ने आयुर्वेद के बढ़ावा पर सरकार के द्वारा कार्यों की चर्चा की। और कहा कि आयुर्वेद की सार्थकता कॅरोना काल में सिद्ध हो चुकी है। एमएलसी ने कहा कि हमारा प्रयास है कि बाराबंकी में आयुर्वेद मेडिकल कालेज और मवेशियों के लिए आयुष अस्पताल खोला जाए। हम इस दिशा में कार्य कर रहे हैं। विशिष्ट अतिथि मनरेगा के उपायुक्त बृजेष कुमार त्रिपाठी एवं जिला उद्यान अधिकारी डा. सौरभ सिंह, जीजीआईसी की प्रधानाचार्या नंदिता सिंह ने भी आयुर्वेद की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में डॉ सतीश गंगवार, डॉ नीलम जयंत में डा. सतीश गंगवार ने आयुर्वेद की महत्ता ने आयुष के आहार और स्वास्थ्य लाभ , मोटापे के बारे में बताया। डा.राजेश कुमार ने औषधीय पौधों की उपयोगिता बताई। डा. ज्ञान ज्योति, डा. प्रज्ञानंद ने भ्रामक विज्ञापनों पर एवं डा. अविनाश चंद्र ने पशु स्वास्थ्य हेतु आयुर्वेद विषय पर अपने विचार रखें। इस अवसर पर प्रांगण में आयोजित आयुष चिकित्सा शिविर लगाया गया जिसमें चिकित्सकों के द्वारा 250 लोगों स्वास्थ्य परामर्श किया गया। कालेज की छात्राओं के मध्य पोस्टर एवं श्लोगन प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त नोडल अधिकारी डा. नीतू सिंह की देखरेख में राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिसमें 45 किशोरियों को औषधि दी गई।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर और पूजन कार्यक्रम का भव्य आयोजन

''मसौली ''। अयोध्या लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित डिवाइन धनवंतरी हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर, प्यारेपुर सरैया मे मंगलवार को अस्पताल परिसर में एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर और पूजन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अस्पताल के चेयरमैन डॉ.ए.के.श्रीवास्तव एव डॉ.आभा श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

स्वास्थ्य शिविर मे लोगों की रक्तचाप एवं शुगर की नि:शुल्क जांच की गई, साथ ही विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परामर्श प्रदान किया गया। मरीजों को नि:शुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया तथा अन्य सभी जांचों पर 50 प्रतिशत की छूट उपलब्ध कराई गई। स्वास्थ्य शिविर मे 117 मरीजों को परामर्श एव दवाए दी गयी।

## संदिग्ध मौत पर हंगामा, शव रखकर घंटों जाम, प्रशासन से कड़ी कार्यवाही की मांग

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



दरियाबाद बाराबंकी। दरियाबाद कोतवाली क्षेत्र के कमोली गांव का 18 वर्षीय युवक सिरताज गुजरात के अहमदाबाद में मेहनत-मजदूरी कर जीवनयापन कर रहा था। बीते दिन उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मंगलवार को जब शव गांव पहुंचा तो कोहराम मच गया। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए जोरदार हंगामा किया। सूचना पाकर दरियाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।पोस्टमार्टम उपरांत शव गांव लौटने पर परिजनों व ग्रामीणों का आक्रोश और भड़क उठा। न्याय की गुहार लगाते हुए उन्होंने शव को कोटवाधाम-कोटवासड़क मार्ग खजुरी चौराहे पर रखकर चक्का जाम कर दिया। ढेखवा निवासी ठेकेदार चन्द्रशेखर पुत्र नौमीलाल सहित अन्य पर हत्या का आरोप लगाते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर लोग सड़क पर डटे रहे।स्थिति बिगड़ते देख दरियाबाद कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सोनकर, बदोसरांय कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार विद्यार्थी व भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और प्रदर्शनकारियों को समझाने-बुझाने का प्रयास शुरू किया। देर तक चली वार्ता के बाद भी लोग कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। समाचार प्रेषण तक पुलिस और ग्रामीणों के बीच वार्ता जारी थी सड़क जाम कर प्रदर्शन करना जनता के लिए नई परेशानी बन गया। खजुरी चौराहे पर लगे इस जाम से आम राहगीरों, छात्रों, मरीजों और कामकाजी लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सवाल उठता है कि न्याय की मांग का अधिकार तो सबको है, परंतु उसे सड़क रोककर दूसरों को परेशान करना कितना उचित है? आक्रोशित ग्रामीणों की भावनाएं समझी जा सकती हैं, लेकिन कानून-व्यवस्था और आम जनता की सुविधा को दरकिनार कर इस तरह का कदम उठाना कहीं न कहीं गलत परंपरा को बढ़ावा देता है।

### सरकार का निर्णय आमजन को राहत और व्यापार को नई दिशा देगा

## जीएसटी घटने पर मंत्री सतीश शर्मा का जनता से संवाद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



दरियाबाद बाराबंकी। जीएसटी की दरों में कटौती का सीधा असर जनता और व्यापारियों को मिलने लगे, इसी संदेश के साथ प्रदेश सरकार में खाद्य एवं रसद विभाग के राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा रविवार को दरियाबाद पहुँचे। उन्होंने नगर पंचायत क्षेत्र के व्यापारियों और आमजन से सीधा संवाद किया तथा केंद्र सरकार के इस फैसले को ऐतिहासिक और दूरगामी बताते हुए कहा कि इससे बाजार में रौनक बढ़ेगी, उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।मंत्री शर्मा ने कहा-ल्लजीएसटी दरों में कमी से उपभोक्ता का बोझ हल्का होगा, खपत में वृद्धि होगी और इससे व्यापार एवं रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। यह कदम प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ाने में सहायक होगा। राज्यमंत्री ने मुख्य बाज़ार में दुकानदारों और ग्राहकों से बातचीत करते हुए भरोसा दिलाया कि सरकार सुनिश्चित करेगी कि राहत का वास्तविक लाभ आम उपभोक्ताओं तक पहुँचे। व्यापारी वर्ग ने इस पहल को स्वागतयोग्य बताते हुए कहा कि इससे कारोबार की रफ्तार बढ़ेगी। वहीं, स्थानीय उपभोक्ताओं ने भी इसे परिवार के बजट को संतुलित करने वाला कदम बताया। कार्यक्रम के दौरान नगर में उत्साह का माहौल रहा। व्यापारी बंधु और आम नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संदीप त्रिपाठी, उमेश जैन, संजू जायसवाल, पिंकू जैन, अनमोल मिश्रा, विनीत जैन, उग्रसेन जैन, संजय जायसवाल, प्रदीप द्विवेदी, कपिल यादव, सोनू वर्मा, राहुल वर्मा, खालिद खान, अहमद शेख सहित अनेक व्यापारी और नागरिक मौजूद रहे।राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने अंत में कहा कि ल्लप्रदेश सरकार जनता के साथ खड़ी है। जीएसटी में कटौती का लाभ हर नागरिक तक पहुँचाना हमारी प्राथमिकता है। यह निर्णय न केवल व्यापार जगत को नई दिशा देगा बल्कि उपभोक्ताओं को भी दीर्घकालिक राहत प्रदान करेगा।





# फाइनल के लिए जगह पक्की करने उतरेगा भारत

एजेंसी



दुबई। प्रशंसकों, तैयार हो जाइए, क्योंकि कल रात भारत और बांग्लादेश के बीच मुकाबला है, और यह एक शानदार मैच है।

सुपर फोर का माहौल गरमा रहा है और हर तरफ़ चर्चा है। भारत अब तक अजेय रहते हुए मोर की तरह आगे बढ़ रहा है, जबकि बांग्लादेश कुछ आसान जीत के बाद जोश में है। लेकिन सीधे शब्दों में कहें तो, यह एकतरफा मुकाबला रहा है।

17 टी20, 16 भारतीय जीतें, और बांग्लादेश के लिए सिर्फ एक जीत - 2019 में, जब बेन स्टोक्स अंपायरों से मिन्नतें कर रहे थे और टिकटॉक पर अभी तक कोई हलचल नहीं हुई थी। भारत? वे खुश हो रहे हैं। शीर्ष पर अभिषेक शर्मा ऐसे धमाल मचा रहे हैं जैसे उन्हें कोई ट्रेन पकड़नी हो - पाकिस्तान के खिलाफ 39 गेंदों पर 74 रन? टूर्नामेंट की अब तक की सबसे बेहतरीन पारी। दूसरे छोर पर शुभमन गिल कमाल के हैं ऽ ऐसे खेलते हैं जैसे उनके पास दुनिया का सारा समय हो। फिर कप्तान सूर्यकुमार यादव हैं, जो मजे के लिए रिवर्स स्कूपिंग करते हैं, और तिलक वर्मा चुपचाप गेंद को घुमाते हैं। संजू सैमसन छिपकर खेलते हैं, हार्दिक पांड्या अपनी लय में आते हैं, शिवम दुबे स्विंग करते हैं ऽ ये बल्लेबाजी की गहराई है जो कई दिनों तक टिकेगी। और गेंदबाजी ऽ इसे मत भूलना। कुलदीप यादव गेंद को घुमाते हैं, वरुण चक्रवर्ती अपनी चालों से रहस्यमयी हैं, और जसप्रीत बुमराह, जिन्होंने अभी तक अपनी जगह नहीं बनाई है, लेकिन चिंता न करें ऽ उनके पास तूफानी गेंदबाजी है। हार्दिक पांड्या और शिवम दुबे को सीम-अप के साथ जोड़ दें, तो आपके पास एक अच्छी टीम है। अब, बांग्लादेश यहां संख्या बढ़ाने के लिए नहीं है। वे मजबूत रहे हैं। सैफ हसन ने श्रीलंका के खिलाफ 61 रनों की शानदार पारी खेली है, तंजीद हसन शीर्ष क्रम में व्यस्त हैं, और लिटन दास उनके कप्तान हैं, जो हमेशा खेल में बने रहते हैं। तौहीद हृदोय लगातार रन बना रहे हैं, चार मैचों में 127 रन बना चुके हैं ऽ वो भी पूरी फॉर्म में। और जैकर अली को नजरअंदाज मत कीजिए, जिन्हें आखिरी ओवरों में धमाकेदार पारी खेलना पसंद है। गेंदबाजी मुस्तफिजुर रहमान - द फ़िज - धमाकेदार प्रदर्शन कर रहे हैं, सात विकेट ले चुके हैं, वो भी धीमी गेंदों से जो बल्लेबाजों को बेबस दिखाती हैं। तस्कीन अहमद अपनी लेंथ पर गेंदें मार रहे हैं, महेदी हसन की स्पिन गेंदें नियंत्रण में हैं, और अगर पिच पकड़ती है, तो खेल शुरू हो सकता है। पिच की बात करें तो - दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम एक अजीबोगरीब पुरानी जगह है। शुरुआत में तेज गेंदबाजों के लिए थोड़ी मूवमेंट होती है, फिर धीरे-धीरे सपाट हो जाती है। बीच के ओवरों में स्पिनरों को थोड़ी मदद मिलती है, लेकिन सबसे बड़ी बात यह है - शाम को ओस पड़ने से लक्ष्य का पीछा करने वालों के लिए काम आसान हो जाता है।

# आनलाइन सट्टेबाजी ऐप मामले में ईडी ने युवराज सिंह का बयान दर्ज किया

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारत के पूर्व स्टार क्रिकेटर युवराज सिंह आनलाइन सट्टेबाजी ऐप 'वनब्बेट' से जुड़े धन शोधन के मामले में पूछताछ के लिये प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष मंगलवार को पेश हुए । सफ़ेद टीशर्ट और जींस पहने 43 वर्ष के युवराज दोपहर बारह बजे एजेंसी के दफ्तर पहुंचे । अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी ने इस हरफनमौला से पूछताछ की और धन शोधन निरोधक अधिनियम के तहत उनके बयान दर्ज किये । एक इन्फ्लुएंसर अन्वेशी जैन भी इसी मामले में पूछताछ के लिये ईडी के समक्ष पेश हुई । ईडी इससे पहले क्रिकेटर सुरेश रैना, शिखर धवन, रॉबिन उथप्पा, टीएमसी की पूर्व सांसद और बांग्ला अभिनेत्री मिमि चक्रवर्ती, अभिनेता अंकुश हाजरा से भी पूछताछ कर चुका है । अभिनेता सोनू सूद को बुधवार को पूछताछ के लिये बुलाया गया है । इस सट्टेबाजी ऐप के संचालन की जांच ईडी की ऐसे प्लेटफार्मों के खिलाफ व्यापक जांच का हिस्सा है, जिन पर करोड़ों रुपये की ठगी करने और कथित तौर पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों की भारी मात्रा में चोरी करने के आरोप हैं। इस जांच के तहत आने वाले दिनों में एजेंसी द्वारा कुछ अन्य खिलाड़ियों, फिल्म अभिनेताओं, ऑनलाइन प्रभावशाली व्यक्तियों और मशहूर हस्तियों से पूछताछ किए जाने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार ईडी जल्द ही इस मामले में उन लोगों की संपत्ति जब्त करने की प्रक्रिया भी शुरू कर सकता है जो ऐप की प्रचार गतिविधियों से अर्जित कथित आपराधिक आय का इस्तेमाल करते पाए गए हैं। बाद में अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार एजेंसी की जांच का उद्देश्य मशहूर हस्तियों से यह जानना है कि सट्टेबाजी कंपनी ने उनसे समर्थन प्राप्त करने के लिए किस प्रकार संपर्क किया, भारत में संपर्क के लिए नोडल व्यक्ति कौन है, भुगतान का तरीका (हवाला या बैंकिंग चैनल के माध्यम से नकद) और भुगतान का स्थान (भारत या विदेश में) आदि क्या है । समझा जाता है कि एजेंसी क्रिकेटरों और अभिनेताओं के बयान दर्ज करते हुए उनसे पूछ रही है कि क्या उन्हें पता था कि भारत में ऑनलाइन सट्टेबाजी और गेमिंग अवैध है। एजेंसी ने उनसे इस ऐप के साथ किए गए उनके अनुबंधों और सभी संबंधित ईमेल और कागजी दस्तावेजों की एक प्रति भी मांगी है।

# संक्षिप्त समाचार

## टाटा मोटर्स ने नवरात्रि के पहले दिन करीब 10 हजार यात्री वाहन बेचे

**नयी दिल्ली।** वाहन विनिर्माता टाटा मोटर्स ने मंगलवार को कहा कि उसके डीलरों ने नवरात्रि पर्व के पहले दिन करीब 10 हजार यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री की। नई जीएसटी व्यवस्था लागू होने के बाद वाहनों की कीमतों में आई कमी से ग्राहकों की मांग में यह तेजी देखने को मिली है। टाटा मोटर्स ने बयान में कहा कि उसके यात्री वाहनों के शोरूम पर देशभर में 25 हजार से अधिक ग्राहक पूछताछ दर्ज की गई। टाटा मोटर्स यात्री वाहन खंड के मुख्य वाणिज्य अधिकारी अमित कामत ने कहा, ''हम ग्राहकों की बेहद उत्साहजनक प्रतिक्रिया देख रहे हैं। नई जीएसटी दरों की घोषणा का हम अपने ग्राहकों को पूरा लाभ दे रहे हैं और आकर्षक त्योहारी पेशकश भी दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस पेशकश से पूछताछ और बुकिंग में तेज उछाल आया है। शोरूम पर आने वाले ग्राहकों की संख्या बढ़ी है और ऑर्डर बुक भी लगातार मजबूत हो रही है। डीलरशिप ने त्योहारी भीड़ को देखते हुए कामकाज की अवधि भी बढ़ा दी है। कामत ने कहा कि कंपनी के लोकप्रिय मॉडल- नेक्सन और पंच की मांग सबसे ज्यादा है। उन्होंने कहा, ''बुकिंग आंकड़ा और निर्धारित आपूर्ति के साथ हम त्योहारी मांग पूरी तरह तैयार हैं और नए रिकॉर्ड बनाने को लेकर आशान्वित हैं। मारुति सुजुकी और हुंदै मोटर इंडिया ने भी नई जीएसटी व्यवस्था के बाद सोमवार को ग्राहकों की बढ़ी मांग से जोरदार बिक्री दर्ज की। मारुति सुजुकी की बिक्री नवरात्रि के पहले दिन 30 हजार इकाई के स्तर पर रही जबकि हुंदै ने 11 हजार वाहनों की बिक्री की।

## एसएमबीसी ने यस बैंक में 4.22% अतिरिक्त हिस्सेदारी हासिल की

**नयी दिल्ली।** यस बैंक ने मंगलवार को कहा कि जापान की सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉरपोरेशन (एसएमबीसी) ने बैंक में 4.22 प्रतिशत अतिरिक्त हिस्सेदारी हासिल कर ली है। इस अधिग्रहण के साथ, यस बैंक में एसएमबीसी की हिस्सेदारी 20 प्रतिशत से बढ़कर 24.22 प्रतिशत हो गई है। यस बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि एसएमबीसी ने 22 सितंबर को बाजार से इतर खरीद-बिक्री के माध्यम से 132.39 करोड़ शेयर हासिल किए। एसएमबीसी इस सौदे के साथ, यस बैंक का सबसे बड़ा शेयरधारक बन गया है, जबकि एसबीआई के पास 10 प्रतिशत से अधिक की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी बनी हुई है। निजी क्षेत्र के यस बैंक ने कहा कि उसे एसएमबीसी की वैश्विक मौजूदगी से विशेष रूप से जापान और भारत के बीच व्यापार और निवेश प्रवाह को सुगम बनाने और अपनी कॉरपोरेट बैंकिंग, ट्रेजरी सेवाओं और सीमापार समाधान के विकास में तेजी लाने में मदद मिलेगी। पिछले हफ्ते, देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई ने यस बैंक में लगभग 13.18 प्रतिशत हिस्सेदारी जापान की सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉरपोरेशन (एसएमबीसी) को 8,888.97 करोड़ रुपये में बेचने की घोषणा की थी। एसएमबीसी ने वैश्विक निवेश फर्म कार्लाइल ग्रुप की सहयोगी सीए बास्क इन्वेस्टमेंट्स के साथ यस बैंक में अपनी इक्विटी हिस्सेदारी को अतिरिक्त 4.22 प्रतिशत बढ़ाने के लिए एक समझौता किया है। एसबीआई और सात निवेशक वित्तीय संस्थानों ने मार्च, 2020 में यस बैंक पुनर्निर्माण योजना के तहत बैंक में निवेश किया था। सार्वजनिक क्षेत्र के एसबीआई के पास एक समय यस बैंक में 24 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। उसके पास अब 10 प्रतिशत से थोड़ी अधिक हिस्सेदारी बची है। आरबीआई और सरकार ने मार्च, 2020 में, कोविड संकट शुरू होने से कुछ सप्ताह पहले यस बैंक को बाजार में बनाये रखने के लिए कदम उठाए। इसके तहत एसबीआई के नेतृत्व वाले बैंकों ने यस बैंक में 79 प्रतिशत हिस्सेदारी ली और इसे बाजार में बनाये रखने में मदद की।

## नवी मुंबई हवाई अड्डे से 15 शहरों के लिए 20 दैनिक उड़ानों का परिचालन करेगी एयर इंडिया एक्सप्रेस

**मुंबई।** एयर इंडिया समूह ने मंगलवार को कहा कि वह नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से अपनी किफायती विमानन कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस के साथ वाणिज्यिक उड़ानें शुरू करेगा। पहले चरण में 15 से अधिक शहरों के लिए प्रतिदिन 20 उड़ानों का परिचालन किया जाएगा। एयर इंडिया ने बयान में कहा कि 2026 के मध्य तक इसे बढ़ाकर 55 किया जाएगा, जिसमें पांच अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शामिल होंगी। अदाणी समूह और महाराष्ट्र के नगर विकास प्राधिकरण सिडको के संयुक्त स्वामित्व वाले नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एनएमआईए) का इस महीने के अंत में संचालन शुरू हो सकता है। एयर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन ने कहा, '' हम नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर परिचालन शुरू करने को उत्सुक हैं। हम अदाणी एयरपोर्ट्स के साथ मिलकर एनएमआईए को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने वाले एक केंद्र के रूप में विकसित कर खुश हैं। साथ ही अपनी रणनीतिक भौगोलिक स्थिति को देखते हुए यात्रियों एवं माल ढुलाई दोनों के लिए देश के प्रमुख वैश्विक पारगमन केंद्रों में से एक के रूप में भी इसे विकसित कर प्रसन्न हैं। अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अरुण बंसल ने कहा, '' यह साझेदारी मुंबई के संपक्र परिदृश्य को नए सिरे से परिभाषित करेगी३यात्रियों के लिए दक्षता एवं सर्वोत्तम अनुभव बढ़ाने के लिए एनएमआईए द्वारा अपनाई गई प्रौद्योगिकी आने वाले दशकों में यात्रियों के लिए निर्बाध एवं बेहतर यात्राएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का निर्माण पांच चरणों में किया जा रहा है। इसके प्रारंभिक चरण में प्रति वर्ष दो करोड़ यात्रियों (एमपीपीए) और पांच लाख टन (एमएमटी) कार्गो संभालने की उम्मीद है। एयर इंडिया ने कहा कि निर्माण पूरा होने पर एनएमआईए में प्रति वर्ष नौ करोड़ यात्रियों को सेवा प्रदान किए जाने और यहां सालाना 32 लाख टन माल ढुलाई होने की संभावना है।

## जीएसटी कटौती: केंद्र की ई-कॉमर्स मंचों पर नजर

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार दैनिक उपयोग की घरेलू वस्तुओं पर जीएसटी दर में कटौती का लाभ ई-कॉमर्स मंचों पर उपलब्ध कराए जाने को लेकर सतर्क है और इस पर लगातार नजर बनाए है। सरकारी सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कुछ ई-कॉमर्स मंच पर बेची जा रही रोजमर्रा की जरूरी वस्तुओं की कीमतों में उचित कटौती न होने की शिकायतों के बीच सूत्रों ने बताया कि क्षेत्रीय अधिकारी कीमतों में बदलाव पर नजर रख रहे हैं। एक सूत्र ने कहा, '' हम कीमतों में बदलाव पर नजर रख रहे हैं। क्षेत्रीय अधिकारी निगरानी कर रहे हैं और हमें 30 सितंबर तक उनसे पहली रिपोर्ट मिल जाएगी। सूत्र ने कहा, '' हम ऐसी शिकायतों पर जल्दबाजी में एवं बिना सोचे समझे कोई कार्रवाई नहीं चाहते। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में पांच और 18 प्रतिशत की दो स्तरीय व्यवस्था 22 सितंबर से लागू की गई है। इससे 99 प्रतिशत दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतें कम हो गई हैं।

# बीबीएल में खेलते दिख सकते हैं अश्विन

एजेंसी



नयी दिल्ली। पूर्व भारतीय स्पिनर आर अश्विन, बिग बैश लीग (बीबीएल) में खेलने वाले पहले पुरूष भारतीय कैप्ड खिलाड़ी बन सकते हैं। बीबीएल के चार क्लब आगामी सत्र के आख़िरी चरणों के लिए उनकी सेवाएं लेना चाहते हैं। इन टीमों के नाम सिडनी थंडर, सिडनी सिक्सर्स, ऐडिलेड स्ट्राइकर्स और होबार्ट हरिकेंस हैं, जिसमें थंडर और हरिकेंस दौड़ में सबसे आगे हैं। इस सप्ताह के अंत तक यह डील फाइनल हो सकता है। भारत का कोई भी अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अब तक बीबीएल में नहीं खेला है। बीसीसीआई केवल संन्यास ले चुके खिलाड़ियों को ही विदेशों की टी20 लीग्स में खेलने की अनुमति देता है। इस साल के शुरू में दिनेश कार्तिक ने एसए20 में पार्ल रॉयल्स के लिए खेला था। इससे पहले 2023 में अंबाती रायुडू सीपीएल में सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रिएट्स के लिए और फिर जनवरी 2024 में एमआई एमिरेट्स के लिए आईएलटी20 में खेल चुके हैं। इसी सीजन में रॉबिन उथप्पा और युसूफ़ पठान दुबई कैपिटल्स का हिस्सा थे। वहीं दो साल पहले अबु धाबी टी10 में सुरेश रैना, डेक्कन ग्लैडिएटर्स का हिस्सा थे। अश्विन पहले ही यूएई में होने वाली आईएलटी20 नीलामी का हिस्सा हैं, जो अगले मंगलवार को होगी। अगर वह खरीदे गए तो वह पूरा आईएलटी20 खेलेंगे, जो 2 दिसंबर से 4 जनवरी तक चलेगा। बीबीएल 14 दिसंबर से शुरू होगा और फाइनल 20 जनवरी से 25 जनवरी के बीच हो सकता है। इसका मतलब है कि अश्विन किसी एक टीम के लिए सत्र के अंत में तीन-चार मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे और अगर वह टीम क्वालिफ़ाई करती है, तो फाइनल में भी खेल सकते हैं। ईएसपीएन क्रिकइंफो को पता चला है कि उनकी डील में 2026-27 का बीबीएल भी शामिल होगा। बीबीएल क्लब अपने एकदाश में केवल तीन विदेशी खिलाड़ियों को ही खिला सकते हैं। लीग के प्री-सीजन नियमों और जून के ओवरसीज ड्राफ़्ट के जरिए हर क्लब पहले ही तीन विजेशी खिलाड़ियों को लॉक कर चुका है। इसके बाद सभी क्लब अतिरिक्त चार विदेशी रिप्लेसमेंट खिलाड़ियों को साइन कर सकते हैं। यानी उनके दल में कुल सात विदेशी खिलाड़ी शामिल हो सकते हैं, लेकिन एक समय में केवल तीन ही खेल सकते हैं। लीग के आख़िरी हिस्से में अगर किसी टीम ने किसी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी को एसए20 के लिए रिलीज किया तो अश्विन एकादश में उनकी जगह ले सकते हैं। लीग के नियमों के अनुसार रिप्लेसमेंट विदेशी खिलाड़ियों को भी ड्राफ्ट के लिए नामांकन करना होता है, जिसे अश्विन ने तब नहीं किया था क्योंकि उस समय उन्होंने आईपीएल से संन्यास नहीं लिया था। मगर ऐसी परिस्थितियों के लिए एक छूट यह है कि यदि किसी विदेशी खिलाड़ी के लिए परिस्थिति बदल गई हो, तो उसे बीबीएल में खेलने की अनुमति दी जा सकती है। जो क्लब अश्विन को साइन करेगा, उसे अभी ही उनका वेतन, अपने ओवरऑल पर्स के भीतर फ़िट करना होगा।

## आस्ट्रेलिया के ग्रेस हैरिस चोट के कारण विश्व कप से बाहर, हीथर ग्राहम टीम में

बेंगलुरू। आस्ट्रेलिया की हरफनमौला ग्रेस हैरिस पिंडली में खिंचाव के कारण आगामी वनडे विश्व कप से बाहर हो गई जिससे गत चैम्पियन टीम की आठवीं बार खिताब जीतने की उम्मीदों को झटका लगा है। मीडिया रपटों के अनुसार वेस्टर्न आस्ट्रेलिया की हरफनमौला हीथर ग्राहम को हैरिस की जगह टीम में शामिल किया गया है। टूर्नामेंट भारत और श्रीलंका में 30 सितंबर से खेला जायेगा।

हैरिस को दिल्ली में भारत के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के आखिरी मैच में फील्डिंग करते समय चोट लगी थी। उन्होंने श्रृंखला में एक ही मैच खेला। अनाबेल सदरलैंड के फिट नहीं होने से उन्हें इस मैच में मौका मिला था। आस्ट्रेलिया को विश्व कप में पहला मैच एक अक्टूबर को न्यूजीलैंड से खेलना है। ग्राहम ने आस्ट्रेलिया के लिए एक वनडे और पांच टी20 मैच खेले हैं।

# सोलरवर्ल्ड एनर्जी सॉल्यूशंस का 490 करोड़ का आईपीओ खुला, 25 सितंबर कर सकते हैं आवेदन

एजेंसी



नई दिल्ली। सोलर पावर प्रोजेक्ट्स के लिए इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) सर्विस मुहैया कराने वाली कंपनी सोलरवर्ल्ड एनर्जी सॉल्यूशंस का 490 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। आईपीओ के तहत 440 करोड़ रुपये के 1.25 करोड़ नए शेयर जारी हो रहे हैं। इसके साथ ही 50 करोड़ रुपये के 14 लाख शेयरों को ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये भी बेचा जाएगा। इस आईपीओ में 25 सितंबर तक बोली लगाई जा सकती है। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 331 रुपये से लेकर 351 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंडर तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 42 शेयर का है। इस आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए 75 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इसके अलावा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए 10 प्रतिशत हिस्सा और नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (एनआईआई) के लिए 15 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व है। इस इश्यू के लिए नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर बनाया गया है। एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को रजिस्ट्रार बनया गया है।

इश्यू की क्लोजिंग के बाद 26 सितंबर को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा। कंपनी के शेयर 30 सितंबर को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट होंगे। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें, तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी की आय 9 प्रतिशत बढ़कर 551 करोड़ रुपये हो गई, जबकि एक साल पहले ये 505.50 करोड़ रुपये थी। इसी तरह कंपनी का शुद्ध मुनाफा 49 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 77 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 51.69 करोड़ रुपये था। इसी तरह ईबीआईटीडीए (अर्निंग बिफोर इंट्रेस्ट, टैक्सेज, डिप्रेशिएशंस एंड एमॉर्टाइजेशन) 106.75 करोड़ रुपये रहा, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 71 करोड़ रुपये था।

# सब्सक्रिप्शन के लिए खुला शेषसाई टेक्नोलोजिज का आईपीओ, कंपनी ने एंकर इनवेस्टर्स से जुटाए 243 करोड़ रुपये

एजेंसी

नई दिल्ली। बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विसेज और बीमा इंडस्ट्री को पेमेंट सॉल्यूशंस मुहैया कराने वाली कंपनी शेषसाई टेक्नोलोजिज का 813.07 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए ओपन गया। आईपीओ के तहत 480 करोड़ रुपये के 1.13 करोड़ नए शेयर जारी हो रहे हैं। इसके साथ ही 333.07 करोड़ रुपये के 78.74 लाख शेयरों को ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये भी बेचा जाएगा। इस आईपीओ में 25 सितंबर तक बोली लगाई जा सकती है। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 402 रुपये से लेकर 423 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंडर तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 35 शेयर का है। इस आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए 50 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इसके अलावा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए 35 प्रतिशत हिस्सा और नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (एनआईआई) के लिए 15 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व है। आईपीओ की ओपनिंग से एक दिन पहले कंपनी ने एंकर इनवेस्टर्स से 243.3 करोड़ रुपये जुटाए। एंकर इनवेस्टर्स को 423 रुपये प्रति शेयर के भाव पर 57,52,296 इक्विटी शेयरों का आवंटन किया गया है। इस इश्यू के लिए आईआईएफएल कैपिटल सर्विसेज लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर बनाया गया है। वहीं एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को रजिस्ट्रार बनया गया है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 26 सितंबर को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा। कंपनी के शेयर 30 सितंबर को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट होंगे। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी की आय 6 प्रतिशत घट कर 1,473.62 करोड़ रुपये हो गई, जबकि एक साल पहले ये 1,569.67 करोड़ रुपये थी।


# जारो इंस्टीट्यूट ने आईपीओ के जरिये स्टॉक मार्केट में रखा कदम, 450 करोड़ का पब्लिक इश्यू लॉन्च

एजेंसी

नई दिल्ली। ऑनलाइन हायर एजुकेशन और अपस्किलिंग प्लेटफॉर्म जारो इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट एंड रिसर्च लिमिटेड का 450 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। आईपीओ के तहत 170 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी हो रहे हैं। इसके साथ ही 10 रुपये फ़ेस वैल्यू वाले 31,46,067 शेयरों को ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये भी बेचा जाएगा। इस आईपीओ में 25 सितंबर तक बोली लगाई जा सकती है। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 846 रुपये से लेकर 890 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंडर तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 16 शेयर का है। इस आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए 50 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इसके अलावा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए 35 प्रतिशत हिस्सा और नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (एनआईआई) के लिए 15 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व है। आईपीओ खुलने से पहले कंपनी ने 19 एंकर निवेशकों से 135 करोड़ रुपये जुटाए हैं। इन एंकर इनवेस्टर्स को 890 रुपये के भाव पर 15,16,853 शेयर जारी किया गया है। इस इश्यू के लिए नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर बनाया गया है। वहीं बिग शेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को रजिस्ट्रार बनया गया है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 26 सितंबर को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा। कंपनी के शेयर 30 सितंबर को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट होंगे। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी को 51.67 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ था, जबकि 254.02 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई थी।

# सर्राफा बाजार में लगातार दूसरे दिन मजबूती के नए शिखर पर सोना और चांदी

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में लगातार तेजी का रुख बना हुआ है, जिसके कारण सोना और चांदी दोनों चमकीली धातुओं की कीमत आज लगातार दूसरे दिन मजबूती के नये रिकॉर्ड पर पहुंची हुई हैं। आज के कारोबार में सोने की कीमत में 460 रुपये से लेकर 500 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी दर्ज की गई है। वहीं, चांदी की कीमत में आज 100 रुपये प्रति किलोग्राम की मामूली तेजी आई है। कीमत में तेजी आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,13,080 रुपये से लेकर 1,13,230 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,03,660 रुपये से लेकर 1,03,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी आज मामूली तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 1,38,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,13,230 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,03,810 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,13,080 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,03,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,13,130 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,03,710 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,13,080 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,03,660 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,13,080 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,03,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,13,230 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,03,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,13,130 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,03,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,13,230 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,03,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# भारत और फ्रांस ने असैन्य परमाणु ऊर्ज़ा, रक्षा एवं सुरक्षा सहित सहयोग के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत और फ्रांस ने असैन्य परमाणु ऊर्ज़ा और रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग सहित भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी के विभिन्न पहलुओं की व्यापक समीक्षा की है। साथ ही फ्रांस ने यूरोपीय संघ के साथ भारत के व्यापार समझौते के शीघ्र समापन को भी अपना समर्थन दोहराया है। दोनों देशों ने यूक्रेन में न्यायसंगत तथा स्थायी शांति के प्रयासों, गाजा संकट और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई सहित प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।

फ्रांस के विदेश मंत्रालय और फ्रांस के यूरोपीय मामलों के मंत्रालय में महासचिव सुश्री ऐनी-मैरी डेस्कोटेस ने सोमवार को अपने भारतीय समकक्ष विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री के साथ राजनीतिक विचार विमर्श किया। महासचिव डेस्कोटेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को अगले वर्ष फरवरी में भारत में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट में आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद किया। नवाचार और नई प्रौद्योगिकी फ्रांस और भारत के बीच सहयोग के उभरते क्षेत्र हैं और दोनों देश वर्ष 2026 को नवाचार वर्ष के रूप में मनायेगें।



सुश्री डेस्कोटेस और श्री मिस्त्री ने असैन्य परमाणु ऊर्ज़ा और रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग सहित भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की। उन्होंने यूक्रेन में न्यायसंगत और स्थायी शांति के प्रयासों, गाजा में चल रहे संकट और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई सहित प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

इसके अलावा सुश्री डेस्कोटेस ने यूरोपीय आयोग और उच्च प्रतिनिधि के बीच 2025 के 'नए रणनीतिक यूरोपीय संघ-भारत एजेंडा' पर संयुक्त वक्तव्य के बाद यूरोपीय संघ-भारत संबंधों को प्रगाढ बनाने और इनका दायरा बढाने के लिए भी फ्रांस का समर्थन दोहराया। उन्होंने कहा कि फ्रांस यूरोपीय संघ और भारत के बीच महत्वाकांक्षी व्यापार समझौते के समापन का पूर्ण समर्थन करता है। फ्रांसीसी अधिकारी ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पी. के. मिश्रा से भी मुलाकात की।

सुश्री डेस्कोटेस ने विदेश मामलों की संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष डॉ. शशि थरूर से भी शिष्टाचार भेंट की। महासचिव डेस्कोटेस ने एलायंस फ्रांसेइस डे दिल्ली और कैंपस फ्रांस कार्यालयों के दौरे के साथ अपनी यात्रा का समापन किया।

# बेरोज़गारी और वोट चोरी, एक ही सिक्के के दो पहलू: राहुल

एजेंसी

नयी दिल्ली। कंग्रेस सांसद एवं नेता विपक्ष राहुल गांधी ने बिहार की राजधानी पटना में होने वाली वाली पार्टी की कार्यसमिति की बैठक से पहले एक बार फिर वोट चोरी का मुद्दा उठाया और उसे बेरोज़गारी से जोड़ते हुए कहा कि आज़ाद भारत के इतिहास का यह सबसे बड़ा संकट है।

श्री गांधी ने मंगलवार को सोशल मीडिया में संदेश में कहा ''भारत में युवाओं की सबसे बड़ी समस्या बेरोज़गारी है और इसका सीधा रिश्ता वोट चोरी से है। जब सरकार चुनाव जनता का विश्वास जीतकर नहीं बल्कि चोरी करके जीतती है, तो उसे नौकरियां देने, भर्ती प्रक्रियाएं सुधारने या युवाओं के सपनों की रक्षा करने की कोई परवाह नहीं रहती।''

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) पर युवाओं के



भविष्य से खिलवाड़ करने का गंभीर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि बेरोज़गारी उच्चतम स्तर पर है, नौकरियां लगातार घट रही हैं और भर्ती प्रक्रियाएं पेपर लीक व भ्रष्टाचार से ध्वस्त हो चुकी हैं। उन्होंने कहा, ''देश का युवा मेहनत कर रहा है, सपने देख रहा है लेकिन मोदी सिर्फ अपने जनसंपर्क अभियान, सेलिब्रिटीज़ से गुणगान और अरबपतियों के मुनाफ़े में व्यस्त हैं। युवाओं की उम्मीदों को तोड़ना और उन्हें हताश करना ही इस सरकार की असली पहचान बन चुकी है।''

श्री गांधी ने कहा कि अब हालात बदल रहे हैं। भारत का युवा समझ चुका है कि असली लड़ाई सिर्फ नौकरियों की नहीं, बल्कि वोट चोरी के खिलाफ है। जब तक चुनाव चोरी होते रहेंगे, तब तक बेरोज़गारी और भ्रष्टाचार भी बढ़ते रहेंगे।'' उन्होंने आगे कहा, ''अब युवा न नौकरी की लूट सहेंगे, न वोट की चोरी। भारत को बेरोज़गारी और वोट चोरी से मुक्त करना ही अब सबसे बड़ी देशभक्ति है।

प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर पर हुए आयोजनों पर तंज कसते हुए कंग्रेस नेता ने कहा ''मोदी जी युवाओं को नौकरी देने में पूरी तरह नाकाम रहे हैं, लेकिन अपने जन्मदिन का भव्य उत्सव मनाने और अपनी छवि चमकाने में हमेशा व्यस्त रहते हैं। जब देश का युवा निराशा और हताशा में है, तब प्रधानमंत्री का जश्न मनाना उनकी असंवेदनशीलता का सबसे बड़ा सबूत है।

## इंडिया मोबाइल कांग्रेस में 6जी पर होगा सिम्पोजियम का आयोजन

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका स्थित यशोभूमि में अगले महीने आयोजित होने वाली इंडिया मोबाइल कांग्रेस में 6जी पर एक विशेष सिम्पोजियम का आयोजन किया जायेगा। इंडिया मोबाइल कांग्रेस का आयोजन 08 से 11 अक्टूबर तक होगा। इस दौरान 09 और 10 अक्टूबर तक दूसरे अंतर्राष्ट्रीय भारत 6जी अलायंस का आयोजन किया जायेगा। इसमें इस बात पर विचार किया जायेगा कि 6जी प्रौद्योगिकी किस प्रकार देश में डिजिटल स्वायत्तता, आर्थिक विकास और प्रौद्योगिकी नवाचार को बढ़ावा देगी। इसका उद्घाटन केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया करेंगे। सिम्पोजियम में भारत और दूसरे देशों के 70 से अधिक प्रतिष्ठित वक्ता अपने विचार रखेंगे। इनमें ब्रिटेन, यूरोप, अमेरिका, जापान, जर्मनी, स्कॉटलैंड, फिनलैंड और स्वीडन के वक्ता शामिल होंगे। देश के विभिन्न आईआईटी और दूसरे देशों के संस्थानों के विशेषज्ञ भी चर्चा करेंगे। भारत 6जी अलायंस के अध्यक्ष प्रो. डेविड कोइलपिल्लई ने कहा कि संस्था का फोकस वैश्विक टेक कंपनियों से लेकर भारतीय दूरसंचार क्षेत्र की अग्रणी कंपनियों तक विभिन्न हितधारकों के बीच भागीदारी के लिए जमीन तैयार करने पर होगा। इस साल का सिम्पोजियम अत्याधुनिक अनुसंधान के जरिये 6जी की दौड़ का नेतृत्व करने की भारत की आकांक्षा को रेखांकित करता है।

## विकसित भारत की नवाचार यात्रा के लिए वैश्विक और नई सोच की आवश्यकता: जितेंद्र सिंह

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा है कि विकसित भारत की नवाचार यात्रा के लिए वैश्विक और नई सोच की आवश्यकता है। केंद्रीय मंत्री ने नीति आयोग की रिपोर्ट ''प्रगति के मार्ग : भारत की नवाचार गाथा का विश्लेषण और अंतर्दृष्टि'' जारी करने के अवसर पर कहा कि इस रिपोर्ट का विमोचन भारत की नवाचार क्षमता को विकसित भारत अ 2047 के विजन के साथ जोड़ने में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस मौके पर केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान भी साथ थे। डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि सरकारी और निजी क्षेत्र, दोनों को अपनी बाधाओं को दूर करके अच्छे तालमेल के साथ काम करना होगा। उन्होंने कहा कि निवेश में समान भागीदारी और उद्योगों के साथ शीघ्र जुड़ाव स्टार्ट-अप्स को सफल उद्यमों में बदलने की कुंजी है। उन्होंने कहा कि वैश्विक नवाचार सूचकांक में भारत का लगातार प्रगति करना सोची-समझी नीतिगत पसंद, उद्यमिता में निवेश और देश के युवा नवप्रवर्तकों की भावना का परिणाम है। उन्होंने कहा कि 2015 में 81वें स्थान से 2025 में 39वें स्थान पर आना कोई आकस्मिक घटना नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट-अप इकोसिस्टम है, जिसमें 1 लाख से अधिक सरकारी मान्यता प्राप्त स्टार्टअप और 100 से अधिक यूनिकॉर्न हैं।

## श्रीलंका की प्रधानमंत्री से मिले एडमिरल त्रिपाठी , समुद्री सहयोग बढ़ाने पर की चर्चा

नयी दिल्ली। श्रीलंका यात्रा पर गये नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने मंगलवार को कोलंबो में श्रीलंका की प्रधानमंत्री डॉ. हरिनी अमरसूर्या से मुलाकात की और द्विपक्षीय रक्षा संबंधों विशेष रूप से समुद्री सहयोग बढ़ाने पर व्यापक चर्चा की। नौसेना के अनुसार दोनों की बातचीत में एडमिरल कप, अंतर्राष्ट्रीय बेड़ा समीक्षा और मिलन जैसे बहुपक्षीय नौसैनिक अभ्यास पर चर्चा हुई। इससे पहले नौसेना प्रमुख ने कई उच्च पदस्थ गणमान्य व्यक्तियों से भी बातचीत की जिनमें रक्षा उप मंत्री मेजर जनरल केपी अरुणा जयशेखर, रक्षा सचिव एयर वाइस मार्शल संपत थुयाकोंथा (सेवानिवृत्त), श्रीलंका नौसेना के कमांडर वाइस एडमिरल कंचना बनगोडा, श्रीलंका वायु सेना के कमांडर एयर मार्शल वीबी एदिरिसिंघे और श्रीलंका सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल लासांथा रोड्रिगो शामिल थे। इस दौरान उन्होंने दोनों देशों के रक्षा सहयोग और सेनाओं के बीच अंतर-संचालन क्षमता बढ़ाने के साझा संकल्प को रेखांकित किया। इनमें नौसैनिक सहयोग को मजबूत बनाना, समुद्री सुरक्षा को मज़बूत करना और संयुक्त प्रशिक्षण एवं संचालन तालमेल की संभावनाओं का पता लगाना शामिल था।

# सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को दी रियल एस्टेट डेवलपर्स के खिलाफ छह मामले दर्ज करने की अनुमति

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को मुंबई, बेंगलुरु, कोलकाता, मोहाली और प्रयागराज में रियल एस्टेट परियोजनाओं में बैंकों और डेवलपर्स के बीच कथित अपवित्र सांठगांठ के संबंध में मकान खरीदारों से धोखाधड़ी के लिए छह और नियमित मामले दर्ज करने की मंगलवार को अनुमति दे दी।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ सीबीआई की दलीलें सुनने के बाद यह अनुमति दी। केंद्रीय एजेंसी सीबीआई की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने पीठ के समक्ष उल्लेख किया कि एजेंसी ने सुपरटेक लिमिटेड को छोड़कर, दिल्ली-एनसीआर से बाहर मुंबई, बेंगलुरु, कोलकाता, मोहाली और प्रयागराज में स्थित विभिन्न बिल्डरों की परियोजनाओं में प्रारंभिक जाँच पूरी कर ली है। सीबीआई ने तर्क दिया कि प्रारंभिक जाँच के बाद यह पता चला है कि एक संज्ञेय अपराध बनता है। उन्होंने दलील दी कि मामले की त्वरित जाँच के लिए एजेंसी छह मामले दर्ज तलाशी और ज़ब्ती भी करना चाहती है। पीठ ने उनकी ये दलीलें सुनने के बाद सीबीआई को कानून के अनुसार आगे की कार्रवाई करने और नियमित मामले दर्ज करने की अनुमति दे दी। पीठ ने भाटी से सीलबंद लिफाफ़े में रिपोर्ट के कुछ अंश न्यायमित्र राजीव जैन के साथ साझा करने को कहा। शीर्ष अदालत ने 22 जुलाई को सीबीआई को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में मकान खरीदारों से ठगी के लिए बैंकों और डेवलपर्स के बीच ''अपवित्र सांठगांठ'' के संबंध में 22 मामले दर्ज करने की अनुमति दी थी। एनसीआर के बिल्डर और उत्तर प्रदेश व हरियाणा के विकास प्राधिकरण अब शीर्ष अदालत की जाँच के दायरे में हैं। शीर्ष अदालत ने इस मामले को उठाने और 58 परियोजना स्थलों का दौरा करके 1,000 से ज़्यादा लोगों से पूछताछ करने के सीबीआई के प्रयासों की सराहना की। इसने केंद्रीय एजेंसी से जाँच शीघ्र पूरी करने और मामले को उसके तार्किक निष्कर्ष तक पहुँचाने को कहा। अदालत ने सीबीआई को विभिन्न बिल्डरों और बैंकों के खिलाफ की गई छह प्रारंभिक जाँचों को आगे की जाँच के लिए संज्ञेय अपराधों के तहत दर्ज की गई प्राथमिकी के समकक्ष 22 नियमित मामलों में बदलने की अनुमति दी। पीठ ने कहा कि सीबीआई द्वारा दर्ज की गई सातवीं प्रारंभिक जाँच की परख करने का काम अभी भी जारी है। अदालत ने कहा कि इस प्रारंभिक जांच में शामिल परियोजनाएँ मुंबई, बैंगलोर, कोलकाता, मोहाली और इलाहाबाद में हैं।

# मोदी, शाह, नड्डा ने एक्स और फ़ेसबुक पर लगाया 'जीएसटी बचत उत्सव' का फोटो

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश भर में 'जीएसटी बचत उत्सव' के उल्लास के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई मंत्री, सांसद और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पदाधिकारी एक्स और फ़ेसबुक प्लेटफॉर्म के कवर फोटो के माध्यम से 'जीएसटी बचत उत्सव' का संदेश दे रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने एक्स प्रोफाइल पर जीएसटी उत्सव का कवर फोटो लगाया है जिसमें उनकी प्रोफाइल और कवर फोटो एक जैसी है। इससे पहले 21 सितंबर को प्रधानमंत्री मोदी ने अपने विशेष संबोधन में जीएसटी के इस ऐतिहासिक छूट का लाभ जनता से उठाने की अपील की थी। इसके अलावा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता, कार्यकर्ता और पदाधिकारी अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स और फ़ेसबुक के कवर फोटो पर जीएसटी बचत उत्सव का फोटो लगाकर इस संदेश को जन जन तक पहुंचाने और सरकार की लोक कल्याण की भावना को प्रदर्शित कर रहे हैं। भाजपा अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने भी एक्स और फ़ेसबुक प्रोफाइल पर जीएसटी बचत उत्सव का कवर फोटो लगाया है। इससे एक दिन पहले सोमवार को भाजपा अध्यक्ष ने राजधानी के अमर कालोनी मार्केट के व्यापारियों, दुकानदारों और स्थानीय लोगों से जीएसटी बचत उत्सव के संदर्भ उनसे बात की और इसका लाभ आम जनता तक पहुंचाने की अपील की थी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी एक्स और फ़ेसबुक के कवर पर जीएसटी बचत उत्सव की फोटो लगाई है। इस कवर पर दीप, रुपये का चिह्न और झालर-सजावट के साथ लिखा है जीएसटी बचत उत्सव।

# नवाचार के माध्यम से भारत बनेगा समृद्ध : प्रधान

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को कहा कि स्कूली विद्यार्थियों में नवाचार की अदभुत क्षमता है और यह नवाचार की क्षमता भारत को एक विकसित और समृद्ध राष्ट्र बनायेगा।

श्री प्रधान ने आज यहां 'विकसित भारत बिल्डथॉन 2025' का शुभारंभ करते हुए कहा कि नवाचार करने की स्कूली छात्रों में अद्‌भुत क्षमता है और इसके माध्यम से आत्मनिर्भरता के साथ समृद्ध भारत बनाने में सहायता मिलेगी। भारत आज नवाचार में तेजी से आगे बढ़ रहा है। ग्यारह साल पहले गिनती में स्टार्ट आप थे अब लाखों में स्टार्ट अप हैं और बड़ी संख्या में यूनीकार्न बने हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नवाचार को मिशन बनाया है जिसका परिणाम हर क्षेत्र में देखने को मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने बच्चों में नवाचार और आलोचनात्मक सोच को बढावा देने के उद्देश्य से अटल टिंकरिंग लैब की शुरूआत की। इसके तहत बड़ी संख्या में सरकारी स्कूलों में लैब की स्थापना की गयी है जो नवाचार को बढावा दे रहे हैं। नवाचार स्कूली बच्चों में आकर्षण का केंद्र बने हैं। प्रधानमंत्री ने पंद्रह अगस्त के अपने संबोधन में कहा था कि वह नौजवान के साथ है नौजवान के साथ ही विकसित भारत बनेगा।

उन्होंने कहा , ''देश निर्माण के लिए आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी अपनाना होगा। कोरोना के समय हमारे वैक्सीन ने स्वदेशी की ताकत दिखाई।

# जीएसटी सुधार के साथ जनता को त्यौहार में मिला उपहार: भाजपा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भाजपा ने मंगलवार को कहा कि नवरात्र के पहले दिन देश में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार लागू होने से जनता में त्यौहार का आनंद कई गुना बढ़ गया है।

पार्टी मुख्यालय में भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने आज पत्रकारों से कहा कि जीएसटी सुधार लागू होने से देशभर में शानदार प्रतिक्रियाएं आ रही हैं और देश में हर कोई छूट का लाभ उठा रहा है। औद्योगिक कंपनियों के साथ आम जनता ने जीएसटी सुधार पर बेहद सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। श्री पात्रा ने कहा कि नवरात्र के पहले दिन जीएसटी सुधार लागू होने पर देशभर में केंद्र और राज्य सरकार के भाजपा मंत्रियों ने जनता और दुकानदारों के बीच पहुंच कर उनसे बात की। उन्होंने बताया कि दुकानदारों ने कहा कि नवरात्र में यह अबतक की सबसे शानदार ओपनिंग हैं।

जीएसटी की दरों की कटौती का फायदा उठाने के लिए ग्राहक भी मॉल दुकान और शोरूम में पहुंच रहे हैं। भाजपा प्रवक्ता ने जीएसटी सुधार को लेकर मीडिया को भी धन्यवाद देते हुए कहा कि आप लोगों ने इस विषय को जनता तक सटीक तरीके से पहुंचाया है। श्री पात्रा ने कहा, ''सोमवार को भाजपा के सांसद और मंत्री जीएसटी सुधार की वस्तुस्थिति जानने के लिए सड़कों पर उतरे, उन लोगों ने दुकानदारों और ग्राहकों से बातचीत की, जिसका बड़ा और सकारात्मक फीडबैक आप सभी से शेयर करना चाहता हूं।'' उन्होंने कहा कि मारुति सुजुकी ने पिछले 35 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ा है। मारूति ने जीएसटी कटौती लागू होने के पहले ही दिन 25 हजार कारों की डिलीवर की हैं। वहीं हुंडई के शोरूम में भी पांच वर्षों का रिकॉर्ड टूटा है। उन्होंने बताया कि हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड की तरफ से आई जानकारी के अनुसार पहले ही दिन उन्होंने भी रिकॉर्ड बनाया है। हुंडई के निदेशक का बयान भी आज (मंगलवार) समाचारपत्रों में छपा है कि नवरात्रि का शुभारंभ, नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी रिफॉर्म्स की वजह से बहुत ही शानदार रहा है।

# पेज एक का शेष

## स्वदेशी से ही साकार...

क्षेत्रफल था, जबकि रूसी संघ के पास 1 अरब 70 करोड़ हेक्टेयर लैंड है। इन देशों में केवल 20 फीसदी भूमि पर कृषि हो सकती है, लेकिन भारत अकेले 60 फीसदी भूभाग पर कृषि करता है। भारत के पास सबसे उर्वरा भूमि और सबसे अच्छा जल संसाधन है। भारत कपड़े का सबसे बड़ा उत्पादक था। भारत दुनिया में कपड़ा बेचता था। मुख्यमंत्री ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट कोई भी हो, देश का 60 फीसदी प्रोडक्शन यूपी कर रहा है। 60 फीसदी मोबाइल यूपी में बन रहा है। फोन, टैबलेट, लैपटॉप का डिस्प्ले बोर्ड यूपी में बन रहा है। अब चीन, ताइवान व अमेरिका से नहीं आ रही, बल्कि पांच साल से सफलतापूर्वक प्रोडक्शन कर इसे देश-दुनिया को उपलब्ध करा रहे हैं। यूपी दो लाख करोड़ का मोबाइल बाहर भेजता है। इस अवसर पर राजस्थान के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व सांसद सीपी जोशी, यूपी प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल, अभियान के संयोजक ब्रज बहादुर आदि मौजूद रहे।

## मेक इन इंडिया के...

आवश्यकताओं के लिए निर्माण करना नहीं बल्कि ऐसी क्षमताएँ विकसित करना है जो भारत को दुनिया के लिए उन्नत तकनीक और उच्च-गुणवत्ता वाले उत्पादों का एक विश्वसनीय स्रोत बनाएंगी। उन्होंने कहा , '' भारत के लिए, आत्मनिर्भरता का अर्थ अलगाव नहीं है, बल्कि हमारा लक्ष्य आत्मनिर्भरता के अंतर्गत रणनीतिक स्वायत्तता विकसित करना है। हम ऐसी क्षमताएँ विकसित करना चाहते हैं जो हमें वैश्विक साझेदारों के संपर्क में रहते हुए स्वतंत्र रूप से अपने देश की रक्षा करने में सक्षम बनाएं। 'मेक इन इंडिया' के साथ-साथ, हम 'मेक विद फ्रेंड्स' और 'मेक फॉर द वर्ल्ड' को भी आगे बढ़ा रहे हैं। मोरक्को में यह सुविधा इसी दृष्टिकोण का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। रक्षा मंत्री ने कहा कि इस परियोजना से रक्षा संबंधी महत्वपूर्ण रोज़गार सृजित होने और मोरक्को में इंजीनियरों, तकनीशियनों और आपूर्तिकर्ताओं का एक मज़बूत स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र निर्मित होने की उम्मीद है। लगभग एक-तिहाई पुर्जे और उप-प्रणालियाँ शुरू से ही स्थानीय स्तर पर प्राप्त और असेंबल की जाएँगी, और आने वाले वर्षों में स्थानीय मूल्यवर्धन का हिस्सा बढ़कर 50 प्रतिशत हो जाएगा। समर्पित साझेदार महत्वपूर्ण उप-प्रणालियाँ और प्रौद्योगिकियाँ प्रदान करने के लिए भी कार्यरत हैं। इस एकीकरण से मोरक्को का रक्षा औद्योगिक आधार मजबूत होगा, उसकी आत्मनिर्भरता में वृद्धि और रॉयल मोरक्को सशस्त्र बलों के लिए दीर्घकालिक क्षमताओं का निर्माण होने की उम्मीद है। श्री सिंह ने कहा, '' यह केवल एक नए संयंत्र का उद्घाटन नहीं है, बल्कि भारत और मोरक्को के बीच दीर्घकालिक मित्रता में एक नए अध्याय की शुरुआत है। इस सुविधा की स्थापना हमारे दोनों देशों के बीच बढ़ते रणनीतिक समन्वय का प्रतीक है और भारत के रक्षा उद्योग की ताकत को प्रदर्शित करती है। रक्षा मंत्री ने ज़ोर देकर कहा कि अफ्रीका और यूरोप के प्रवेश द्वार के रूप में मोरक्को की रणनीतिक स्थिति इस केन्द्र को निर्यात और सहयोग का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनाती है, जिससे दोनों देशों के बीच रक्षा संबंध और मज़बूत होंगे। उन्होंने कहा कि यह सुविधा न केवल क्षेत्रीय सुरक्षा और समृद्धि में योगदान देगी, बल्कि भारत और मोरक्को की युवा प्रतिभाओं को एक सुरक्षित और नवोन्मेषी भविष्य के निर्माण में मिलकर काम करने के लिए प्रेरित भी करेगी। यह केन्द्र सहयोग के एक ऐसे मॉडल का प्रतिनिधित्व करता है जो संप्रभुता का सम्मान करता है, स्थानीय क्षमता को मज़बूत करता है और वैश्विक शांति एवं स्थिरता में योगदान देता है। श्री सिंह ने कहा कि इस केन्द्र को मोरक्को की रक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने के अलावा भविष्य में यहां से निर्यात के लिए भी डिज़ाइन किया गया है, जो महाद्वीपों और बाज़ारों के बीच एक सेतु का काम करेगा। इस अवसर पर मोरक्को के उद्योग एवं व्यापार मंत्री रियाद मेजौर के साथ-साथ मोरक्को सरकार, मोरक्को की सशस्त्र सेना, भारत सरकार, भारतीय सशस्त्र सेना और टीएएसएल के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

## रक्षा औद्योगिक...

का उत्पादन शुरू किया है। वेरीविन डिफेंस प्राइवेट लिमिटेड ने ?65 करोड़ के निवेश से छोटे हथियारों का निर्माण शुरू किया है, जबकि नित्या क्रिएशंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने 12 करोड़ के निवेश से आर्म्स कंपोनेंट्स का उत्पादन शुरू किया है। एरोलॉय टेक्नोलॉजीज ने 320 करोड़ के निवेश से टाइटेनियम कास्टिंग का संचालन शुरू किया है। डीआरडीओ की ब्रह्मोस एयरोस्पेस ने 300 करोड़ की लागत से ब्रह्मोस एनजी मिसाइल सिस्टम के उत्पादन और असेम्बली की शुरुआत की है। संकल्प सेफ्टी सॉल्यूशंस ने 14 करोड़ के निवेश से सुरक्षा उपकरण और रक्षा कपड़ों का निर्माण शुरू किया है। कानपुर की औद्योगिक गति को और मजबूती देते हुए, ए. आर. पॉलिमर्स प्राइवेट लिमिटेड ने 48 करोड़ के निवेश से बैलिस्टिक मटेरियल्स और सुरक्षा गियर का उत्पादन शुरू किया है। इसके अतिरिक्त, आधुनिक मटेरियल्स एंड साइंसेज प्राइवेट लिमिटेड ने 38.58 करोड़ के निवेश से डिफेंस टेक्सटाइल्स का निर्माण शुरू किया है।

## मोहनलाल को...

साहेब फाल्के अवॉर्ड- मोहनलाल, सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म- कटहल- ए जैकफ्रुट मिस्ट्री, सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म- 12वीं फ़ेल, सर्वश्रेष्ठ अभिनेता - शाहरुख खान (जवान) और विक्रांत मैसी (12वीं फ़ेल), सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री - रानी मुखर्जी (मिसेज चैटर्जी वर्सेज नॉर्वे), सर्वश्रेष्ठ निर्देशन - द केरल स्टोरी (सुदीप्तो सेन), सर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय फिल्म- रॉकी और रानी की प्रेम कहानी, सर्वश्रेष्ठ तेलुगु फिल्म- भगवंत केसरी, सर्वश्रेष्ठ गुजराती फिल्म- वश, सर्वश्रेष्ठ तमिल फिल्म- पार्किंग, सर्वश्रेष्ठ कन्नड़ फिल्म- द रे ऑफ होप, सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायिका - शिल्पा राव (छलिया, जवान), सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायक - प्रेमिस्थुन्ना (बेबी, तेलुगु), सर्वश्रेष्ठ छायांकन - द केरल स्टोरी, सर्वश्रेष्ठ नृत्य - रॉकी और रानी की प्रेम कहानी (ढिंढोरा बाजे रे), सर्वश्रेष्ठ मेकअप एवं वस्त्र सज्जा - सैम बहादुर, स्पेशल मेंशन- एनिमल (री-रिकॉर्डिंग मिक्सर)- एम आर राधाकृष्णन, सर्वश्रेष्ठ साउंड डिजाइन - एनिमल (हिंदी), सर्वश्रेष्ठ फिल्म क्रिटीक- उत्पल दत्ता (असम), सर्वश्रेष्ठ एक्शन डायरेक्शन- हनु-मैन (तेलुगु), सर्वश्रेष्ठ गीत - बालागम - तेलुगु, नॉन फीचर फिल्म, सर्वश्रेष्ठ फिल्म क्रिटीक- उत्पल दत्ता, सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री- गॉड वल्चर एंड ह्यूमन, सर्वश्रेष्ठ पटकथा- सनफ्लावर वर द फर्स्ट वन टू नो (कन्नड़)।

## सिनेमा का लोकप्रिय...

पर अभिनेत्री रानी मुखर्जी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री और अभिनेता शाहरूख खान तथा विक्रांत मैसी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार प्रदान किया गया। राष्ट्रपति ने भारतीय सिनेमा के मौजूदा परिदृश्य का उल्लेख करते हुए कहा कि लोकप्रिय फिल्में बनाना अच्छी बात है लेकिन इसके साथ साथ सिनेमा लोकहित में भी हो तो और भी अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि महिलाएं किसी न किसी स्तर पर भेदभाव झेलती हैं और महिलाओं पर केन्द्रीत फिल्में बनाने के लिए वह फिल्मकारों को साधुवाद देती हैं। हर क्षेत्र में मिलाओं की सफलता का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि अवसर मिलने पर महिलाएं बड़ी उपलब्धि हांसिल करने में सक्षम है। फिल्म बनाने में अनेकों कलाकारों कारीगरों की भूमिका होती है और वह सभी को शुभकामनाएं और बधाई देती हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि फिल्म पुरस्कारों से सम्मानित होने वालों में युवा और अनुभवी कलाकार तथा छह बच्चे भी शामिल हैं और वह बधाई और शुभकामनाएं देती हैं।

## उप्र लोकायुक्त...

कर दी थी। जिस पर अमिताभ ठाकुर ने हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर कर लोकायुक्त और एक उप लोकायुक्त को समय अवधि पूर्ण होने के कारण पद से हटाए जाने की प्रार्थना की है।

## आयुष्मान भारत योजना...

सार्वभौमिक स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए शुरू की गयी थी। पिछले वर्ष इस योजना के व्यापक विस्तार को मंज़ूरी दी गयी थी। इस के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को, उनकी आय चाहे जो भी हो, स्वास्थ्य बीमा सुविधा दी जा रही है। इससे करीब साढे चार करोड़ परिवारों को लाभ हो रहा है जिनमें 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिक शामिल हैं। उन्हें प्रति परिवार पांच लाख रुपये तक का निःशुल्क स्वास्थ्य बीमा सुविधा दी जा रही है। मोदी सरकार इस जन आरोग्य योजना को और सुगम तथा सरल बनाने की कोशिश में जुटी है, ताकि अधिक-से-अधिक गरीब परिवार इसका लाभ उठा सकें।

# विधानसभा चुनाव से पहले नीतीश ने युवाओं के लिए खोला खजाना

## ■ 60 प्रतिशत आबादी को साधने की कोशिश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार विधानसभा चुनाव-2025 से ठीक पहले नौकरी-रोजगार से जुड़े करीब दर्जन भर फैसले लिए और उसे कैबिनट से मंजूर करवाया। बिहार में रहने वाली 60 प्रतिशत से अधिक युवा आबादी को साधने के लिए हर पार्टियां लगी हुई हैं। नीतीश कुमार ने भी सरकार का खजाना इनके लिए खोल दिया है। नीतीश कुमार ने बीते दो माह में दर्जन भर से अधिक योजनाओं की घोषणा की है, जो सीधे रोजगार से जुड़ा है। जिसके जरिये युवा आबादी को साधने की कोशिश की गई। गत दो माह में नीतीश सरकार ने 5 साल में एक करोड़ नौकरी-रोजगार का वादा किया जिसे कैबिनेट में हाई लेवल कमेटी बनाने की स्वीकृति दी गई। स्नातक पास करने वालों को नौकरी खोजने के लिए 2 साल तक 1000 रुपये स्वयं सहायता भत्ता, स्वरोजगार के लिए राज्य के सभी परिवार की एक महिला को 210000 तक की आर्थिक सहायता, सभी सरकारी नौकरियों की प्रारंभिक परीक्षा का शुल्क घटकर 100 रुपये और मुख्य परीक्षा निःशुल्क करने का फैसला, टीआरई-4 शिक्षक भर्ती परीक्षा में डोमिसाइल नीति लागू, युवाओं के कौशल विकास के लिए कर्पूरी ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना, बिहार लघु उद्यमी योजना के माध्यम से गरीब परिवारों के स्वरोजगार के लिए 2 लाख तक की सहायता शामिल है। इसके लिए सभी सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण में डोमिसाइल लागू, राज्य में औद्योगिक विकास प्रोत्साहन पैकेज 2025 के तहत उद्योगों को मुफ्त जमीन और प्रोत्साहन राशि, मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना के तहत युवाओं को इंटर्नशिप के लिए 4000 से 6000 प्रतिमाह राशि, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत ब्याज मुक्त राशि, बंद उद्योगों को फिर से चालू करने के लिए बिहार एमनेस्टी पॉलिसी 2025 के तहत रियायत और सहायता, विभिन्न पदों पर नियुक्ति के लिए चयन आयोग के माध्यम से नियमित परीक्षा, बिहार प्लेटफार्म आधारित गिग कामगार अधिनियम 2025 की शुरुआत और निजी और सार्वजनिक क्षेत्र की नौकरियों में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देने और उनके विकास के लिए बिहार युवा आयोग का गठन शामिल है।

# जीएसटी सुधारों के पहले ही दिन गाड़ियों की कीमतों में कमी के कारण बिक्री ने तोड़े सारे रिकॉर्ड: संबित पात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपपा) ने कहा कि जीएसटी सुधारों के पहले ही दिन दवाओं और गाड़ियों की कीमतों में जबरदस्त गिरावट से बिक्री ने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। जीएसटी सुधारों से आम जनता को दवाइयों से लेकर गाड़ियों तक में बड़ी राहत मिली है। रक्तचाप और मधुमेह की दवाएं खरीदने वाले लोगों को 300 से 500 रुपये तक की बचत हुई। कैंसर जैसे गंभीर रोगों के मरीजों को भी दवाइयों के दामों में कमी से राहत मिली है। भाजपा ने कहा कि दवाइयों और बीमा की दरें लगभग सभी क्षेत्रों में घटी हैं। मंगलवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में सांसद और पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. संबित पात्रा ने कहा कि देश में त्योहार का माहौल नवरात्र और दुर्गापूजा के लिए तो है ही लेकिन अब त्योहार का उत्साह जीएसटी की कटौती से कई गुना बढ़ गया है। जीएसटी सुधारों से हर क्षेत्र में लोगों को राहत मिली है। वाहन क्षेत्र में भी रिकॉर्ड बिक्री दर्ज हुई। मारुति सुज़ुकी ने अपने 35 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ा, जबकि ह्युंडई ने पांच साल का रिकॉर्ड तोड़ा। सुधारों के पहले दिन 80,000 से अधिक पूछताछ दर्ज हुई और 25,000 से अधिक मारुति कारें ग्राहकों को सौंपी गईं। डीलरशिप आधी रात तक खुले रहे ताकि डिलीवरी पूरी हो सके। जल्द ही कारों की डिलीवरी 30,000 तक पहुंचने की उम्मीद है। केवल पहले दिन ही 75,000 बुकिंग दर्ज हुईं। कई वैरिएंट में मारुति के स्टॉक खत्म होने की संभावना भी जताई गई है। महिंद्रा समेत अन्य कंपनियों की कारों के लिए भी ग्राहकों में असाधारण उत्साह देखा गया। भाजपा प्रवक्ता डॉ. संबित पात्रा ने कहा कि कल भाजपा और एनडीए मंत्री जब बाज़ारों में दुकानदारों और ग्राहकों से मिले तो उन्हें जबरदस्त सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। कारों की बिक्री में जो उछाल आया है, वह अभूतपूर्व है।

## संक्षिप्त समाचार

### नाभा जेल में बंद मजीठिया से मिले राधा स्वामी ब्यास के डेरा प्रमुख गुरविंदर ढिल्लों

**चंडीगढ़।** राधा स्वामी सत्संग ब्यास के डेरा प्रमुख गुरविंदर सिंह ढिल्लों ने मंगलवार को आय से अधिक संपत्ति मामले में जेल में बंद शिरोमणि अकाली दल के नेता एवं पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया से मुलाक़ात की। डेरा मुखी अपनी निजी कार से नाभा जेल पहुंचे। करीब 35 मिनट तक यह मुलाकात चली है। आय से अधिक संपत्ति मामले में विजिलेंस ब्यूरो ने विक्रमजीत मजीठिया को जून माह के दौरान गिरफ्तार किया था। विजिलेंस ब्यूरो ने 22 अगस्त को अदालत में 40 हजार पन्नों की चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें 200 से ज्यादा गवाह बनाए गए हैं और 400 से अधिक बैंक खातों की जांच की गई है। जेल में बंद मजीठिया ने जिन दस मुलाकातियों की सूची सौंपी गई थी, उनमें राधा स्वामी सत्संग ब्यास प्रमुख गुरिंद्र ढिल्लों का नाम भी है। डेरा प्रमुख मजीठिया की पत्नी गनीव कौर की रिश्तेदारी में से हैं। इससे मजीठिया की पत्नी गनीव कौर, बहन सांसद हरसिमरत कौर बादल मुलाकात कर चुकी है। उन्होंने जेल में पहुंचकर इस बार मजीठिया को राखी बांधी थी। मंगलवार की सुबह राधा स्वामी डेरा प्रमुख करीब 11 बजे नाभा जेल पहुंचे। यहां वह 35 मिनट तक रूके।

### बाढ़ के मुद्दे पर पंजाब विधानसभा सत्र 26 सितंबर से

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार ने विधानसभा सत्र से पहले बुधवार को मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई है। बाढ़ के मुद्दे पर पंजाब का विधानसभा सत्र 26 सितंबर से शुरू होगा। इससे पहले मुख्यमंत्री भगवंत मान ने 24 सितंबर को कैबिनेट बैठक बुलाई है। इस दौरान बाढ़ से हुए नुकसान की भरपाई के लिए सरकार के नियमों को मंजूरी दी जाएगी। इसके बाद इन प्रस्तावों को विधानसभा में पेश किया जाएगा। कैबिनेट बैठक दोपहर 12 बजे मुख्यमंत्री निवास पर होगी। इसमें सभी मंत्री और विधायक मौजूद रहेंगे। इसके साथ ही विधानसभा सत्र के लिए अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। विधानसभा सत्र 26 सितंबर को सुबह 11 बजे से शुरू होगा। हालांकि, कार्यवाही केवल दो दिन ही चलेगी, क्योंकि 27 और 28 सितंबर शनिवार और रविवार होने के कारण सरकारी अवकाश रहेगा।

### आईपीयू में पैरा-मेडिकल प्रोग्राम के लिए विशेष ऑफलाइन काउंसलिंग कल

**नई दिल्ली।** गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (आईपीयू) के पैरा-मेडिकल प्रोग्राम कोड 124 में दाखिले के लिए सीयूईटी स्कोर के आधार पर विशेष ऑफलाइन काउंसलिंग का आयोजन बुधवार 24 सितंबर को द्वारका कैंपस में किया जाएगा। विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर काउंसलिंग का पूरा शेड्यूल और सीयूईटी स्कोर के आधार पर तैयार मेरिट लिस्ट उपलब्ध है। मेरिट के अनुसार दस्तावेज सत्यापन के बाद सीटों का आवंटन होगा। उम्मीदवारों को काउंसलिंग के दिन 60 हजार रुपये का बैंक ड्राफ्ट- विश्वविद्यालय कुलसचिव के नाम और आवश्यक दस्तावेज साथ लाने होंगे। केवल वे उम्मीदवार जो पहले किसी काउंसलिंग में दाखिला नहीं ले पाए, इस दौर में भाग ले सकते हैं। पहले जमा की गई अकादमिक फीस इस दौर में समायोजित नहीं होगी। साथ ही मैनेजमेंट कोटा से दाखिला ले चुके छात्र इस काउंसलिंग में शामिल नहीं हो सकते। विस्तृत जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की दोनों वेबसाइट पर देख सकते हैं।

### वाणिज्य कर विभाग द्वारा छापेमारी, बिना बिल का लाखों का सामान जब्त

**भागलपुर।** वाणिज्य कर विभाग की टीम ने मंगलवार को भागलपुर रेलवे स्टेशन पर छापेमारी कर लाखों रुपए का रेडीमेड कपड़ा और खिलौने जप्त किए हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य कर संयुक्त आयुक्त सुश्री मिनी को गुप्त सूचना मिली थी कि कोलकाता से बिना पक्की बिल के भारी मात्रा में रेडीमेड कपड़े और खिलौने भागलपुर लाए जा रहे हैं। जानकारी मिलते ही उन्होंने एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया और रेलवे स्टेशन पर कार्रवाई कर दी। कार्रवाई के दौरान टीम ने लाखों रुपए मूल्य का सामान जब्त किया। संयुक्त आयुक्त सुश्री मिनी ने बताई कि अगर संबंधित व्यापारी पक्की रसीद लेकर आते हैं तो उनका सामान उन्हें सौंप दिया जाएगा। लेकिन यदि बिल प्रस्तुत नहीं किया गया तो उनके खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई से न केवल रेलवे स्टेशन पर बल्कि व्यापारियों के बीच भी हड़कंप मच गया है। वाणिज्य कर विभाग ने स्पष्ट किया है कि बिना बिल और टैक्स चोरी करने वालों पर आगे भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### जीविका दीदियों के खाते में 26 सितम्बर को आएंगे 10-10 हजार रूपये

**अररिया।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ओर से विशेष सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत जीविका दीदियों के खाते में 26 सितम्बर को दस-दस हजार रूपये आयेंगे।जीविका दीदियों को अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए दस हजार रुपये की पहली किस्त दी जायेगी। इसको लेकर अररिया जिला में जिला, प्रखंड से लेकर संकुल स्तर तक आयोजित कार्यक्रम में दीदियों के खातों में डीबीटी यानी सीधे उनके खातों में राशि हस्तांतरित की जायेगी। जिला मुख्यालय में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसमें जनप्रतिनिधि के अलावा जिला स्तरीय अधिकारी और स्वयं सहायता समूह से जुड़ी दीदियां भाग लेंगी। वहीं सभी प्रखंड मुख्यालयों में बीडीओ की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसमें भी समूह से जुड़ी महिलाएं भाग लेंगी। जिले के सभी ग्राम संगठनों में कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया जायेगा। जिसमें हर ग्राम संगठन से जुड़ी महिलाएं मौजूद रहेंगी। पहली किस्त की राशि खेती, पशुपालन, हस्तशिल्प, सिलाई-बुनाई और छोटे उद्यमों के लिए दी जा रही है।

### प्रतिबंधित नशीला कफ सिरप के साथ दो गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** बिहार में पूर्वी चम्पारण जिले के रक्सौल में प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। दोनों मोटरसाईकिल से उक्त कफ सिरप को डिलेवरी देने जा रहा था। इसी क्रम में भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र स्थित हरैया थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। हरैया थानाध्यक्ष किशन पासवान ने बताया कि हरैया थानांतर्गत डंकन की तरफ जाने वाली रोड में पीपल पेड़ के पास एक मोटरसाइकिल से 2 व्यक्ति उत्तम गिरी पिता स्वर्ग दीपक गिरी, अमर पटेल पिता कृष्ण प्रसाद पटेल दोनों साकिन तुमरिया टोला को थाना हरैया ने 20बोतल नशीला कफ सिरफ के साथ डिलेवरी करने के दरम्यान गिरफ्तार कर अग्रिम कारवाई किया जा रहा है।

# बिहार विधानसभा की सभी सीटों पर शंकराचार्य लड़ाएंगे निर्दल गौ भक्त प्रत्याशी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नवादा। बद्रिका आश्रम के पीठाधीश्वर जगदुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी ने मंगलवार को नवादा के जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल में कहा है कि बिहार में सनातनी राजनीति के तहत बिहार विधानसभा के सभी सीटों पर गो भक्तों को चुनाव लाडवाएंगे। वे नवादा में निकालीं गौ मतदाता संकल्प यात्रा के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बिहार में सभी विधानसभा क्षेत्रों से गो भक्तों को प्रत्याशी प्रत्याशी बनाएंगे। शंकराचार्य गौ भक्तो का चुनाव प्रचार की भी घोषणा की। सनातनी हिन्दुओं से गौ माता को राष्ट्र माता घोषित कराने के लिए गौ भक्तो के लिए मतदान की अपील करेंगे। नवादा में समाजसेवी डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद साहू के सौजन्य से जीवन ज्योति स्कूल में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज जी ने कहा कि ह्लसनातन धर्म की रक्षा तभी संभव है जब हम गौ माता का संरक्षण करेंगे। गौ रक्षा हमारी आस्था का विषय ही नहीं, बल्कि यह हमारे समाज और संस्कृति की भी आधारशिला है। उन्होंने सभी लोगों से आग्रह किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में केवल उन्हीं प्रत्याशियों को वोट दें, जो गौ रक्षा को लेकर स्पष्ट और दृढ़ संकल्पित हों। शंकराचार्य जी ने बताया कि हम सभी राष्ट्रीय पार्टी के दिल्ली कार्यालय पर गये और पूछा कि गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने के लिए अपना पक्ष लोक सभा सदन में रखिए और अपने पक्ष को हमें बताइए लेकिन अभी किसी भी राजनीतिक दल ने अभी तक अपना पक्ष गौ माता के विषय में नहीं बताया। इसलिए अब मजबूरी में हमें बिहार विधानसभा चुनाव में गौ भक्त प्रत्याशी उतारना पड रहा है शंकराचार्य जी ने यह भी घोषणा की कि वह आगामी विधानसभा चुनावों में सभी विधानसभा क्षेत्रों से अपने उम्मीदवार खड़े करेगी। उन्होंने कहा कि नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद औपचारिक रूप से यह बताया जाएगा कि कौन-कौन उम्मीदवार उनके तरफ से चुनाव लड़ रहे हैं। परिसर में आयोजित यह कार्यक्रम आध्यात्मिक और सांस्कृतिक माहौल से परिपूर्ण रहा। भक्तों ने शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज जी के संदेश को श्रद्धा और उत्साह के साथ आत्मसात किया। उक्त जानकारी शंकराचार्य जी महाराज के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र योगिराज सरकार ने दी है।

# हर्ष मल्होत्रा ने पूर्वी दिल्ली में चलाया सफाई अभियान, लोहा पुल पर की सफाई

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन (17 सितंबर) से शुरू हुए स्वच्छता पखवाड़ा के तहत देशभर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। आज पूर्वी दिल्ली के लोहा पुल क्षेत्र में आयोजित स्वच्छता अभियान में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा ने हिस्सा लिया। मल्होत्रा ने इस अभियान का एक वीडियो एक्स पर साझा किया, जिसमें वह कार्यकर्ताओं के साथ पूरे इलाके में सफाई करते नजर आ रहे हैं। इस दौरान उन्होंने नालियों की सफाई के लिए फावड़ा चलाया, सड़कों के किनारे झाड़ू लगाई और गंदगी को सफाई वाहन में डाला। उनके साथ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता भी इस अभियान में शामिल हुए। मल्होत्रा ने एक्स पोस्ट में लिखा, ''पूर्वी दिल्ली के लोहा पुल पर एक साथ, एक दिन, एक घंटा। स्वच्छोत्सव में आइए जुड़ें, जहां उत्सव की उमंग मिलती है स्वच्छता के संकल्प से।

# स्वच्छता सिर्फ अभियान नहीं, हमारी जीवनशैली का हिस्सा होनी चाहिए: महापौर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने मंगलवार को आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के सहयोग से दिल्ली विश्वविद्यालय के नॉर्थ कैंपस में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत व्यापक स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह, निगम के वरिष्ठ अधिकारियों और स्वच्छता सैनिकों ने मिलकर परिसर को स्वच्छ करने का कार्य किया। इस पहल का उद्देश्य दिल्लीवासियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और स्वच्छ एवं हरित दिल्ली के संकल्प को मजबूत करना है। महापौर राजा इकबाल सिंह ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हमारी जीवनशैली का हिस्सा होनी चाहिए। यह कार्यक्रम दिल्ली को स्वच्छ और सुंदर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने दिल्लीवासियों से इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की। महापौर ने कहा कि इस अभियान ने न केवल स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाई, बल्कि सामुदायिक सहभागिता को भी बढ़ावा दिया। प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से शुरू हुआ यह प्रयास समाज में सेवा और स्वच्छता के प्रति जागरूकता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह अभियान देश को स्वच्छ और सशक्त बनाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

# सांस्कृतिक, धार्मिक आयोजनों को बढ़ावा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध: रेखा गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज कहा कि उनकी सरकार ने सांस्कृतिक आयोजनों जैसे रामलीला और दुर्गा पूजा को रात 12 बजे तक आयोजित करने की अनुमति दी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में रामराज्य आना चाहिए और इसके लिए ''हम सभी को थोड़ा प्रयास करना होगा। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि दिल्ली सरकार सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजनों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, क्योंकि ये आयोजन समाज में एकता और सौहार्द को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा, ''रामलीला और दुर्गा पूजा जैसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न हिस्सा हैं। इनके माध्यम से हम अपनी परंपराओं को जीवित रख सकते हैं और युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ सकते हैं।'' गुप्ता ने बताया कि सरकार ने आयोजकों के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं, ताकि इन आयोजनों के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था बनी रहे। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इन आयोजनों में उत्साहपूर्वक भाग लें, लेकिन नियमों का पालन करें। उन्होंने कहा कि रामराज्य का मतलब है न्याय, समानता और शांति। सरकार इस दिशा में काम कर रही है और जनता का सहयोग इसमें महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली को सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध बनाने के लिए सरकार और जनता को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने सभी दिल्लीवासियों से एकजुट होकर रामराज्य के सपने को साकार करने का आह्वान किया।

# दुकानों पर पहुंचकर मुख्यमंत्री ने कारोबारियों से टैक्स रिफॉर्म पर की बातचीत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को यहां राजपुर में ''जीएसटी बचत उत्सव'' के तहत विभिन्न दुकानों पर पहुंच कर जीएसटी रिफॉर्म पर कारोबारियों से बातचीत की और उनसे फीडबैक लिया। मुख्यमंत्री ने जीएसटी की नई दरों के लागू होने पर प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐतिहासिक निर्णय जनता के हित में है। केंद्र सरकार की ओर से जीएसटी स्लैब में व्यापक सुधार किए गए हैं। नई दरों की वजह से प्रदेश के लाखों परिवारों और छोटे व्यापारियों को प्रत्यक्ष आर्थिक लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने व्यापारियों व दुकानदारों से मिलकर फीडबैक लिया और सभी से घटे कर की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के लिए आग्रह किया। उन्होंने स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने और आत्मनिर्भर भारत अभियान में भागीदारी सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीएसटी जागरूकता के लिए प्रदेश में यह अभियान 29 सितम्बर तक चलाया जायेगा, जिसमें मंत्रियों, विधायकों और अधिकारियों की सहभागिता रहेगी। अधिक से अधिक लोग नए जीएसटी स्लैब के फायदे समझें और इसका लाभ उठा सकें, इसके लिए स्थान-स्थान पर जानकारी साझा की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि त्योहार सीजन से पहले जीएसटी की नई दरें लागू होने से लोगों की बचत बढ़ेगी और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति प्राप्त होगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ विधायक खजान दास, राज्य मंत्री विनय रुहेला, भाजपा के महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल भी मौजूद थे।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063